राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक- 134
लखनऊ, बुधवार 14 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



अनिका सिंह को मिला 'मिस टैलेंटेड' अवार्ड 02
जी राम जी में भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं : रिजिजू 03

# प्रगति नए भारत की कार्य संस्कृति का प्रतीक : योगी

### इंटेंट, टेक्नोलॉजी व अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से आ रहे हैं ठोस परिणाम



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन प्रगति केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा का मंच नहीं बल्कि नए भारत की नई कार्यसंस्कृति का सशक्त उदाहरण है।

विशेष प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि 'प्रगति' प्रशासनिक मॉडल को दर्शाता है, जिसकी नींव आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए रखी और 2014 के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ किया। प्रगति ने यह सिद्ध किया है कि जब इंटेंट, टेक्नोलॉजी, अकाउंटेबिलिटी एक साथ आती हैं, तो आउटकम अपने आप सुनिश्चित हो जाते हैं। डिजिटल गवर्नेंस और कोऑपरेटिव फेडरलिज्म को मजबूती देते हुए प्रगति एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना है, जहां अंतर-मंत्रालयीय और अंतर-विभागीय समन्वय के माध्यम से जटिल समस्याओं का समयबद्ध समाधान संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रगति मॉडल की अवधारणा वर्ष 2003 में गुजरात में स्वागत स्टेट वाइड अटेंशन ऑन ग्रीवांसेज बाई एप्लिकेशन ऑफ टेक्नोलॉजी के रूप में प्रारंभ हुई थी, जिसका उद्देश्य नागरिक शिकायतों के निवारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना था।

यही मॉडल आगे चलकर 'प्रगति' के राष्ट्रीय स्वरूप के रूप में विकसित हुआ, जिसने मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, सामाजिक योजनाओं और सिस्टम रिफॉर्म के क्षेत्र में टीम इंडिया अप्रोच को मजबूती प्रदान की।

प्रगति केवल एक रिव्यू मैकेनिज्म नहीं बल्कि गवर्नेंस रिफॉर्म है। इसने शासन को फाइल-केंद्रित संस्कृति से फील्ड-आधारित परिणामों की दिशा में अग्रसर किया है। इसके माध्यम से निर्णय प्रक्रिया तेज हुई है, समय और लागत की बर्बादी रुकी है तथा केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय के साथ-साथ स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति के प्रभाव का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके माध्यम से 86 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को गति मिली है।

### हम सिर्फ संभावनाओं की बात नहीं करते, परिणाम भी देते हैं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम यूपी में निहित संभावनाओं की सिर्फ बात नहीं करते, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति से संभावना के अनुरूप परिणाम देते हैं। सरकार की इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश माफियामुक्त, दंगामुक्त होकर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी मंगलवार अपराह्न गोरखपुर महोत्सव के औपचारिक समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। रामगढ़ताल के सामने चंपा देवी पार्क में महोत्सव के मुख्य मंच से मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की इच्छाशक्ति से प्रदेश में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सरकार के प्रयासों से नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। अन्नदाता किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उद्यमियों, व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण में कारोबार बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। बहन-बेटियों को मुस्कुराते हुए स्कूल-बाजार जाने का माहौल मिल रहा है। आज किसी ने बहन-बेटियों की राह में बाधा डालने का दुस्साहस किया तो अगले चौराहे पर यमराज उसका टिकट काटने को तैयार मिलेंगे। यह तभी संभव हो रहा है जब सरकार में जनसेवा करने की दृढ़ इच्छाशक्ति है। जीवन में सबसे बड़ी ताकत धैर्य और अनुशासन है। हमने कभी धैर्य नहीं खोया। उपेक्षा हुई तो संघर्ष का रास्ता अपनाया। इंसेफेलाइटिस की समस्या पर तत्कालीन सरकारों द्वारा की जा रही उपेक्षा का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि तब हमने सड़कों पर आंदोलन किया और जब सरकार में आए तो पूरी जिम्मेदारी की भावना के साथ दो वर्षों में इंसेफेलाइटिस का खात्मा कर दिखाया। आज गोरखपुर और उत्तर प्रदेश विकास की नई बुलंदियों पर है।

# अब 10 मिनट में डिलीवरी बंद

### सरकार ने टाइम लिमिट की शर्त हटाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



देशभर के गिग वर्कर्स की हड़ताल सफल हुई। सरकार ने डिलीवरी बॉय की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। सरकार के दखल के बाद ऑनलाइन ऑर्डर्स से 10 मिनट डिलीवरी का नियम हटा लिया है।

श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद ब्लिंकिट ने अपने सभी ब्रांड से 10 मिनट में डिलीवरी का दावा हटा दिया है। इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री ने ब्लिंकिट, जेप्टो, स्विगी और जोमैटो के अधिकारियों से बातचीत की थी। बैठक में डिलीवरी पार्टनर्स की सुरक्षा को प्राथमिकता देने और समय सीमा हटाने की बात कही गई थी। सरकार ने कंपनियों को स्पष्ट संदेश दिया कि तेज डिलीवरी के दबाव में डिलीवरी बॉय की जान जोखिम में नहीं पड़नी चाहिए। इसके बाद सभी कंपनियों ने आश्वासन दिया कि वे अपने ब्रांड विज्ञापनों और सोशल मीडिया पोस्ट से डिलीवरी की समय सीमा हटाएंगी। 10 मिनट की टाइम लिमिट के चलते डिलीवरी बॉय पर तेज डिलीवरी का दबाव बढ़ रहा था। सड़क हादसों और सुरक्षा जोखिमों की आशंका बनी हुई थी। इसे लेकर 31 दिसंबर की रात गिग वर्कर्स ने हड़ताल भी की थी।

डिलीवरी बॉयज ने सरकार से अपील की थी कि उनकी सुरक्षा को लेकर कुछ कदम उठाए जाएं।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 14,2680/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 13,0460/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,07,050/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,75,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### सीमा पार अभी भी आठ शिविरों में करीब 150 आतंकवादी सक्रिय : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि नियंत्रण रेखा के पार अभी भी आठ से 10 आतंकवादी शिविर सक्रिय है जिनमें 100 से 150 आतंकवादी हैं। जनरल द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि जम्मू कश्मीर के भीतरी इलाकों में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय है लेकिन आतंकवादियों की भर्ती पिछले काफी समय से नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि सेना का ऑपरेशन सिंदूर अभी भी खत्म नहीं हुआ है और किसी भी आतंकवादी हरकत का सेना करारा जवाब देगी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उत्तरी सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन सतर्कता बनाए रखना जरूरी है।

### अमेरिका ने करीब एक साल में एक लाख से अधिक वीजा किए रद्द

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगभग एक साल पहले पदभार संभालने के बाद से अब तक एक लाख से अधिक वीजा रद्द किए जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी है। विभाग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि रद्द किए गए वीज़ा में लगभग 8,000 छात्रों के वीज़ा और 2,500 स्पेशल वीज़ा उन लोगों के शामिल हैं जिनका आपराधिक गतिविधि लिप्त होने पर अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सामना हुआ था। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम अमेरिका को सुरक्षित रखने के लिए इन गुंडों को निर्वासित करते रहेंगे।

### आसनसोल में धंसा कोयला खदान, कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका

**आसनसोल।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की एक ओपन-कास्ट खदान में बड़ा हादसा हुआ है। मंगलवार को बोर्डिला इलाके में खदान धंसने से कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। बताया जा रहा है कि हादसे के समय अवैध कोयले का खनन हो रहा था। खदान में बचाव कार्य जारी है। बीसीसीएल के अधिकारी और पुलिस मौके पर मौजूद है। यह हादसा मंगलवार को बोर्डिला इलाके में हुआ। यह इलाका कुल्टी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, खदान धंसने की यह घटना अवैध कोयला निकालने के दौरान हुई। अचानक हुई इस दुर्घटना में पूरा मलबा खदान वाले इलाके में गिर गया। इससे वहां मौजूद लोगों के मलबे के नीचे दब जाने का डर है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि कितने लोग मलबे में दबे हैं।

# भारत ने संभाली ब्रिक्स 2026 की कमान

### विदेश मंत्री ने लॉन्च किया आधिकारिक लोगो व वेबसाइट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**





### सहयोग, समावेशी शासन व नवाचार पर जोर

भारत ने ब्रिक्स की परिवर्ती (बारी-बारी से मिलने वाली) अध्यक्षता ब्राजील से ग्रहण की है। भारत इस दौरान वैश्विक दक्षिणी देशों (विकासशील देशों) के सहयोग, समावेशी शासन और नवाचार पर जोर देगा। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के बाद, भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता को भी व्यापक स्तर पर आयोजित करने की योजना बना रहा है। इसके तहत देश के 60 शहरों में साल भर में 100 से अधिक बैठकें आयोजित की जाएंगी।

भारत ने मंगलवार को 10 देशों के समूह ब्रिक्स की अध्यक्षता औपचारिक रूप से संभालते हुए वर्ष 2026 के लिए आधिकारिक लोगो और वेबसाइट लॉन्च की। इस वर्ष के अंत में भारत 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कमल के आकार वाले लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता और इस लोगो के माध्यम से मानवता प्रथम और जन-केंद्रित दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत का प्रयास ब्रिक्स देशों की क्षमता को वैश्विक कल्याण के लिए एकजुट करना होगा।

डॉ. जयशंकर ने कहा, जब भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालने की तैयारी कर रहा है, तो यह इस समूह की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि 2026 में ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष पूरे कर लेगा। इन वर्षों में यह समूह उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा, बीते सालों में ब्रिक्स ने बदलती वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपने एजेंडे और सदस्यता का विस्तार किया है। साथ ही आम जनता को केंद्र में रखने वाला विकास इस समूह की प्राथमिकता रहा है, जिससे बातचीत और व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा मिला है। डॉ जयशंकर ने कहा कि वर्तमान वैश्विक वातावरण जटिल और परस्पर जुड़ी चुनौतियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक विषमताओं, जलवायु जोखिमों और तकनीकी परिवर्तनों से घिरा है। ऐसे में ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है जो अलग-अलग समय पर अलग-अलग देशों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए संवाद, सहयोग और व्यावहारिक समाधानों को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने लोगो की विशेषता बताते हुए कहा कि इसमें परंपरा और आधुनिकता का समावेश है। इसकी पंखुड़ियों में सभी ब्रिक्स सदस्य देशों के झंडों के रंग शामिल हैं, जो विविधता में एकता और साझा उद्देश्य की भावना को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि यह लोगो इस बात का प्रतीक है कि जहां ब्रिक्स की ताकत उसके सदस्यों के साझे योगदान से आती है, वहीं उनकी निजी पहचान का भी सम्मान किया जाता है।

# संस्कृत के छात्र 10वीं के बाद साढ़े सात साल में बनेंगे आयुर्वेदिक चिकित्सक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



संस्कृत भाषा में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र अब 10वीं कक्षा के बाद साढ़े सात साल के नये पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर आयुर्वेदिक चिकित्सक बन सकेंगे। यह पाठ्यक्रम संस्कृत के प्रतिभाशाली छात्रों को आयुर्वेदिक चिकित्सक बनाने के साथ प्राचीन आयुर्वेद चिकित्सा का संस्थागत रूप से स्थापित करने का प्रयास है।

यह जानकारी मंगलवार को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी और राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एनसीआईएसएम) की अध्यक्ष डॉ. मनीषा कोठेकर ने आयुर्वेद गुरुकुल संबद्धता पोर्टल और आयुर्वेद गुरुकुलों हेतु विस्तृत दिशा-निर्देशों के औपचारिक शुभारम्भ के अवसर पर दी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सारस्वत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पोर्टल एवं दिशा-निर्देशों का विमोचन किया गया। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय इस पाठ्यक्रम के लिये नोडल एजेंसी रूप में कार्य करेगा। जिसमें इस पोर्टल के माध्यम से देशभर की संस्थायें आयुर्वेद गुरुकुलम् के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस पोर्टल में पंजीकरण, निरीक्षण एवं संबद्धता की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और पूरी तरह से डिजिटल है, जिससे गुरुकुल आधारित आयुर्वेद शिक्षा को एक सशक्त राष्ट्रीय नियामक ढांचा प्राप्त होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा कोठेकर ने कहा कि यह पहल आयुर्वेद में शास्त्रीय प्रामाणिकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं पारदर्शिता को नई दिशा देगी।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का संस्कृत से गहरा संबंध है और संस्कृत के बिना आयुर्वेद दर्शन, शरीर-विज्ञान और चिकित्सा सिद्धांतों को समग्र रूप से समझना संभव नही है। यह पाठ्यक्रम भारतीयता, आधुनिक तकनीक, कौशल विकास और तत्त्वज्ञान के समन्वय से विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा प्रदान करेगा।

# भू-राजनीतिक तनाव से सोने चांदी की ऐतिहासिक उछाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भू-राजनीतिक तनाव के मद्देनजर निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने से मंगलवार को वायदा बाजारों में सोने और चांदी के भाव नए उच्च स्तर पर पहुंच गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंधों का भाव 3,232 रुपये या 1.2 प्रतिशत चढ़कर 2,72,202 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

चांदी के भाव में पिछले दो सत्र में 19,477 रुपये या 7.7 प्रतिशत की तेजी आई है। शुक्रवार को इसकी कीमत 2,52,725 रुपये प्रति किलोग्राम थी। एमसीएक्स पर फरवरी में आपूर्ति के लिए सोने के वायदा भाव में 196 रुपये या 0.14 प्रतिशत की तेजी आई और यह रिकॉर्ड 1,41,836 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स पर फरवरी में आपूर्ति वाले सोने की कीमत 15.26 अमेरिकी डॉलर या 0.33 प्रतिशत घटकर 4,599.44 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई। वहीं मार्च में आपूर्ति वाले अनुबंधों के लिए चांदी की कीमत मामूली बढ़त के साथ 85.20 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस रही।

# कुत्तों के काटने पर देना होगा भारी मुआवजा : सुप्रीम कोर्ट

### डॉग लवर्स की जिम्मेदारी होगी तय

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



सुप्रीम कोर्ट ने पिछले पांच वर्षों में आवारा कुत्तों से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाए जाने पर चिंता व्यक्त की और मंगलवार को कहा कि वह कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए राज्यों को ''भारी मुआवजा'' देने का आदेश देगा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए कुत्ता प्रेमियों और उन्हें खाना खिलाने वालों को भी जिम्मेदार और जवाबदेह ठहराया जाएगा। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा, ''कुत्तों के काटने से बच्चों या बुजुर्गों की मृत्यु या चोट के हर मामले के लिए हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा देने की मांग करेंगे क्योंकि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में नियमों के कार्यान्वयन के संबंध में कुछ नहीं किया है। साथ ही, इन आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है तो आप उन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते? ये कुत्ते इधर-उधर क्यों घूमते हैं, लोगों को काटते हैं और डराते हैं?'' न्यायमूर्ति मेहता ने न्यायमूर्ति नाथ के विचारों से सहमति जताते हुए कहा, ''जब कुत्ते नौ साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? वह संगठन जो उन्हें खाना खिला रहा है? आप चाहते हैं कि हम इस समस्या से आंखें मूंद लें।''

# अब्बास अंसारी को सशर्त जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के गिरोहबंद अधिनियम के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी को अंतरिम जमानत देने के अपने पूर्व आदेश की पुष्टि की। अंसारी दिवंगत गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के बेटे हैं।

चित्रकूट जिले के कोतवाली कर्वी थाने में 31 अगस्त, 2024 को उत्तर प्रदेश गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत अंसारी और अन्य के खिलाफ जबरन वसूली और मारपीट के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पिछले साल सात मार्च को शीर्ष अदालत ने अंसारी को इस मामले में छह सप्ताह की अंतरिम जमानत दी थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जे. बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने मंगलवार को अंसारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता निजाम पाशा की दलीलों पर गौर किया तथा मामले में पहले दी गई अंतरिम जमानत को नियमित कर दिया।

**आस्था**

### मकर संक्रांति स्नान पर्व के लिए तैयारी पूरी

# एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित माघ मेले का दूसरा स्नान पर्व मकर संक्राति 15 जनवरी को है। पौष पूर्णिमा स्नान पर्व में 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को सकुशल स्नान संपन्न कराने के बाद अब मेला प्रशासन ने मकर संक्रांति स्नान पर्व के लिए कमर कस ली है। स्नान घाटों पर विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े, इसके लिए घाटों के समीप ही पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस दौरान एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान का प्रशासन का अनुमान है। माघ मेला 2024 में इस पर्व पर 28.95 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। इस बार तीन गुना अधिक श्रद्धालुओं के आगमन के अनुमान को देखते हुए मेला प्रशासन ने भी भीड़ प्रबंधन का मेगा प्लान तैयार किया है। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है भीड़ प्रबन्धन एवं सुगम यातायात के दृष्टिगत 42 अस्थायी पार्किंग विकसित की गयी है, एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे। माघ मेला 2025-26 में 12100 फीट लम्बाई में घाटों का निर्माण किया गया है जिनमे मूलभूत सुविधाएं चेंजिंग रूम, पुआॅल, कॉसा,



### यातायात व भीड़ प्रबन्धन के लिए एआई सर्विलांस बेस्ड कार्ययोजना का विकास

शौचालय आदि उपलब्ध हैं। माघ मेले में गंगा में जल की उपलब्धता के लिए कानपुर के गंगा बैराज से प्रतिदिन 8000 क्यूसेक जल छोड़ा जा रहा है। प्रयागराज में दोनों नदियों में गिरने वाले 81 नालों की टैपिंग की जा चुकी है। निरंतर गंगा जल की मॉनिटरिंग हो रही है। माघ मेले में स्वच्छता, सुरक्षा और सुगम परिवहन पर विशेष जोर दिया गया है। मेला अधिकारी ऋषिराज बताते हैं कि माघ मेले को खुले में शौच मुक्त, दुर्गन्ध मुक्त और गंगा में जीरो डिस्चार्ज हेतु 25,880 शौचालय, 11 हजार डस्टबिन, 10 लाख से अधिक लाइनर बैग, 25 सक्शन गाड़ियां एवं 3,300 सफाई कर्मी तैनात किये गये हैं। श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुलभ आवागमन हेतु बाइक टैक्सी और गोल्फकार्ट की व्यवस्था की गयी है। माघ मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय बताते हैं कि मेला क्षेत्र में 17 थाने व 42 पुलिस चौकी, 20 अग्निशमन स्टेशन, 7 अग्निशमन चौकी, 20 अग्निशमन वॉच टावर, 1 जल पुलिस थाना, 1 जल पुलिस कन्ट्रोल रूम तथा 4 जल पुलिस सब कन्ट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। 8 किलोमीटर से अधिक डीप वाटर बैरीकेडिंग एवं 2 किलोमीटर रिवर लाइन एकल दिशा मार्ग हेतु लगायी गयी है। पैरा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गयी है। नगर एवं मेला क्षेत्र में पूर्व से स्थापित सीसीटीवी कैमरों के अतिरिक्त एआई युक्त कैमरों सहित 400 से अधिक कैमरों के माध्यम से क्राउड मानिटरिंग, क्राउड डेन्सिटी एनालिसिस, इन्सीडेन्ट रिपोर्टिंग, स्वच्छता एवं सुरक्षा निगरानी की व्यवस्था की गयी है।



# पुलिस व एस.ओ.जी. टीम की कार्यवाही में बदमाश गिरफ्तार

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



दिनांक 22.12.2025 को वादी आशीष कुमार गुप्ता पुत्र कौशल कुमार गुप्ता नि. ठाकुरद्वारा फैजाबाद रोड थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा द्वारा थाना को. नगर पर लिखित सूचना दी गई कि उनकी ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की घटना कारित कर सोने-चांदी के आभूषण व नगदी रुपयों की चोरी की गयी है। वादी कर्ताराम प्रजापति पुत्र गंगाराम प्रजापति निवासी ग्रामभोपतपुर बस्ती थाना-इटियाथोक, जनपद-गोण्डा ने थाना को0 नगर पर लिखित सूचना दी कि दिनांक 26.12.2025 को वह जिला महिला चिकित्सालय गोण्डा गये थे जहाँ पार्किंग से उनकी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है तथा वादी आशुतोष कौशल पुत्र श्री श्याम लाल कौशल नि0 ग्रा0 मो0 दवा बाजार मकार्थीगंज थाना को0 नगर जनपद गोण्डा ने लिखित सूचना दी कि दिनांक 06/01/2026 की मध्य रात्रि मे अज्ञात चोरों द्वारा पीछे के रास्ते से उनकी ज्वैलर्स की दुकान मे दाखिल होकर कुछ सामान चुरा लिया गया। उक्त लिखित सूचनाओं के आधार पर थाना को. नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये गये थे।

त्काल स्थानीय पुलिस व उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक

**घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती**

गोण्डा द्वारा तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के पर्यवेक्षण में 05 पुलिस टीमों का गठन किया गया था तथा प्रभारी एस.ओ.जी./सर्विलांस को भी घटना के सफल अनावरण हेतु लगाया गया था। लगातार सुरागरसी-पतारसी, साक्ष्य संकलन व तकनीकी/मैनुअल निगरानी की जा रही थी। आज दिनांक 12/ 13.01.2026 को थाना को0 नगर व एस.ओ.जी. की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्तों की तलाश में क्षेत्र में बड़गाँव चौराहा पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त सूचना पर उक्त घटनाओं में संलिप्त अभियुक्त जोकि बहराइच की तरफ से गोण्डा आ रहा था उसे ग्राम बिमौर के पास जगदीश पुर मोड़ पर घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया। जिसमें अभियुक्त दौलत खान द्वारा स्वयं को घिरता हुआ पाकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में बदमाश दौलत खान के पैर में गोली लगी। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल गोण्डा में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के कब्जे व निशानदेही से चांदी के आभूषण, अवैध असलहा, रु0 40,000/- नगद व चोरी की मोटरसाईकिल को बरामद किया गया गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बड़े ही धूमधाम से मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती

मनकापुर गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



विवेकानंद जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनकापुर नदिनी नगर अवध प्रान्त और विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरहू मनकापुर के तत्वाधान मे राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर विवेकानंद जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर स्वदेशी संकल्प दौड़ प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को आयोजित किया गया जिसमे कार्यक्रम प्रमुख के रूप मे हर्ष वर्धन जी प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य ने विवेकानंद जी से युवाओ का प्रेरणा श्रोत बताया और कहा कि अभाविप राष्ट्रवादी छात्रों का निर्माण करता जो आगे चलकर निस्वार्थ भाव से देश और राष्ट की सेवा करे एवं कार्यक्रम संरक्षक के रूप मे चंद्र भूषण द्विवेदी पूर्व जिला सयोजक ने संगठन का परिचय रखा और मुख्य अथिति के रूप नीलम प्रकाश पाठक जी जिला सद्भाव प्रमुख (आर.एस.एस.) ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन के कुछ अनोखे घटनाओं के विषय पर छात्रों को बोध कराया, संतोष कसौधन जी उर्फ बड़कन जी प्रांत गोशाला प्रमुख वि.हि.प. ने कहा कि छात्र ही भारत देश का भविष्य है एवं विनीत कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य ने स्वामी जी के परिचय सूक्ष्म शब्दों में छात्रों के सामने रखा। विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वतीपूरम भरहू मनकापुर में हुए कार्यक्रम की रूप रखा तय की। जिसमे दिवाकर सिंह जी एवं संजय यादव उपस्थित रहें।

# दारा सिंह चौहान से मिले ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ गोंडा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी काम छोड़कर पूरी तरह नेतागिरी पर उतर आए और मंत्री दारा सिंह चौहान को बुके देकर नेतागिरी में अपना स्थान पक्का करने की कोशिश किया सफाई कर्मचारी संघ का जिला अध्यक्ष हो जाने का मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है की अपना सफाई का कार्य छोड़कर पूरे दिन मुख्यालय पर राजनीति करना है जबकि इनकी तैनाती बेलसर ब्लॉक के एक ग्राम में सफाई कर्मी के तौर पर नियुक्ति है गोंडा के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान को बुके देकर स्वागत किया साथ सफाई कर्मचारियों के संबंध में अपना मांग पत्र दिया।

# बीएलओ-सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीएम ने लिया जायजा

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचन नामावलियों के शुद्धिकरण एवं अद्यतन के उद्देश्य से अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ परीक्षण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन में तहसील सदर गोण्डा के सभागार में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी स्वयं प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने कहा कि निर्वाचन नामावली लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है, अतः इसकी शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ परीक्षण के दौरान प्रत्येक मतदाता प्रविष्टि का गहनता से परीक्षण किया जाए, ताकि अपात्र, मृतक, स्थानांतरित अथवा दोहरे नामों को सूची से हटाया जा सके तथा पात्र नागरिकों का नाम समयबद्ध रूप से जोड़ा जा सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि 01.01.2026 के अनुसार 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र युवाओं का नाम निर्वाचन नामावली में सम्मिलित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए घर-घर जाकर सत्यापन, मतदाताओं से संवाद, आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि महिला, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक एवं वंचित वर्ग के मतदाताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न रह जाए। प्रशिक्षण के दौरान ई-ईपीआईसी, बीएलओ एप, फॉर्म 6, 7 एवं 8 के उपयोग, फोटो मिलान, नाम, आयु व पते में सुधार तथा आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी गतिविधियां निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण की जाएंगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों से निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिये हैं, ताकि जनपद गोण्डा में त्रुटिरहित एवं विश्वसनीय निर्वाचन नामावली का निर्माण सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा अशोक कुमार गुप्ता, अपर उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार गौतम, तहसीलदार मनीष कुमार सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अनिका सिंह को मिला 'मिस टैलेंटेड' अवार्ड

**जूनियर मिस इंडिया 2026 में गोंडा की बेटी ने बढ़ाया जिले का मान**



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** गोंडा जिले के आवास विकास कालोनी की होनहार बालिका अनिका सिंह ने जयपुर में आयोजित जूनियर मिस इंडिया 2026 सीजन-4 प्रतियोगिता में 'मिस टैलेंटेड' का प्रतिष्ठित खिताब जीतकर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। 5 से 7 वर्ष आयु वर्ग में प्रतिभाग करते हुए अनिका ने देशभर से आई 175 प्रतिभागियों के बीच अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंचीय प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 6 से 8 जनवरी तक जयपुर में आयोजित हुई थी। नेहा श्रीवास्तव ने बताया की मेरी बेटी अनिका मात्र ढाई वर्ष की उम्र से ही योग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और स्कूल गतिविधियों में सक्रिय रही है। निरंतर अभ्यास और पारिवारिक सहयोग ने उसकी प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाई है। अनिका की इस उपलब्धि पर बरखा,रश्मी,निर्मला श्रीवास्तव,नीलिमा श्रीवास्तव, मनदेवी,मान्या,ईष्या, अयांश सहित परिजन, शिक्षक व शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त की है। यह सफलता पूरे गोंडा जिले के लिए गर्व का विषय है और अन्य बच्चों के लिए प्रेरणादायक भी।

## खबरें एक नजर में

### ऑनलाइन होगा बीस हजार से अधिक का भुगतान

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** एआईजी कृपा शंकर ने बताया कि मुख्य मंत्री की अध्यक्षता में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की समीक्षा बैठक हुई। जिस में मुख्यमंत्री ने विलेख पंजीकरण के अंतर्गत बीस हजार से अधिक राशि का निबंधक शुल्क आन लाइन के माध्यम से करने का आदेश दिया है। इसी क्रम में जिले के गोंडा, तरब गंज कर्नल गंज और मनका पुर तहसील के उपनिबंधकों को बीस हजार से अधिक के स्टांप शुल्कों का भुगतान ऑनलाइन से लेने का आदेश जारी कर दिया गया है।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, फांसी पर लटकाया शव

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात में दहेज की मांग पूरी न होने पर ठाकुरपुर गांव में सोमवार को एक विवाहिता की हत्या कर उसका शव फांसी के फंदे पर लटका दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। लालपुर चंद्रभान गांव निवासी मिथिला देवी ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी आरती (22) की शादी चार वर्ष पूर्व ठाकुरपुर गांव निवासी हरिकेश भारती से की थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष भैंस की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर आरती के साथ आए दिन मारपीट की जाती थी। सोमवार को आरती का शव घर के अंदर पंखे से साड़ी के फंदे के सहारे लटकता मिला। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व प्रवक्ता रामगोपाल पांडेय व प्रतिष्ठित व्यवसायी अभय जैन का लंबी बीमारी से निधन



**जरवलरोड,बहराइच समृद्धि न्यूज।** जनपद के जरवल रोड क्षेत्र के लिए सोमवार का दिन अत्यंत भारी और दुखद रहा। क्षेत्र की दो हस्तियों रिटायर्ड शिक्षक व समाजसेवी रामगोपाल पांडे और प्रतिष्ठित व्यवसायी अभय जैन के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। इन दोनों विभूतियों के जाने से न केवल उनके परिवारों, बल्कि संपूर्ण जरवल रोड के सामाजिक और व्यापारिक ढांचे को एक बड़ी क्षति पहुंची है। ठाकुर भगवती सिंह किसान इंटर कॉलेज, जरवल रोड के सेवानिवृत्त प्रवक्ता रामगोपाल पांडे ने बीमारी के चलते सोमवार को अंतिम सांस ली। पांडे जी ने दशकों तक शिक्षा के माध्यम से हजारों युवाओं का भविष्य संवारा। एक शिक्षक के रूप में उनकी अनुशासनप्रियता और सरल स्वभाव उनकी पहचान थी। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे सामाजिक कार्यों और क्षेत्र के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। जरवल रोड में रामलीला जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम को शुरू कराने में भी उनका बड़ा योगदान रहा है। वहीं दूसरी ओर, जरवल रोड बाजार के प्रतिष्ठित व्यापारी अभय जैन जी के आकस्मिक निधन ने सबको स्तब्ध कर दिया है।

### वोट की राजनीति की भेंट चढ़ी सफाई व्यवस्था

**उतरौला,बलरामपुर।** वर्षों से गंदगी की समस्या से जूझ रहा ग्राम अलिफ जोत अब ग्रामीणों के लिए गंभीर संकट बन चुका है। मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज के समीप स्थित इस गांव में लंबे समय से कूड़ा-कचरे और भीषण गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने सैकड़ों बार ग्राम प्रधान कुर्बान अली से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। गंदगी की स्थिति जस की तस बनी हुई है। गांव में अस्थायी रूप से रहने वाले शिक्षक व कारोबारी भी इस दुर्दशा से परेशान हैं। अबुल क़ाज़मि के दरवाज़े पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है, जिससे दुर्गंध फैल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान केवल औपचारिकता निभाते हुए सफ़ेद पोशाक में निकल जाते हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर मिला युवक का शव

बलरामपुर,समृद्धि न्यूज़।



बलरामपुर के रेहरा बाजार थाना क्षेत्र में एक 35 वर्षीय युवक का शव उसके घर के सामने चारपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। यह घटना सोमवार रात ग्राम पंचायत बसावन बनकट के मजरा व्यास कुआं में हुई। मृतक की पहचान हरीश चौहान पुत्र शिवदास चौहान के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि हरीश सोमवार को अपने एक रिश्तेदार के साथ घर से निकला था। करीब 11 बजे उसका शव घर के बाहर चारपाई पर घायल अवस्था में मिला। शव पर चोटों के निशान पाए जाने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरीश चौहान अपने पीछे पांच बच्चों को छोड़ गए हैं। इनमें शनि 13 वर्ष, शिवांशी 9 वर्ष, हिमेश 7 वर्ष, बुक्कन 5 वर्ष और सूरज 3 वर्ष शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उपलब्ध संसाधनों का हुआ भौतिक सत्यापन

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।



बाल विकास परियोजना विशेश्वरगंज अंतर्गत संचालित कुल 199 आंगनबाड़ी केंद्रों में से मात्र 96 केंद्रों पर ही विभाग द्वारा फोम मेज व मैटी उपलब्ध कराए जाने की स्थिति सामने आई है। इसी क्रम में उपलब्ध कराए गए सामान के भौतिक सत्यापन हेतु नायब तहसीलदार विशेश्वरगंज शैलेश कुमार ने अपनी राजस्व टीम के साथ निरीक्षण किया। सत्यापन के दौरान नायब तहसीलदार शैलेश कुमार के साथ लेखपाल शिव नाथ पांडेय, सूर्य बक्स सिंह (एडीओ) सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बाल विकास परियोजना कार्यालय विशेश्वरगंज में किए गए इस सत्यापन के समय सीडीपीओ दीपा गुप्ता पूरे स्टाफ के साथ उपस्थित रहीं। संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियां भी मौके पर मौजूद रहीं और अभिलेखों के आधार पर सामग्री की उपलब्धता की पुष्टि कराई गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उपलब्ध संसाधनों का मिलान अभिलेखों से किया तथा जिन केंद्रों पर सामग्री उपलब्ध नहीं पाई गई, उन्हें चिन्हित किया गया। नायब तहसीलदार ने संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शेष केंद्रों पर शीघ्र फोम मेज व मैटी उपलब्ध कराने तथा पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग

**मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज।** मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगापुर के मजरा सिहरिया में रविवार को एक विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल दूरभाष के माध्यम से बिजली विभाग के अवर अभियंता (जेई) को दी।

सूचना मिलते ही बिजली विभाग के टेक्नीशियन ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी। समय रहते बिजली कटने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बिजली विभाग की ओर से ट्रांसफार्मर की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

# संरक्षित वन क्षेत्र से कछुए के साथ शिकारी गिरफ्तार

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में वन विभाग ने दो अलग-अलग कार्रवाई में दो कछुआ तस्करों और एक खैर लकड़ी काटने वाले को गिरफ्तार किया है। इन कार्रवाइयों के दौरान कछुए, नाव, शिकार के उपकरण और खैर की लकड़ी बरामद की गई। पहली घटना सुजौली रेंज के कोलियागौढ़ी बीट के कक्ष संख्या 1बी संरक्षित वन क्षेत्र की है। सुजौली वन क्षेत्राधिकारी रोहित कुमार के नेतृत्व में वन दारोगा मनोज कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार पाठक और वाचरों की टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान टीम ने व्यापारिक उद्देश्य से कछुए का शिकार करते हुए दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में देखा।

घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा गया। मौके से दो कछुए, एक नाव और शिकार करने के उपकरण बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों की पहचान कैलाश पुत्र मैकू निवासी सेमरी घटही और इंदल पुत्र बैजनाथ निवासी बदौलिया, थाना मुशाहरी, जिला मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत रेंज केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। दूसरी ओर, सोमवार को मुर्तिहा रेंज के बीट संख्या 21 में भी वन विभाग ने कार्रवाई की। मुर्तिहा वन क्षेत्राधिकारी रत्नेश कुमार के नेतृत्व में डिप्टी रेंजर ऋषभ प्रताप सिंह और वन्य जीव रक्षक प्रवेश कुमार की टीम बाघ संरक्षित वन क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान टीम ने खैर के पेड़ की अवैध कटान करते हुए एक व्यक्ति को देखा और उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। उसके पास से खैर के 11 नग और कटान में इस्तेमाल होने वाला आरा बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान कमलेश तिवारी पुत्र शत्रोहन निवासी निबियापुरवा, सेमरी घटही, थाना मुर्तिहा के रूप में हुई है। रेंजर रत्नेश कुमार ने वन्य जीव अधिनियम के तहत रेंज केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### पर्यावरणविद को मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बहराइच जिले के पर्यावरणविद एवं समाजसेवी आयूष वर्मा को उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान समारोह उत्तराखंड में आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री धामी ने आयूष वर्मा को शॉल और मोमेंटो भेंट कर उनके उत्कृष्ट सामाजिक और पर्यावरणीय योगदान की सराहना की। इस अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री रेखा आर्या सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि आयूष वर्मा ने देश को सतत विकास का एक अनोखा और व्यावहारिक मॉडल दिया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

# ढकिया में पांच भैंस चोरी कर ले जा रही पिकअप पलटी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



खैरीघाट थाना क्षेत्र के ढकिया गांव में सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि करीब 1 बजे भैंस चोरी की बड़ी घटना सामने आई। चोर ढकिया निवासी सुभाष की एक भैंस व एक पाड़िया, मिश्रनपुरवा निवासी बुद्धसागर की एक भैंस तथा जुलाहन पुरवा निवासी गोबरे जुलाह की एक भैंस व एक बड़वा को पिकअप वाहन में लादकर फरार हो रहे थे। इसी दौरान अचानक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए। खुद को घिरता देख चोर पिकअप और सभी चोरी किए गए मवेशियों को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पीआरवी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप वाहन सहित सभी 5 मवेशियों को बरामद कर लिया। वहीं घटनास्थल के पास पानी की टंकी के नीचे एक संदिग्ध बाइक भी खड़ी मिली, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि पिकअप और बाइक दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

# अलाव तापते समय किशोरी का बायां पैर झुलसा

**जिला अस्पताल मे भर्ती**

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



जिले के पयागपुर इलाके में सोमवार रात अलाव तापते समय एक 14 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से झुलस गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, पयागपुर थाना क्षेत्र के नव्वा ग्राम निवासी पूनम सोमवार रात घर का काम खत्म करने के बाद ठंड से बचने के लिए अलाव ताप रही थी। इसी दौरान अलाव की लपटें अचानक तेज हो गईं और वह उनकी चपेट में आ गई। इस घटना में पूनम का बायां पैर बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद परिजनों ने तुरंत आग बुझाई और किशोरी को इलाज के लिए पयागपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बहराइच जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों की टीम पूनम का इलाज कर रही है। चिकित्सकों ने बताया कि किशोरी की हालत स्थिर है, लेकिन पैर में जख्म अधिक होने के कारण उसे ठीक होने में थोड़ा समय लगेगा।

# बहराइच योद्धा ने 6 विकेट से जीता मुकाबला

**अमन पासवान को मैन ऑफ द मैच व शाद को मिला इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच**

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



स्व कुशमेंन्द्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में मंगलवार का मुकाबला बहराइच योद्धा एवं बहराइच नवाब के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास मिश्रा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। बहराइच योद्धा के कप्तान आयुष्मान पांडे ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नवाब के बल्लेबाजों ने निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पांच विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। नवाब की तरफ से शाद अहमद ने 54 एवं ताहा आबिदी ने 32 रनों का योगदान दिया। योद्धा की तरफ से आयुष्मान पांडे ने तीन एवं रेहान ने दो विकेट अपने नाम किए। 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच योद्धा के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की। अमन पासवान ने 59 एवं कुलदीप पांडे ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली। बहराइच नवाब की तरफ से ताहा ने दो, सम्राट एवं संभव ने 1-1 विकेट अपने नाम किये। बहराइच योद्धा ने 17वें ओवर में 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत अमन पासवान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। शाद को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अखिल अहमद ने निभाई ।स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे ।आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। इस दौरान सुनील राय,रामानंद सिंह, शानू खान,विजय शंकर , देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह, आशुतोष कैराती, सारिक एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल, ठंड में मिली राहत

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए ग्राम पंचायत रहमतपुर अतरौरा में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद व असहाय लोगों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए गए, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली। कंबल वितरण कार्यक्रम में इंजीनियर अमित कुमार ने वितरणकर्ता की भूमिका निभाई। इस दौरान उनके साथ सहयोगी के रूप में गौरी शंकर, सनोज कुमार, राजू, संतोष कुमार,अशोक कुमार, विनोद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए, जिससे ठंड के इस मौसम में कोई भी व्यक्ति परेशानी का सामना न करे।

# जी राम जी में भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं : रिजिजू

▸ मनरेगा थी लूट की गारंटी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जनता से नरेन्द्र मोदी सरकार की विकसित भारत-जी राम जी योजना को लेकर हो रहे दुष्प्रचार के प्रभाव में नहीं आने का आह्वान करते हुए कहा कि मनरेगा लूट की गारंटी थी, मनरेगा के विपरीत जी राम जी कानून में एक रुपये का भी भ्रष्टाचार होने की गुंजाइश नहीं है।

रिजिजू ने विकसित भारत-जी राम जी योजना को लेकर लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित कार्यशाला के बाद प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) में दरअसल लूट की गारंटी थी। उन्होंने दावा किया कि उसमें ऐसी व्यवस्था की गयी थी जिसमें कुछ लोग तिकड़म करके करोड़ों रुपये लूट लेते थे। मंत्री ने विपक्ष द्वारा मनरेगा को खत्म करके विकसित भारत-जी राम जी योजना शुरू किये जाने का विरोध करने का जिक्र करते हुए कहा, दुष्प्रचार करने से कुछ नहीं होगा। जब संशोधित नागरिकता कानून लाया गया था, तब कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य पार्टियों ने दुष्प्रचार करके देश भर में मुसलमान को बरगलाने का काम किया कि नागरिकता कानून पारित होने से सारे मुसलमानों की नागरिकता छिन जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ऐसा झूठ फैलाकर गुमराह करने की कोशिश की गयी। जब यह कानून पारित हुआ तो बताइए कि क्या किसी मुसलमान की नागरिकता छीनी गई। विकसित भारत-जी राम जी को लेकर भी ऐसा ही कुछ प्रचार करने की कोशिश की जाएगी। मगर जी राम जी अब कानून बन चुका है और इसे लागू करने की पूरी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और बदलाव भी आपको जल्द ही दिखाई देगा।

### वीबी-जीरामजी लागू होने से बढ़ेगा रोजगार : सुरेश खन्ना



लखनऊ प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता का परसेप्शन बदला है। सरकार अब ग्रामीण भारत के संतुलित और समग्र विकास को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में बड़े सुधार कर रही है, जिसके तहत 'वीबी-जीरामजी' योजना लागू की जा रही है। यह योजना मनरेगा का स्थान लेगी। इसमें मनरेगा की पहले की कमियों को दूर करते हुए योजनाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया जाएगा। अब तक मनरेगा के तहत श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार मिलता था, लेकिन नई व्यवस्था में यह बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इससे ग्रामीण श्रमिकों को अधिक दिनों तक काम और आय का अवसर मिलेगा। अक्सर यह शिकायत रहती थी कि कटाई और बुवाई के समय मजदूर नहीं मिलते। इसे ध्यान में रखते हुए नई व्यवस्था में 60 दिनों तक ऐसी छूट दी गई है, जिससे श्रमिक खेती के मौसम में अपनी आवश्यकता के अनुसार काम कर सकेंगे।

# सीएम योगी ने दी लोहड़ी की हार्दिक बधाई

▸ मुख्यमंत्री ने सभी से पर्व को हर्षोल्लास, शांति व सद्भाव के साथ मनाने की अपील की

▸ रेवड़ी, मूंगफली, गजक व पॉपकॉर्न सिर्फ प्रसाद नहीं, बल्कि साझा खुशियों के प्रतीक हैं



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और अन्नदाताओं के परिश्रम को समर्पित पावन पर्व लोहड़ी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि लोहड़ी का पर्व परिश्रम, ऊर्जा और समृद्धि का प्रतीक है। सीएम योगी ने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां, सकारात्मक ऊर्जा और नई उमंग लेकर आए तथा समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे को और अधिक मजबूत करे। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी से पर्व को हर्षोल्लास, शांति और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। गौरतलब है कि लोहड़ी मूल रूप से सूर्य, अग्नि और प्रकृति की आराधना का पर्व है। अग्नि को साक्षी मानकर लोग पुरानी नकारात्मकताओं को त्यागते हैं और नई शुरुआत का संकल्प लेते हैं। यह पर्व सिखाता है कि जीवन में गर्माहट रिश्तों से आती है, और मिठास साझा करने से बढ़ती है। लोहड़ी सामूहिकता का पर्व है। इसमें जाति, वर्ग और उम्र की दीवारें गिर जाती हैं। नवविवाहित जोड़े, नवजात शिशु वाले परिवारों के लिए यह उत्सव विशेष महत्व रखता है। रेवड़ी, मूंगफली, गजक और पॉपकॉर्न सिर्फ प्रसाद नहीं, बल्कि साझा खुशियों के प्रतीक हैं।

## खबरें एक नजर में

### यूपी के युवा बनेंगे भारत के स्किल चैंपियन : पुलकित

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 2025-26 की तैयारियों के मूल्यांकन एवं इसके आयोजन की समग्र समीक्षा के उद्देश्य से मिशन निदेशक पुलकित खरे ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विश्व बैंक, महिला, अलीगंज, लखनऊ का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतियोगिता से संबंधित व्यवस्थाओं तथा तैयारियों का गहन अवलोकन किया। मिशन निदेशक ने प्रतिभागियों से संवाद स्थापित किया तथा मिशन द्वारा उनके ठहराव हेतु की गई व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागियों की कौशल-रुचि, अभ्यास पद्धतियों एवं प्रतियोगिता के प्रति आत्मविश्वास का आकलन किया। संस्थान में आयोजित इलेक्ट्रॉनिक्स स्किल्स में राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता की तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान कर रही है। उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया किप्रतियोगिता का आयोजन पूर्णतः पारदर्शी, व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संपन्न किया जाए। निदेशक ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए प्रेरित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया, ताकि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर सकें। महिला आईटीआई द्वारा राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए इन्हें सराहनीय, अनुकरणीय एवं सकारात्मक पहल बताया।

### इंस्पेक्टर की इंजीनियर बेटी की सऊदी में मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में रहने वाली नवविवाहिता की सऊदी अरब के जद्दा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी 10 माह पहले शादी हुई थी। मौत के 27 दिन के बाद मंगलवार को शव लखनऊ पहुंचा। जिसके बाद पिता ने उसके पति पर गाजीपुर थाने में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। चिनहट निवासी शेर अली फायर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बेटी ऐमन की शादी 10 अप्रैल 2025 को रायबरेली निवासी आमिर से की थी। दोनों परिवारों की सहमति पर शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि आमिर आए दिन बेटी के साथ मारपीट करता था। कई बार बेटी ने दबी जुबान में इसके बारे में बताया था। कभी ऐसा नहीं सोचा था कि उसके ससुरालवाले उसकी हत्या कर देंगे। पिता शेर अली ने बताया कि जब बेटी की बॉडी लखनऊ पहुंची तो परिवार ने देखा कि उसके शरीर पर कई चोट के निशान है। पीठ पर बेल्ट के चोट के निशान थे। उन निशानों को देखकर साफलगता है कि आमिर बेटी को आए दिन पीटता था। उनकी बेटी इंजीनियर थी।

### नीलगाय से बाइक टकराई, युवक घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे अल्ट्राटेक प्लांट के सामने एक तेज रफ्तार बाइक सड़क पर आई नीलगाय से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। सूचना मिलते ही मोहनलालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस जांच में पता चला कि बाइक संख्या यूपी 32 पीडब्लयू 0395 की नीलगाय से टक्कर हुई, जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक सवार प्रदीप पुत्र स्व. शीतल वश, निवासी गौरा, थाना मोहनलालगंज, लखनऊ को हल्की चोटें आईं। हेलमेट पहनने के कारण युवक की जान बच गई। पुलिस ने डायल 112 की मदद से घायल प्रदीप को परिजनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहनलालगंज भेजा। वहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार दिया। युवक की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। हादसे के कारण कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए यातायात को सुचारू रूप से संचालित कराया और स्थिति को सामान्य किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर अक्सर नीलगाय आ जाने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से सड़क किनारे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

### ट्रेन की चपेट में आने से पार्लर संचालिका की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के दुबग्गा थाना क्षेत्र में बीते सोमवार रात को ट्रेन की चपेट में आने से ब्यूटी पार्लर संचालिका की मौत हो गई। वह पार्लर बंद करके घर जा रही थी। भमरौली क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मूल रूप से हलियापुर, अमेठी निवासी पूजा दुबे (30) पत्नी प्रदीप दुबे लखनऊ में शाहपुर भमरौली दुबग्गा में पति और 5 साल के बेटे प्रबल के साथ रहती थी। घर से 200 मीटर दूर किराए की दुकान लेकर पूजा ब्यूटी पार्लर और कॉस्मेटिक की दुकान चलती थी। सोमवार रात करीब 9 बजे दुकान बंद करके वापस लौट रही थी। तभी भमरौली क्रॉसिंग बंद होने की वजह से नीचे से निकाल कर पार करने लगीं। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आ गईं। जिससे सिर में गंभीर चोटें आई। घटना के बाद आसपास भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने पति प्रदीप और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर अपने पैतृक आवास चले गए। मामले में पुलिस का कहना है ट्रेन की चपेट में आने के बाद महिला का मोबाइल झाड़ियों में चला गया। जहां उसकी बहन का कॉल आ रहा था। इस पर झाड़ियां से फोन निकाला गया और घटना की जानकारी दी गई तब मौके पर परिवार पहुंचा।

# सफाई श्रमिकों के अनिवार्य वार्षिक चिकित्सा व कैंसर स्क्रीनिंग के निर्देश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा समस्त जोनल सेनेटरी अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि नगर निगम के अंतर्गत कार्यरत सभी सफाई श्रमिकों का वार्षिक चिकित्सा परीक्षण एवं कैंसर स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से कराई जाए।

नगर निगम के अधीन कार्यरत समस्त नियमित, संविदा एवं कार्यदायी संस्थाओं के सफाई श्रमिकों का वार्षिक चिकित्सा परीक्षण एवं कैंसर स्क्रीनिंग एक सप्ताह के भीतर निकटतम राजकीय चिकित्सालय से कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

यह निर्देश विशेष रूप से स्वच्छ सर्वेक्षण के दृष्टिगत जारी किए गए हैं, ताकि सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की निगरानी के साथ-साथ नगर की स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती प्रदान की जा सके।नगर स्वास्थ्य अधिकारी पीके श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया है कि यह चिकित्सा परीक्षण एवं कैंसर स्क्रीनिंग निकटतम राजकीय चिकित्सालय, 108 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा 8 शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में से किसी एक में कराई जा सकती है।

निर्देशों में यह भी कहा गया है कि चिकित्सा परीक्षण के उपरांत निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट तैयार की जाए और एक सप्ताह के भीतर सूचित किया जाए। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि जांच के बाद सभी कर्मियों की चिकित्सा पर्ची, जांच रिपोर्ट, ओपीडी पर्ची एवं अन्य संबंधित विवरण संकलित कर उपलब्ध कराए जाएं।

नियमित चिकित्सा परीक्षण एवं कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय रहते जांच से न केवल उनके स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि कार्यक्षमता भी बढ़ेगी।

# यूरिया के साथ गैर-अनुदानित उर्वरकों की टैगिंग पर प्रतिबंध

▸ किसानों को जबरन अन्य उत्पाद बेचने वाली कंपनियों पर होगी कठोरतम कार्रवाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

यूपी सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा करते हुए प्रदेश में यूरिया के साथ गैर-अनुदानित उर्वरकों की टैगिंग को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। शासन द्वारा यह निर्णय उन शिकायतों के बाद लिया गया है जिनमें यूरिया आपूर्ति करने वाली कंपनियां अपने डिस्ट्रीब्यूटर्स और रिटेलर्स के माध्यम से किसानों को यूरिया के साथ अन्य महंगे और गैर-जरूरी उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य कर रही थीं।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश का कोई भी किसान अब केवल अपनी आवश्यकतानुसार अनुदानित उर्वरक खरीदेगा और उस पर अतिरिक्त उत्पाद थोपा नहीं जाएगा। कंपनियों के उर्वरक विक्रय प्राधिकार-पत्र लाइसेंस में अंकित समस्त गैर-अनुदानित उत्पादों की आपूर्ति एवं बिक्री को 1 जनवरी 2026 से उत्तर प्रदेश में पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। अब कोई भी कंपनी यूरिया की आड़ में अपने अन्य व्यवसायिक उत्पादों को प्रदेश की सीमा के भीतर नहीं बेच सकेगी। 1 जनवरी के बाद यदि प्रदेश में कोई भी उर्वरक आपूर्ति करने वाली कम्पनी इस आदेश का उल्लंघन करती पाई जाती है या यूरिया के साथ टैगिंग करती है, तो उसके विरुद्ध उर्वरक अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित नियंत्रण आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के सुसंगत प्राविधानान्तर्गत नियमानुसार कठोरतम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### राजधानी में गंदे पानी से बच्चे-बुजुर्ग बीमार, सड़क पर बाल्टी रखकर प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में लोगों के घरों में इंदौर की तरह गंदा पानी आ रहा है। इससे लोग बीमार हो रहे हैं। महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड के हुसैनगंज में लगातार गंदे पानी की समस्या से नाराज लोगों ने 13 जनवरी, मंगलवार को सड़क पर बाल्टी रखकर प्रदर्शन किया। नगर निगम और जलकल विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगर निगम हाय-हाय के नारे लगाए। लोगों ने अधिकारियों पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया। लोगों ने बताया कि करीब 300 घरों में लगातार गंदा पानी आ रहा है। इससे अब बच्चे और बुजुर्ग बीमार हो रहे हैं। बाबू बनारसी दास के पूर्व पार्षद प्रत्याशी इस्लाम अली ने बताया कि कई दिनों से गंदे पानी की समस्या बनी हुई है। लोग बीमार हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है।

नगर निगम के कर्मचारी सिर्फटैक्स वसूली करने आ रहे हैं। गंदे पानी को शिकायत करने पर भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। अख्तर जहां ने कहा कि गटर का गंदा पानी आने के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी कोई सुन नहीं रहा है। सिर्फ कुछ देर तक ही पानी आता है। ऐसे में समस्या बनी हुई है। शिकायत करने पर सुनवाई नहीं होती है। राम कुमारी ने कहा कि आधा घंटे पानी देते हैं। वह भी गंदा आता है। इससे दुर्गंध आती है। अधिकारी नहीं आते हैं। पूजा ने कहा कि गर्मियों से पानी सही से नहीं आ रहा है। अब रात में भी पानी नहीं आ रहा। मोटर चलाते हैं तो भी पानी नहीं आता है। आता भी है तो कीचड़ का पानी आता है। हम लोगों के यहां पर टंकी नहीं हो तो पीने का पानी भी नहीं आए। बाहर बोरिंग से कॉलोनी के लोग पानी भरने को मजबूर हैं।

# एसआईआर के नाम पर भाजपा एनआरसी कर रही है लागू : अखिलेश

▸ मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण की आड़ में भाजपा फर्जी वोटर बनाने की साजिश रच रही है, जो पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कड़ा प्रहार है, इसे कत्तई सफल नहीं होने दिया जायेगा



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार एसआईआर के नाम पर देश में एनआरसी लागू कर रही है। भाजपा पर धांधली का आरोप लगाते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की आड़ में भाजपा फर्जी वोटर बनाने की साजिश रच रही है, जो पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कड़ा प्रहार है, इसे कत्तई सफल नहीं होने दिया जायेगा और ऐसा करते हुए भाजपाई समर्थक पकड़े जाते हैं तो उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए पार्टी सभी बूथ प्रभारियों को हर स्तर पर सतर्क रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने निर्वाचन आयोग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चार करोड़ वोट कटने की बात स्वीकारने से साफ है कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी है। केंद्रीय और राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों में भारी अन्तर है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग की सूची के मुताबिक उत्तर प्रदेश में 12 करोड़ 56 लाख मतदाता हैं, जबकि राज्य निर्वाचन की सूची में अकेले ग्रामीण क्षेत्रों में 12 करोड़ 69 लाख मतदाता दर्ज हैं, जो शहरी मतदाताओं को जोड़ने पर संख्या 17 करोड़ के पार हो जाती है। ऐसे में आयोग के आपसी आंकड़ों में ही भारी अंतर पर सवाल खड़े होना लाजिमी है। उन्होंने आयोग पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब अधिकारी वही हैं और बीएलओ भी वही हैं तो आंकड़ों में इतना अंतर कैसे है? यही नहीं उन्होंने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की जनता उनके साथ नहीं है। सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है, लोग हर स्तर से पीड़ित हैं। भाजपा से लोगों का मोहभंग हो गया है। समझदार मतदाताओ ने 2027 के विधानसभा आम चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ करने का मन बना लिया है।

# मेरठ हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन

▸ हिरासत में लिए गए सपा कार्यकर्ता

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



राजधानी लखनऊ समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मेरठ में सोनू कश्यप की हत्या के विरोध में हजरतगंज चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कानून व्यवस्था का पुतला फूंका। इस दौरान उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को टांग-टांगकर बस में बैठाकर इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को नियंत्रित किया। हंगामा बढ़ने से पहले पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया और उन्हें इको गार्डन भेज दिया। सपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और लगातार आपराधिक घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने सोनू कश्यप की हत्या के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जीतू कश्यप ने कहा मेरठ में सोनू कश्यप की हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफशासन के दबाव में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। नाबालिग आरोपी को बालसुधार गृह भेज दिया गया है जबकि तीन-चार आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। सोनू कश्यप के भाई ने भी कहा है कि उसकी अपनी जान का खतरा है। जब बांग्लादेश में कोई हिंदू जलाया जाता है तो हमारे मुख्यमंत्री सदन बोलते हैं लेकिन जब यही घटना उत्तर प्रदेश में होती है तो वह मौन हो जाते हैं। इसके विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कानून व्यवस्था का पुतला फूंका है।

# दादरी से बजेगा सपा का चुनावी बिगुल

▸ ग्रेटर नोएडा में अखिलेश यादव करेंगे पीडीए भाईचारा रैली



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी ग्रेटर नोएडा के दादरी विधानसभा क्षेत्र से चुनावी बिगुल बजाने वाली है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मार्च के पहले सप्ताह में दादरी में पीडीए भाईचारा रैली को संबोधित करेंगे। रैली को सपा की आगामी चुनावी रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है।पीडीए भाईचारा रैली में प्रदेश के 142 विधानसभा क्षेत्रों से गुर्जर समाज के प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। रैली की तैयारियों को लेकर ग्रेटर नोएडा के सफीपुर गांव में बैठक हो चुकी है। गुर्जर समाज को साधने की कोशिश के तौर पर रैली को खास माना जा रहा है। पहले सरकार द्वारा जाति आधारित रैलियों पर रोक लगाए जाने के बाद सपा ने अपने गुर्जर सम्मेलन को पीडीए भाईचारा रैली का नाम दिया।सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, रैली संयोजक राजकुमार भाटी ने कहा, अगस्त से गुर्जर समाज में सियासी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दादरी में होने जा रही रैली से सपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

### डिजिटल शिक्षा से आत्मनिर्भर बनेंगी छात्राएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** छात्राओं के समावेशी विकास, डिजिटल साक्षरता और तकनीकी सशक्तिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मंगलवार को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में मदद फाउंडेशन के सहयोग से समन्वय बैठक और टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण विभाग और मदद फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण और मदद फाउंडेशन के फाउंडर राजेश मणि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय, गोरखपुर और महराजगंज जनपदों के प्रधानाचार्यों को कुल 40 टैबलेट प्रदान किए गए, जो संबंधित विद्यालयों की छात्राओं के शैक्षणिक उपयोग हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। हर विद्यालय को 20-20 टैबलेट दिए गए हैं। यह पहल पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में शुरू की गई है, जिसकी सफलता के आधार पर भविष्य में अन्य विद्यालयों को भी टैबलेट उपलब्ध करवाए जाने की योजना है। अरुण ने टैबलेट वितरित करते हुए कहा कि डिजिटल शिक्षा आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है। तकनीकी संसाधनों के माध्यम से छात्राओं को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, बल्कि वे आत्मनिर्भर भी बन सकेंगी।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## लखनऊ वृत्त, लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांकः 181/523(2)सी-एल0 वृ0/2025-26 दिनॉक : 08.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में सेतु कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी 'ए' एवं 'बी' ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | श्रेणी | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0 (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में बिजनौर गहरू पिपरसण्ड से लोनहा होते हुए फतेहगंज-नारायनपुर मार्ग तक किमी0 12 में (नगवा नाला) सकरे एवं क्षतिग्रस्त पुल के समीप नये सेतु एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य | 230.00 | 13.50 | "ए एवं बी" | नि. मूल्य = 300 स्टे. चार्जेज = 2000 जीएसटी = 414 कुल = 2714/- | 12 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म0क्षे0), लो0नि0वि0, लखनऊ |

> बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुए तथा जी0एस0टी0 को छोड़कर लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक **15/01/2026** की पूर्वान्ह **11:00** बजे से दिनांक **30/01/2026** की अपरान्ह **12:00** बजे तक डाउनलोड की जा सकती है, एवं दिनांक **30/01/2026** के अपरान्ह **12:00** बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक **30/01/2026** को अपरान्हू **12:30** बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या-**1/2018/3070/78-2-2018/42** आई0टी0/**2017 (22)** दिनांक-**03.01.2018** में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेण्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

**(राजेश कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता,**
**निमाण खण्ड-2, लो0नि0वि0,**
**लखनऊ**

www.upgov.in
Upid-243859 Date-12.01.2026

**(जे0पी0 सिंह)**
**अधीक्षण अभियन्ता,**
**लखनऊ वृत्त, लो0नि0वि0,**
**लखनऊ**


तैयारी — संगम तट पर बसाई गई आधुनिक टेंट कॉलोनी

# श्रद्धालुओं को मिलेगा आध्यात्मिक पर्यटन का नया अनुभव

▸ मुख्यमंत्री की परिकल्पना मुताबिक तैयार की गई हैं टेंट सिटी : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मकर संक्रांति सहित प्रमुख स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए संगम तट पर आधुनिक सुविधा युक्त टेंट सिटी बसाई गई है। संगम की पुण्य धारा में डुबकी लगाने देश-दुनिया से श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन हो रहा है।

आगंतुकों को सुरक्षित और यादगार अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी द्वारा संगम तट की रेत पर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित टेंट कॉलोनी बसाई गई है, जो कल्पवासियों और पर्यटकों के लिए आस्था के साथ आकर्षण का नया केंद्र बनकर उभरी है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया, प्रयागराज के अरैल सेक्टर 7 में त्रिवेणी पुष्प से पहले विकसित टेंट कॉलोनी में 50 अत्याधुनिक कॉटेज बनाए गए हैं, जिनकी ऑनलाइन बुकिंग यूपीएसटीडीसी कीवेबसाइट की जा सकती है। टेंट कॉलोनी को तीनश्रेणियों में बांटा गया है, जिसमें 15 हजार रुपए किराए वाला प्रीमियम, 11 हजार 500 रुपए का लग्जरी और 7 हजार 500 रुपए का डीलक्स कॉटेज शामिल है। 12 प्रीमियम, 8 लग्जरी और 30 डीलक्स टेंट हैं जिनमें श्रद्धालुओं के लिए उसी शुल्क में सात्विक भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। टेंट कॉलोनी परिसर में यज्ञशालाएं बनाई गई हैं, लगातार भजन-कीर्तन हो रहा है। सांस्कृतिक रंग देने के लिए कलाग्राम विकसित किया गया है, जहां स्थानीय शिल्प और लोककला को बढ़ावा दिया जा रहा है। माघ मेले में रोजगार और नवाचार को विशेष बढ़ावा



मिला है, जहां संगम टेंट कॉलोनी में एक जिला एक उत्पाद ओडीओपी प्रदर्शनी के जरिए प्रयागराज की पारंपरिक मूंज कला के स्टॉल लगे हैं। कारीगरों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। माघ मेला 2026 न केवल आध्यात्मिक, सांस्कृतिक पहचान को मजबूत कर रहा है बल्कि उद्यमियों और हस्तशिल्पियों के लिए व्यापार का बड़ा मंच बन गया है, जहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु मूंज से बने डलिया, पेन स्टैंड, रोटी रखने के बर्तन, गमले और सजावटी सामान जैसे उत्पाद पसंद कर रहे हैं। नैनी क्षेत्र के महेवा इलाके की पारंपरिक कला, जिसे चांद जैसी कारीगर वर्षों से आगे बढ़ा रही हैं, आधुनिक रूप में सामने आकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना पा रही है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप माघ मेला केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि पर्यटन, रोजगार और स्थानीय कला को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। यूपीएसटीडीसी द्वारा विकसित संगम टेंट कॉलोनी इसका बेहतरीन उदाहरण है, श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव मिल रहा है।

## खबरें एक नजर में

### आलू बीज की मांग को कार्यालय जिला उद्यान दफ्तर में अवगत कराएं

**शाहजहांपुर।** जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने बताया कि प्रदेश में किसानों में वितरण, उत्पादन के लिए विभिन्न प्रजातियों के आलू बीज की मांग भारत सरकार से की जाती है तथा उसका उद्यान विभाग द्वारा संचालित राजकीय प्रक्षेत्रों पर संवर्धन कराकर आगामी सत्र में किसानों के मध्य नकद मूल्य पर वितरण के लिए जनपदों को आवंटित किया जाता है।किसानों से अनुरोध है कि आलू बीज की मांग कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी कमरा नंबर 109 भूतल विकास भवन पर अथवा प्रभारी आलू बीज अनिल कुमार उद्यान निरीक्षक के मोबाइल नंबर 7355703122 पर 7 दिन मे अवगत कराना सुनिश्चित करे। जिससे कि आलू बीज का प्रजातिवार मात्रा की मांग निदेशालय उद्यान विभाग से किया जा सके। अपेक्षा है कि प्रसंस्कृत तथा नवीन प्रजातियों को महत्व दे।

### प्रत्यावेदन 14 जनवरी की शाम 5 बजे तक कार्यालय में दें: बीएसए

**शाहजहांपुर।** जनपद में शिक्षकों का स्थानान्तरण, समायोजन विभिन्न विकास खण्डों के बन्द एवं एकल, प्रधानाध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालयों में किया गया है। जिसमें विभिन्न अध्यापकों के द्वारा अपनी विभिन्न शिकायतों को लेकर जनप्रतिनिधियों, डीएम, सीडीओ के समक्ष ज्ञापन आदि प्रस्तुत कर रहे हैं। बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि उक्त समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षिकों, शिक्षिकाएं समस्याओं के संबंध में अपना प्रत्यावेदन 14 जनवरी की शाम 5 बजे तक कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें। जिससे कि प्रार्थना-पत्रों को जनपद स्तरीय कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए नियमानुसार निस्तारण करते हुए कार्यवाही से अवगत कराया जाएगा।

### देय ऋण की धनराशि विलम्ब 31 मार्च तक कार्यालय में जमा कर दें

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास निग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में ऐसे ऋण गृहीता जिन्होने विभाग से ऋण लिया है उनके लिए विशेष आर्थिक लाभ के रूप में अवशेष देय,अधिदेय ऋण जमा करने के लिए नवीन एक मुश्त समाधान योजना लागू किए जाने की स्वीकृति 1 जनवरी से 31 मार्च तक प्रदान की गयी है। ऐसे ऋण गृहीताओं के लिए विशेष आर्थिक लाभ के रूप में अवशेष ऋण जमा करने के लिए नवीन एक मुश्त समाधान योजना लागू की गयी है। ऋण गृहीता से ऋण स्वीकृति की तिथि से 36 माह से लेकर 60 माह तक का ही साधारण ब्याज लिया जाएगा, शेष अवधि का सम्पूर्ण ब्याज,चक्रवृद्धि ब्याज, दण्ड ब्याज माफ कर दिया जाएगा। बकाया ऋण को प्रोत्साहित करते हुय ओटीएस का लाभ लाभार्थी के आवेदन पत्र पर ऋण खाते में अवशेष धनराशि पर नवीन एक मुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत लोन लेजर में बकाया धनराशि के आधार पर दिया जाएगा। अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास निगम लिमिटेड के जिला प्रबंधक राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि यदि आप निगम द्वारा संचालित नवीन एक मुश्त समाधान योजना का लाभ लेना चाहते है तो देय ऋण की धनराशि विलम्ब 31 मार्च तक कार्यालय में जमा कर दें, तो आपसे ऋण की धनराशि पर दण्ड ब्याज तथा चक्रवृद्धि ब्याज की छूट प्रदान करते हुए केवल साधारण ब्याज ही लिया जाएगा।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस 17 को नहीं 19 जनवरी को होगा आयोजित: डीएम

**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में 17 जनवरी को सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी पुरूष एवं महिला शाखा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन होगा। जिस कारण अधिकांश अधिकारी उक्त परीक्षा में व्यस्त रहने के कारण 17 जनवरी शनिवार को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस 19 जनवरी सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अंशुमन मैसी एवं विशिष्ट अतिथि एसएचओ बृजेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण को जाग्रत करना रहा। मुख्य अतिथि अधिवक्ता अंशुमन मैसी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है। खेलों के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित होती है। जिला संगठन मंत्री संदीप सागर जी ने कहा कि एबीवीपी का उद्देश्य केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि समग्र व्यक्तित्व विकास है। खेलों के माध्यम से हम युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और समर्पण का भाव जागृत करते हैं। अंत में बनके गांव 1 विजेता टीम को पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार जिला संगठन मंत्री संदीप सागर, महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव, जिला संयोजक वैभव सक्सेना, आकाश मैसी, अक्षय सक्सेना, करण सिंह आशुतोष मिश्रा, हर्षित ठाकुर, योगेश, अभिनेंद्र त्रिपाठी, आयुष शुक्ला सहित आदि कार्यकर्ता रहे।

### कम्बाइन मालिक ने फोरमैन पर रुपए हड़पने का लगाया आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** जिला अमेठी थाना गौरीगंज के गांव जगदीशपुर निवासी राजदेव पुत्र रामकृष्ण ने पुवायां कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गांव धारा निवासी आकाश पुत्र जसकरन मेरी कम्बाइन चलाने के लिए एडवांस 35 हजार रुपए डलवाएं। हमने आकाश के बताए खाते पर 35 हजार रुपए डाल दिए। उसके बाद चार लोग कम्बाइन की रिपेरिंग करने के लिए आए और रिपेयरिंग करने के बाद वह भाग आए। जब उनसे पास फोन लगाया तो उन लोगों ने काम करने से मना कर दिया उसके बाद उनसे रुपए वापस करने के लिए कहा लेकिन उन्होंने रुपए भी वापस नहीं किए। जिससे मेरी कम्बाइन पूरी सीजन खड़ी रहने के कारण हमें काफी नुकसान हुआ है। उसके बाद जब आकाश के घर रुपए लेने के लिए गया तो उसने रुपये देने से इनकार कर दिया साथ ही धमकी देते हुए कहा तुम मेरा कुछ नही बिगाड़ सकते हो इसलिए यहां से चले जाओ। जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर रुपए वापस कराएं जाने की मांग की।

### ई रिक्शा चालक के खिलाफ दी तहरीर

**पुवायां, शाहजहांपुर।** गांव करनापुर निवासी आमिर पुत्र यूसुफ ने ई रिक्शा चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की। आमिर ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि 19 दिसम्बर को मेरे पिता युशुफ करीब 6 बजे अपनी मोटरसाइकिल से खुटार से वापस घर लौट रहे थे। तभी गांव लक्ष्मीपुर के पास ई रिक्शा चालक ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पिता युशुफ को काफी गम्भीर चोटें आई। राहगीरों की सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस उन्हें सीएचसी खुटार लेकर गई जहां हालत गम्भीर होने के कारण हम लोगों को सूचना दी गई मौके पर पहुँचकर देखा जिसके बाद डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कालेज रेफर कर दिया हालत बिगड़ती देख मेडिकल कॉलेज से लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। ई रिक्शा चालक ने इलाज कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अब वह इलाज कराने से मुकर गया। आमिर ने तहरीर देकर ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

### घर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** एक किशोरी ने मोहल्ला रामनगर कॉलोनी निवासी सलमान पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने किशोरी की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि जब वह स्कूल या कोचिंग जाती है, तो सलमान गलत हरकतें करता है और उसका मोबाइल नंबर मांगता है। किशोरी के अनुसार, जब उसके पिता रात में खेत पर जाते हैं, तो सलमान रात में उनके घर का दरवाजा खटखटाता है। 12 जनवरी को शाम लगभग 5 बजे, जब किशोरी बर्तन धो रही थी, सलमान उसके घर में घुस गया। किशोरी के पिता ने उसे देख लिया, जिसके बाद सलमान वहां से भाग निकला। जब छात्रा के पिता ने कुछ कहा, तो सलमान के साथ चार पांच अन्य लोग डंडा लेकर उन्हें मारने आ गए। किशोरी ने यह भी आरोप लगाया है कि सलमान के साथ जाने वाले चार अन्य लोग भी उसके साथ छेड़खानी करते हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### 18 वाहनों पर चालान की कार्रवाई



**शाहजहांपुर।** शासन के निर्देश पर जनपद में जिला प्रशासन द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाए जाने के निर्देश दिए गये हैं। उक्त के क्रम में मंगलवार को परिवहन विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया तथा नियम विरूद्ध संचालित वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। इस अभियान के अन्तर्गत 7 यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग तथा 9 वाहनों पर परावर्ती टेप न लगे होने के कारण 18 वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी। परिवहन अधिकारियों द्वारा वाहन चालकों से नियमानुसार ही वाहन चलाने की अपील की गयी। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरिओम, यात्री-माल कर अधिकारी, आरपी गौतम, अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**परिवार में मचा कोहराम, खेत की रखवाली कर बाइक से घर लौट रहे थे युवक**







**कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कलान थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। फसल की रखवाली कर खेत से घर लौट रहे दो बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गांव में मातम पसर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना मंगलवार सुबह थाना क्षेत्र के गांव सरफरा मोड के पास हुई है। गांव कलेक्टर गंज निवासी अनिल 18 पुत्र यादिराम और नितिन 20 पुत्र मनीराम वर्मा अपने खेत से फसल की रखवाली कर बाइक से घर लौट रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में अनिल और नितिन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। जिसने भी सुना वह घटनास्थल की ओर दौड़कर जाने लगा।जानकारी के अनुसार अनिल सात भाई-बहनों में चौथे नम्बर का था तो वहीं नितिन तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था।घटना से अनिल की माँ मीना देवी और नितिन की माँ भूरी देवी समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर कलान थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा भर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## स्वामी विवेकानंद की एबीवीपी ने मनाई जयंती

**जैतीपुर/शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जैतीपुर इकाई ने मंगलवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा पखवाड़ा के तहत मनाई। इस अवसर पर महर्षि रामदास माध्यमिक विद्यालय मडुरिया में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ओमपाल सिंह ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने वक्तव्यों से सभी देशों को भारतीय संस्कृति को सर्वश्रेष्ठ मानने पर विवश कर दिया था। मुख्य वक्ता मचकेंद्र सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसकी स्थापना 9 जुलाई 1949 को देश हित और छात्र हित के लिए हुई थी। उन्होंने कहा कि ABVP स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानती है और युवाओं को देश एवं समाज के प्रति जागरूक करने का कार्य करती है। यह कार्यकर्ताओं और समाज में ज्ञान, चरित्र एवं शील का भाव पैदा करती है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को भारत माता के चित्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर मंत्री सौरभ, देवेंद्र पाल सिंह, अखिल शर्मा, रामवीर, लक्ष्मी नारायण, सतेंद्र, लकी यादव, विकास, हिमांशु, शिवांगी, शीतल, निधि यादव, वंदना, खुशबू, अंजू सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अनूप कुमार सक्सेना के असामयिक निधन पर कलेक्ट्रेट में शोक सभा आयोजित




**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट में 13 अक्टूबर 1992 से कार्यरत अनूप कुमार सक्सेना प्रधान सहायक आयु 59 वर्ष के बीती रात में हुए असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में एकत्र होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। जिलाधिकारी ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह कलेक्ट्रेट परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दुखद घड़ी में कलेक्ट्रेट परिवार दिवंगत कर्मचारी के परिजनों के साथ खड़ा है तथा उनके दुःख में सहभागी है।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आंतरिक प्रेरणा की अत्यंत आवश्यकता

**व्यावसायिक परामर्श एवं निर्देशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एस. एस. कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग में व्यावसायिक परामर्श एवं निर्देशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन एवं अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया कर किया गया। स्वागत भाषण में बोलते हुए प्रोफेसर प्रभात शुक्ल ने व्यावसायिक परामर्श एवं निर्देशन की आवश्यकता एवं महत्व पर भी प्रकाश डाला एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय के सचिव प्रोफेसर अवनीश मिश्रा ने कहा कि शिक्षण कौशलों का प्रयोग कर सही समय पर सही सूचना प्राप्त होना और उसका सही प्रयोग सबसे ज्यादा महत्व रखता है आज सूचनाओं का भंडार है किंतु उस भंडार में से सही सूचना प्राप्त कर उसका सही उपयोग करना अत्यंत महत्वपूर्ण है जो व्यक्ति इस कार्य को जितनी मेहनत से कर लेता है उतनी आसानी से सफलता को प्राप्त भी कर लेता है। प्रशिक्षुओ के लिए व्यावसायिक परामर्श एवं निर्देशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवनीत तिवारी ने प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आंतरिक प्रेरणा की अत्यंत आवश्यकता होती है। वर्तमान युग बदलाव का युग है वर्तमान समाज की मांग के अनुरूप विषयों का चयन अत्यंत सावधानी से करने की आवश्यकता है बदलाव के दौर में नवीनतम बदलाव को जानना और समझना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षक पात्रता परीक्षा हेतु विषयों की समन्वित तैयारी पर ध्यान देकर परीक्षा को आसानी से उत्तीर्ण किया जा सकता है किसी भी विषय की तैयारी हेतु स्वलिखित नोट्स सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए विशिष्ट अतिथि पुनीत मिश्रा ने कहा की परीक्षाओं में सफलता के लिए समय प्रबंधन और अपने विषय की गहन जानकारी आवश्यक है एवं कौशलों का भी महत्वपूर्ण स्थान होता है कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए एआरपी हरिकिशोर दीक्षित ने कहा की व्यवसायिक जीवन में अनुशासन का सबसे अधिक महत्व है और शिक्षा का उद्देश्य नौकरी न होकर सेवा हो तो वही शिक्षा उपयुक्त है। एआरपी सचिन मिश्रा ने कहा कि किसी भी पाठ्यक्रम की बारीकी को समझना सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है यदि सच्चे मन से प्रयास किया जाए तो लक्ष्य प्राप्त निश्चित ही होता है किंतु स्वयं के लिए समय निकालकर अपने कर्तव्य का पालन किया जाए तो सफलता को कोई भी रोक नहीं सकता । कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर बृज निवास ने सभी का आभार और धन्यवाद किया। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मीना शर्मा, डॉ. विनीत श्रीवास्तव, डॉ. शैलजा मिश्रा, डॉ. संजय कुमार, अमित गुप्ता, सौरभ मिश्रा, राजीव यादव, रोहित सिंह, राम औतार सिंह सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

## शिक्षक समायोजन प्रक्रिया को डीएम से निरस्त करने की मांग, बीएसए से वार्ता

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने डीएम से मिलकर जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किये गए सर प्लस शिक्षकों का एकल विद्यालय में समायोजन पर व्यापक विसंगति और शासनादेश व माननीय कोर्ट से पारित निर्णय के विपरीत की गयी समायोजन कार्यवाही कों निरस्त करने की मांग की, डीएम से वार्ता के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भी मिलकर समायोजन में की गयी विसंगति पर बिंदुवार वार्ता की, वार्ता में दोनों अधिकारियों द्वारा आश्वास्त किया गया है कि जिन आदेश पर विसंगति हुयी है उस पर संशोधन किया जाएगा, कोर्ट के आदेश और शासन से निर्गत आदेश के क्रम में हीं समायोजन की कार्यवाही की जाएगी। जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय द्वारा डीएम को बताया गया कि जिन विद्यालयों में एकल शिक्षक के रूप में प्रधानाध्यापक नियुक्त थे उन्हें 150 से कम छात्र नामांकन के आधार पर दूसरे विद्यालय में समायोजन कर दिया गया इससे वह विद्यालय भी बंद हो गया जबकि शासन द्वारा स्पष्ट किया गया था कि जिन विद्यालय में 2 से अधिक शिक्षक हो तभी समायोजन किया जाये वही हाई कोर्ट द्वारा भी एक आदेश के तहत 150 से कम छात्र नामांकन बाले प्रधानाध्यापक कों दूसरे विद्यालय में समायोजित करने पर रोक लगायी गयी थी। जोकि कोर्ट ऑर्डर अभी भी प्रभावी है परन्तु बीएसए द्वारा ऐसे प्रधानाध्यापक कों दूसरे विद्यालय में समायोजित कर देने से कोर्ट की अवमानना की गयी है और शासनादेश का उलंघन भी, इसके साथ हीं कर्मचारी सेवा नियमावली में स्पष्ट उल्लेख है कि जिन कार्मिकों की सेवा अवधि 6 माह तक शेष हो उन्हें स्थानांतरण आदि कार्यवाही से पृथक रखा जायेगा परन्तु बीएसए द्वारा ऐसे कई शिक्षकों कों समायोजन कार्यवाही में सम्मिलित कर लिया गया जिनकी सेवानिवृत्ति 31 मार्च 2026 कों होनी है। इस बार समायोजन कार्यवाही में दिव्यांग, महिला और रोगी शिक्षकों कों नियमानुसार काउंसलिंग से वंचित रखा गया जबकि नियमानुसार सर प्लस शिक्षकों की सूची और जनपद में बंद व एकल विद्यालयों की सूची सार्वजनिक करके महिला व दिव्यांग शिक्षकों से काउंसलिंग कराके विद्यालय चुनने का अवसर देना चाहिए था परन्तु ऐसा नहीं किया गया इससे महिला शिक्षकों और दिव्यांग शिक्षकों कों 60 से 80 किमी दूर भेज दिया गया, वही गंभीर रोग से पीड़ित जिनकी दोनों किडनी खराब होने से ट्रांसप्लांट किया गया है उस शिक्षक कों भी उसकी शारीरिक स्थिति नजर अंदाज करके 65 किमी दूर भेज दिया गया इसलिए इस समायोजन कार्यवाही में व्यापक विसंगति किये जाने के कारण इसका निरस्त किया जाना ही एकमात्र विकल्प है। विसंगति पूर्ण समायोजन कार्यवाही कों निरस्त करके आवश्यकता अनुसार शासन व कोर्ट के आदेश अंतर्गत सर प्लस शिक्षकों व एकल व बंद विद्यालयों की सूची सार्वजनिक करते हुए महिला व दिव्यांग शिक्षकों की विद्यालय चयन करने को काउंसलिंग करायी जाये और 150 से कम बाले और 2 शिक्षक से कम बाले प्रधानाध्यापक कों समायोजन से पृथक रखा जाए। डीएम से मिलने व वार्ता करने में रत्नाकर दीक्षित, अरविन्द वर्मा, नवनीत तिवारी, राजेश कुमार और वेद वर्मा उपस्थित रहे।

## सहज मार्ग शांति, करुणा और संतुलन की साधना, गांव-गांव चला हार्टफुलनेस एकात्म अभियान

**शाहजहांपुर।** पुवायां के गांवों में इन दिनों अंतर्मन का दीप प्रज्वलित होता दिखाई दिया। रामचन्द्र मिशन आश्रम की स्वर्ण जयंती समारोह से पूर्व जनपद में संचालित हार्टफुलनेस एकात्म अभियान के अंतर्गत गांव-गांव शांति, करुणा और चेतना की आध्यात्मिक धारा प्रवाहित हुई। ठिठुरन भरी ठंड के बावजूद मिशन के प्रशिक्षक और स्वयंसेवक उत्साह और समर्पण के साथ सहज मार्ग साधना और हार्टफुलनेस मेडिटेशन के माध्यम से ग्रामीणों को आत्मबोध की उस यात्रा पर आमंत्रित किया, जहां मौन में उत्तर और शांति में समाधान स्वतः प्रकट होता है। पुवायां ब्लाक के नाहिल, उमरसंडा, रहदेवा, लखनपुर, इटौली, पीरु, बड़ागांव, धारा, सकरापुर, सिरखिड़ी, महुआ पाठक, बलैया, हरना, ढकिया बुजुर्ग, मजीदपुर, सुनायरा, घनश्यामपुर खुर्द, बद्रीपुर, भटपुरा चंदू, मुकीमपुर, बेहटा, अगौना बुजुर्ग, गुधनी, सुमलिया टकेली, बितौनी सहित दर्जनों गांवों में आयोजित ध्यान-सत्रों ने जनमानस को शांति, आत्मचिंतन और करुणा के सूत्र में पिरो दिया। मिशन के प्रशिक्षकों ने अपने संदेश में कहा कि आध्यात्म केवल एकांत की साधना नहीं, बल्कि दैनिक जीवन को सहज, संतुलित और करुणामय रूप में जीने की कला है। अभियान में विनोद श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह, नीरज कुमार, ए.के. मिश्रा,नीलम सेठ,अजीत सिंह, आनंद कुमार, शैलेन्द्र यादव डा. सुरेश सिंह, संतोष कुमार सेठ,रोशनी यशोवर्धन नवीन कुमार, एन.पी. तिवारी, डॉ. मुकेश कुमार, सुशीला, रिचा श्रीवास्तव,अनत श्रीवास्तव, किरण, विनय महाजन,मीनाक्षी शर्मा, संपूर्ण मिश्रा, पूनम अग्निहोत्री, संगीता तिवारी, वंदना, रेखा तिवारी, प्रिया सक्सेना, दीपक, अंजू सिंह, सीमा, सहित अनेक प्रशिक्षकों व स्वयंसेवकों का सहयोग रहा।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य की मां की अंत्येष्टि में उमड़ी भारी भीड़

**विधायक सलोना, अरविंद, प्रिंस समेत तमाम राजनैतिक लोगों ने जताया शोक**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पूर्व ब्लॉक प्रमुख शक्ति कुमार सिंह व जिला पंचायत सदस्य सौरभ सिंह गांधी की दिवंगत हुई मां मनोरमा की डभौरा श्मशानघाट पर शुभचिंतकों की भरी भीड़ के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया । मुखाग्नि बेटे सौरभ सिंह गांधी ने दी। इस मौके पर तमाम राजनैतिक लोग व गणमान्यों ने सजल नेत्रों से दिवंगत मां को अंतिम विदाई दी। गौर तलब है कि मनोरमा सिंह 80 ने बीमारी के चलते रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे निज निवास पर अंतिम सांस ली थी। सोमवार को शोकग्रस्त परिवार में विधायक सलोना कुशवाहा, विधायक वीर विक्रम सिंह, विधायक अरविंद सिंह, पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल यादव, देवेंद्र गुप्ता, चीनीमिल उप सभापति दोदराम कुशवाहा, पूर्व उप सभापति सुरेशपाल सिंह, निगोही ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, खुदागंज नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा सिंह के पति सुधीर सिंह, पूर्व विधायक देवेंद्र पाल सिंह, लखन प्रताप सिंह, गौरव चौहान, देवव्रत सिंह, भाजपा नेता अरुण गुप्ता, अभय सक्सेना, सराफ प्रमोद गुप्ता डब्लू, सुशील बाबू गुप्ता, अरुण यादव चैनू, झब्बू सिंह यादव, विकास सक्सेना, अजय सिंह, कमलेश गुप्ता पप्पू, प्रेमपाल सिंह, केडी सिंह, धीरज साहनी, डायरेक्टर धर्मवीर गंगवार, शिक्षक नेता आनंद गंगवार, संतोष गुप्ता समेत सैकड़ों लोगों ने शोक व्यक्त किया। उधर श्मशान घाट पर भी अंतिम दर्शनों को भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

## प्रियंका गांधी देश की आधी आबादी की एक सशक्त आवाज़ है: जिलाध्यक्ष



**शाहजहांपुर।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन धूमधाम से कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर मनाया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए और कार्यालय को साज सज्जा कर प्रियंका गांधी के फोटो के साथ केक काटकर मिठाई से एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि प्रियंका गांधी के नेतृत्व में 2027 का विधानसभा चुनाव हम लड़ेंगे और जीतेंगे प्रियंका गांधी देश की आधी आबादी, शोषित, दलित, पीड़ित, वर्ग की एक सशक्त आवाज़ है। यही आवाज़ अब देश की संसद में बुलंद हो रही है।महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कहा है जब से प्रियंका गांधी लोकसभा पहुंची है तब से केंद्र की मोदी सरकार के होश उड़ गए है ।प्रियंका गांधी हर मुद्दे पर उनको घेरने का कार्य कर रही है।इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, अनूप वर्मा, तनवीर सफदर, अनस इक़बाल, फैजान अली खान, कृष्ण विनोद मिश्रा, बिंदेश्वरी राज, पूनम पांडेय, सफिया बेगम,अफजाल खान, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, अरुणोद मिश्रा, फैज राजा, अदीब अहमद, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दोषपूर्ण समायोजन प्रक्रिया हो रद्द, पुनः हो समायोजन की कार्रवाई: यूटा

**शिक्षक समायोजन में अनियमितता को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के जिलाध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार और जिला महामंत्री हरिशंकर के नेतृत्व में दर्जनों शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को ज्ञापन देते हुए शिक्षक समायोजन में हुई अनियमितताओं के सम्बन्ध में वार्ता करते हुए बताया जनपदीय स्थानांतरण, समायोजन शासनादेश 14 नबंवर 2025 के निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। उक्त शासनादेश के बिंदु संख्या-3 में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण अपेक्षाकृत से अधिक अध्यापक वाले विद्यालयों से शिक्षक विहीन तथा एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में उस सीमा तक किया जायेगा, ताकि हर विद्यालय में कम से कम 2 अध्यापक हो, उक्त बिंदु के निर्देशों का खुला उल्लंघन करते हुए 150 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों से प्रधानाध्यापक को समायोजित कर बड़ी संख्या में विद्यालयों को शिक्षक विहीन एवं एकल कर दिया गया। जनपद के बहुत से विद्यालयों में 150 से कम छात्र संख्या होने के बाद भी प्रधानाध्यापकों का समायोजन जानबूझकर नहीं किया गया है। दिव्यांग, गंभीर रोगी, महिला और वरिष्ठ शिक्षकों को दूरस्थ ब्लॉकों में 40 से 50 किलोमीटर दूर स्थानांतरित कर दिया गया है। 31 मार्च को सेवानिवृत हो रहे शिक्षक,शिक्षिकाओं को भी दूरस्थ ब्लॉकों में स्थानांतरित किया गया। जिनकी सेवा मात्र दो माह शेष है, उच्च न्यायालय के आदेश 06 नबंवर 24 के द्वारा कनिष्ठ शिक्षक के समायोजन पर रोक लगाने के बाद भी समायोजन में सरप्लस कनिष्ठ शिक्षकों को समायोजित कर दिया गया है जो कि उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। स्थानांतरण-समायोजन में बहुत से शिक्षक विहीन एवं एकल विद्यालयों में कोई शिक्षक नहीं भेजा गया जबकि बहुत से एकल विद्यालयों में दो-दो शिक्षक भेजे गए जिस कारण बहुत से विद्यालय समायोजन के बाद भी शिक्षक विहीन रह गए। जबकि शासनादेश में प्रत्येक विद्यालय में दो-दो शिक्षक होने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। कुछ ब्लॉकों के समायोजित 80 प्रतिशत शिक्षकों को कार्यरत ब्लॉक,पड़ोस के ब्लॉक में न समायोजित कर 50 से 60 किलोमीटर दूर दूरस्थ ब्लॉकों में समायोजित किया गया है। जनपद में स्थानांतरण, समायोजन की कार्यवाही में विद्यालय आवंटन किस नियम और शासनादेश के तहत किया गया है जिसकी अद्यतन स्थिति स्पष्ट नहीं है। यूटा द्वारा डीएम से मांग की गई कि जनपदीय स्थानांतरण-समायोजन की दोष पूर्ण प्रक्रिया को रद्द करते हुए पुनः पूर्ण पारदर्शी प्रक्रिया के तहत स्थानांतरण-समायोजन की कार्यवाही पूर्ण की जाए। जिसमें शिक्षकों को विद्यालय आवंटन हेतु काउंसलिंग कराकर या फिर कार्यरत विद्यालय के ग्राम पंचायत, न्याय पंचाय, ब्लॉक या फिर पड़ोस के ब्लॉक में समायोजित करने की कार्यवाही की जाए। ज्ञापन कार्यक्रम में मनोज शर्मा जिला संरक्षक, मसरूफ अली वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, पृथ्वी राज जिला कोषाध्यक्ष, अवनीश कुमार सिंह जिला संयुक्त महामंत्री, शिव सिंह जिला सोशल मीडिया प्रभारी, राघवेंद्र कुशवाहा मंत्री, दीपक पाल जिला उपाध्यक्ष, विधु शेखर ब्लॉक अध्यक्ष भावलखेड़ा, नितिन वर्मा ब्लॉक मंत्री भावलखेड़ा, अंचल कनौजिया, संदीप सिंह, तोता राम सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अधिवक्ता के साथ अभद्र व्यवहार, नाराज वकीलों ने कोतवाली में व्यापारी के खिलाफ दी तहरीर

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** नगर जलालाबाद के मोहल्ला सादुल्लागंज निवासी अंकित शुक्ला एडवोकेट ने थाने में मंगलवार दोपहर के 12:00 बजे प्रार्थना पत्र देकर बताया कि आज सुबह 10:00 बजे वहां अपनी पत्नी की दवा लेने डॉक्टर जे एन मिश्रा के यहां गए थे और दवा लेकर घर वापस लौट रहे थे तभी अश्विनी चौराहे पर गली में मुकेश नमकीन वाले के पास पहुंचे जहां पर प्रशांत व अर्पित पहले से ही खड़े थे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल का हॉर्न बजाय इसी बात पर प्रशांत व अर्पित ने गाली गलौज करने लगे जब उन्होंने गालियां देने का विरोध किया तभी आरोपियों ने कहा इधर से निकलना बंद करो नहीं तो दिमाग सही कर देंगे आरोपियों के हाथ में डंडे थे और उन्होंने अधिवक्ता के साथ अभद्रता की, प्रार्थी के साथ पत्नी थी इसलिए कुछ बोला नहीं. जैसे ही इसकी खबर वकीलों को लगी तो भारी संख्या में वकील कोतवाली पहुंचे और कोतवाली का घेराव कर आरोपी द्वारा सड़क पर दुकान लगाने बाली एवं अधिवक्ता के साथ गाली गलौज करने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई की मांग की वहीं पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### बाइकों की जबरदस्त भिड़ंत, एक की मौत, तीन घायल

**पुवायां।** नगर के निगोही रोड पर दो बाइकों की आपस मे हुई भिड़ंत में एक बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए, उपचार के दौरान दो युवकों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां एक युवक की रास्ते मे मौत हो गई। युवक की मौत से घर मे कोहराम मच गया। सिंधौली क्षेत्र के गांव आमडार निवासी विकास पुत्र अनिल उम्र लगभग 19 वर्ष अपने साथी अतुल पुत्र विजयपाल उम्र 15 वर्ष व अपने ममेरे भाई पुवायां के गांव जाठियापुर निवासी अनुज प्रताप सिंह उर्फ अनमोल पुत्र राजबहादुर उम्र 28 वर्ष को साथ लेकर पुवायां की ओर जा रहा था। पुवायां पहुंचने पर बाल्मीकि मंदिर के पास अचानक उसकी बाइक सामने से आ रही एक बाइक से टकरा गई। टक्कर के बाद तीनों गिरकर घायल हो गए, वहीं दूसरा बाइक सवार मौके से भाग निकला। आनन फानन में घायलों को अस्पताल भिजवाया गया, जहां से अनुज व विकास को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं मामूली रूप से घायल अतुल को अस्पताल से ही छुट्टी दे दी गई। परिजनों के अनुसार विकास की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### मकर संक्रांति पर दिव्य साधना महोत्सव का आयोजन

**शाहजहांपुर।** मानव जीवन की उन्नति और आध्यात्मिक प्रगति के उद्देश्य से मकर संक्रांति के पावन अवसर पर एक दिव्य साधना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 14 जनवरी 2026 को लोदीपुर स्थित संयोगिता पैलेस में आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय गूढ़ विद्याओं के जनक परमेश्वर गुरु परमहंस स्वामी निखलेश्वरानंद की दिव्य गुरु-परंपरा के अंतर्गत, गुरुदेव कैलाश श्रीमाली के सान्निध्य में किया जा रहा है। इस अवसर पर महाकाल, विश्वनाथ शिवतत्व, गौरी लक्ष्मी साधना महोत्सव के साथ-साथ विशेष दीक्षा कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजकों के अनुसार, शिविर में साधकों एवं श्रद्धालुओं को संतान संस्कार, आज्ञा पालन, ज्ञान-वृद्धि तथा जीवन को पूर्णता की ओर अग्रसर करने हेतु दीक्षा युक्त चेतन्य हनुमान बाहु धारण कराई जाएगी। इसके माध्यम से नजर दोष, तंत्र-बाधा, प्रेत बाधा, पितृ संताप एवं अकाल मृत्यु जैसे कुप्रभावों के शमन का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके साथ ही शिविर में विभिन्न साधनाएं एवं देव-दुर्लभ दीक्षाएं भी प्रदान की जाएंगी। आयोजकों ने बताया कि इस आध्यात्मिक शिविर का उद्देश्य लोगों को दिव्य क्षणों को आत्मसात कर जीवन में पूर्णता एवं संतुलन स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का आयोजन सिद्धाश्रम साधक परिवार, शाखा शाहजहाँपुर द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

### जलालाबाद तहसील परिसर में भ्रष्टाचार को लेकर वकीलों का कार्य बहिष्कार जारी, की नारेबाजी



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** तहसील जलालाबाद के अधिवक्ता तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार से परेशान हो चुके है। उनकी पत्रावलियों की समय से सुनवाई नहीं की जाती है। एवं लेखपालों द्वारा तरह-तरह के ऑब्जेक्शन लगाकर फाइलें निरस्त की जा रही है। जिससे उनकी पिछले 20 दिन से कार्य बहिष्कार की हड़ताल चल रही है। आज 20वें दिन मंगलवार को दोपहर के 2:00 बजे वकीलों ने सामूहिक रूप से एकत्र होकर पूरे तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया वह एसडीएम कार्यालय के सामने पहुंचे और नारेबाजी करते रहे इसके बाद तहसीलदार के ऑफिस के सामने पहुंचे और नारेबाजी करते रहे। इस अवसर पर तहसील के सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

### नगर पालिका के कर्मचारियों ने 20 आवारा गौवंशों को पकड़ा

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद में एसडीएम प्रभात कुमार राय के निर्देश पर नगर पालिका कर्मचारियों ने 20 आवारा गौवंशों को पकड़ा। इन पशुओं को जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के गांव डोलापुर स्थित गौशाला में भेजा गया है। नगर में बड़ी संख्या में आवारा गौवंश घूम रहे थे, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही थीं। इन पशुओं के हमलों से कई नगरवासी और बच्चे घायल भी हो चुके थे।इसी समस्या को देखते हुए, एसडीएम प्रभात कुमार राय ने जलालाबाद नगर पालिका को निर्देश दिए थे कि नगर में घूम रहे आवारा गौवंशों को पकड़कर गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए।निर्देशों का पालन करते हुए, नगर पालिका कर्मचारियों ने लगभग 20 आवारा गौवंशों को रेस्क्यू किया। इन सभी पशुओं को डोलापुर की गौशाला में पहुंचाया गया।डोलापुर गौशाला में पहुंचे इन गौवंशों के लिए खाने-पीने और उनकी देखरेख की उचित व्यवस्था की जाएगी।जलालाबाद नगर पालिका के ईओ एच.एन. उपाध्याय ने बताया कि आवारा गौवंशों को पकड़ने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

### पंचायत अध्यक्ष के पति पर धोखाधड़ी और उत्पीड़न के आरोप, सीएम योगी को लिखा पत्र

**पीलीभीत।** जिले के पूरनपुर क्षेत्र में एक स्थानीय राइस मिल व्यापारी ने भाजपा से जुड़े प्रभावशाली नेताओं पर धोखाधड़ी, बकाया राशि न चुकाने और पुलिस-बैंक के माध्यम से उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित व्यापारी भीमसेन अग्रवाल ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है।अग्रवाल के अनुसार, उन्होंने अपनी राइस मिल का सौदा भाजपा नेता गुरभाग सिंह और उनके परिवार के साथ 6 करोड़ रुपये में तय किया था। समझौते की समय सीमा समाप्त होने के बावजूद अभी तक उन्हें पूरी राशि नहीं मिल पाई है। अब तक बैंक खाते में मात्र 2 करोड़ 38 लाख रुपये ही जमा हुए हैं, जिसमें 14 महीने का ब्याज भी शामिल है। व्यापारी का दावा है कि मिल पर बैंक का बकाया, बिजली बिल, मंडी शुल्क और जीएसटी सहित लगभग 4 करोड़ रुपये की देनदारी भी अभी बाकी है। बावजूद इसके उन पर बिना बकाया चुकाए मिल की रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पूरनपुर पुलिस और बैंक अधिकारियों के जरिए उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। भीमसेन अग्रवाल ने पत्र में बताया कि उनका परिवार पिछले 50 वर्षों से भाजपा से जुड़ा हुआ है, लेकिन अब उन्हें अपनी ही सरकार में धमकियां और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। इस विवाद से उत्पन्न मानसिक और आर्थिक तनाव के कारण उनके परिवार का स्वास्थ्य भी प्रभावित हुआ है। अग्रवाल ने खुलासा किया कि उनकी बहू की किडनी खराब है और उसकी हालत लगातार बिगड़ रही है। स्वयं भीमसेन भी बीमार हैं।पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि वे इस मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप करें, न्याय सुनिश्चित करें और भू-माफिया जैसी गतिविधियों में लिप्त लोगों से उनके परिवार की सुरक्षा प्रदान करें।

### जिला संयुक्त बार एसो. के वार्षिक चुनाव की सरगर्मियां हुईं तेज

**पीलीभीत।** जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन वापसी के बाद अब चुनावी तस्वीर साफ हो चुकी है। आगामी 17 जनवरी को बार एसोसिएशन के 408 सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए युवा अधिवक्ता राजीव अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष बाबूराम शर्मा और पूर्व सचिव साबिर हुसैन अंसारी मैदान में हैं। चुनावी विश्लेषकों के अनुसार, मुख्य मुकाबला अवस्थी और शर्मा के बीच होने की संभावना है। दोनों प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए सक्रिय प्रचार कर रहे हैं। यह चुनाव प्रक्रिया पहले काफी उतार-चढ़ाव भरी रही है। पूर्व में पुरानी कमेटी ने मतदाता सूची में गड़बड़ी और गैर-प्रैक्टिसिंग सदस्यों के नाम शामिल होने पर आपत्ति जताई थी। इस विवाद के कारण एल्डर कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर सिंह ने इस्तीफा दे दिया था, जिससे चुनाव टलने की स्थिति बन गई थी। हालांकि, सचिव राकेश नाथ अग्रवाल और अन्य पदाधिकारियों ने वरिष्ठ अधिवक्ता कुलदीप सक्सेना को चुनाव अधिकारी नामित कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। यह निर्णय लिया गया कि वर्तमान कमेटी भी इसी मतदाता सूची से चुनी गई थी, इसलिए नामांकन तय समय पर होंगे और सूची को भविष्य में अद्यतन किया जाएगा। इस चुनावी प्रक्रिया के दौरान कुछ पदों पर निर्विरोध निर्वाचन भी हुआ है। सह सचिव (प्रकाशन) पद पर सैय्यद शाहअली हैदर जाफरी, सह सचिव (प्रशासन) पद पर निरंजन प्रसाद और सह सचिव (पुस्तकालय) पद पर कुलदीप राठौर निर्विरोध चुने गए हैं। कनिष्ठ वर्ग के उपाध्यक्ष पदों पर कमलेश कुमार पाल और जय प्रकाश वर्मा का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में धर्मेंद्र कुमार, राजीव त्रिपाठी और अशोक पाठक निर्विरोध चुने गए हैं। अध्यक्ष पद के अतिरिक्त, सचिव पद के लिए विद्या राम वर्मा, अजय किशोर शर्मा, सुधीर मिश्रा, ज्योति प्रकाश शुक्ला और विनीता सक्सेना के बीच मुकाबला है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संजय सिंह तोमर और अखिलेश कुमार शर्मा अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय बरुआ और लेखराज गंगवार के बीच सीधी टक्कर है।

# पालिका की दुकानों का खुली बोली पर हुआ आवंटन

▸ **नायब तहसीलदार की देख रख में प्रक्रिया हुई संपन्न**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका द्वारा तहसील रोड स्थित 13 दुकानों की नायब तहसीलदार पूनम मधुकर व चेयर पर्सन हाजरा बेगम के सानिध्य में ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने खुली बोली लगवाकर अधिकतम बोली लगाने वाले आवेदकों के नाम आवंटन किया । इस मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा। मंगलवार को अपरान्ह चार बजे पालिका सभागार में 13 दुकानों के आवंटन के लिए 17 आवेदकों ने भाग लिया । पालिका के संपत्तियों कमलदीप श्रीवास्तव ने नियम शर्तो को पढ़कर सुनाया। तदोपरांत सरकारी छह लाख रुपए से आगे बोली शुरू हुई।

जिसमें दुकान संख्या एक मो फिरोज की सर्वाधिक बोली 7 लाख 20 हजार में, दुकान संख्या दो अनुसूचित आरक्षित में कैलाश चंद्र की 6 लाख 22 हजार में, दुकान संख्या तीन ज़ोहेल खान 6 लाख 50 हजार में, दुकान संख्या चार शब्ली अख्तर 6 लाख 40 हजार में, दुकान संख्या पांच सचिन गुप्ता 6 लाख 60 हजार, दुकान संख्या छह आशीष यादव 6 लाख 70 हजार में, दुकान संख्या सात सुनील शर्मा 6 लाख 30 हजार में, दुकान संख्या आठ सईदा बेगम 6 लाख 20 हजार में, दुकान संख्या 10 कंचन 6 लाख 20 हजार में, दुकान संख्या 11 अजय कुमार 6 लाख 25 हजार में, दुकान संख्या 12 वसीम अहमद 6 लाख 20 हजार तथा दुकान संख्या 13 कलीम खान के नाम, 6 लाख 20 हजार में बोली छूटी। दुकान संख्या नौ अनुसूचित आरक्षित थी । जिम तीसरे व्यक्ति के न होने से नीलामी नहीं हो सकी। ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि अनुसूचित वर्ग के लिए एक दुकान का नीलामी द्वारा अग्रिम समय में आवंटल किया जाएगा। गौरतलब है कि उक्त दुकानों के आवंटन के लिए 2022 में भी प्रक्रिया शुरू की गई थी । लेकिन किसी कारण स्थगित कर दी गई । जिसके कई आवेदक इस बोली में नियमानुसार सहभागी नहीं बन सके। नीलामी व आवंटन प्रक्रिया में आरआई सुशांत कुमार, एसआई राजीव कुमार, जेई पियूष मिश्रा, प्रधान लिपिक अय्यूब हुसैन, इस्लाम अली, अरविंद कुमार आदि शामिल रहे । इस मौके पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका व सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसआई प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### दुर्घटना ग्रस्त को अस्पताल पहुंचाओ, 25 हजार इनाम पाओ

**शाहजहांपुर।** अब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय रहते अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीर को सरकार की ओर से 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। इस संबंध में यातायात प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद घबराने की नहीं, बल्कि तुरंत मदद करने की जरूरत है। घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से कोई पूछताछ या परेशानी नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। यातायात प्रभारी ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, तेज रफ्तार से बचने और शराब पीकर वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे बड़ा उपाय है।

## कोला घाट पुल से लोहे का वीटी कॉलम चोरी करने वाला गिरफ्तार



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया लोहे का वीटी कॉलम बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण एवं गश्त अभियान के तहत की गई। 12 जनवरी 2026 को वादी प्रमोद कुमार निवासी पिपरिया नगला थाना मिर्जापुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर कोला घाट पुल से लोहे का वीटी कॉलम चोरी कर ले जा रहे अभियुक्तों को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान अभियुक्त गुड्डू पुत्र रामभजन निवासी गंगानगर थाना मिर्जापुर को मौके पर पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी अवनीश पुत्र रतीपाल फरार होने में सफल रहा। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया एक अदद लोहे का वीटी कॉलम तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस संबंध में थाना मिर्जापुर पर मुअसं 005/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। बरामद मोटरसाइकिल का धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत चालान किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है, वहीं फरार अभियुक्त की तलाश जारी है।

### श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन, ध्रुव भक्त की कथा सुन भाव विह्वल हुए श्रोता

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला दातागंज मठिया मंदिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के दसरे दिन महाराज ध्रुव का पवन आख्यान सुनकर श्रोतागण भाव विह्वल हो उठे। कथा व्यास पंडित शिव ओम मिश्रा ने सुनाया कि पिता की गोद के लिए सौतेली माता द्वारा त्रस्कृत किए बालक ध्रुव देवरिषि नारद की प्रेरणा से इतना ऊंचा स्थान मिला जो आज भी आकाश में ध्रुव तारा के रूप में संसार के प्राणियों को दिव्य दर्शन करा रहे है। अर्थात ईश भक्ति से कठिन से कठिन परिस्थिति सामान्य ही नहीं होती बल्कि जप तप करने वाले का कल्याण होना सुनिश्चित है। कथा व्यास ने भक्ति के विभिन्न प्रसंगों का आख्यान करते हुए सुमधुर संगीतमय भजनों के माध्यम से सभींको भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर आयोजक मंडल के सदस्यों की विशेष भागीदारी रही।

## राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में लगा आपदा प्रबंधन एवं जागरूकता शिविर

▸ **मॉकड्रिल प्रदर्शन कर दी गई महत्वपूर्ण जानकारी**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




नगर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में एनडीआरएफ व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वय से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने शिविर आयोजित कर छात्राओं को आपदा प्रबंधन के टिप्स दिए। सोमवार को एनडीआरएफ के सहायक उप निरीक्षक रमाकांत यादव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल टीम ने छात्राओं को प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के समय त्वरित बचाव और सुरक्षा के उपायों के बारे में प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ के विशेषज्ञों ने मॉक ड्रिल और प्रदर्शन के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। भूकंप के दौरान 'ड्रॉप, कवर और होल्ड' की तकनीक और आग लगने की स्थिति में अग्निशमन यंत्रों का सही प्रयोग बताया। एनडीआरएफ के सहायक उप निरीक्षक रमाकांत यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे राष्ट्र के सजग प्रहरी हैं। यदि वे आपदा प्रबंधन के इन तरीकों को सीखते हैं, तो वे न केवल अपनी जान बचा सकते हैं बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी मददगार साबित हो सकते हैं। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं के अलावा स्टाफ की शशि आजाद, रिफायत बानो, दीप्ति यादव, मुनीष, रंजीत सिंह, मानसी, उमम खानम, रमा जौहरी, रीतू, रीना, स्वाति, स्वालेहा आदि के अलावा सूरज, कांति देवी, राजेश, कृष्णपाल आदि उपस्थित रहे।

### सीएचसी के बाहर से हटाया गया अतिक्रमण

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर पालिका की टीम ने ईओ सत्येंद्र प्रकाश के निर्देशन में सीएचसी के मुख्य द्वार से अतिक्रमण हटवाया। ईओ ने दोबारा अतिक्रमण करने पर मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी दी। सीएचसी के तीनों मुख्य गेटों पर अतिक्रमण होने तथा ई रिक्शा द्वारा जाम लगाने की शिकायत लगातार लोगों द्वारा की जा रही थी। सामाजिक संगठनों की नाराजगी के बाद सीएचसी प्रभारी डा.ओमेंद्र राठौर ने एसडीएम तथा नगर पालिका को पत्र भेजकर अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की थी। मंगलवार की दोपहर ईओ सत्येंद्र प्रकाश व राजस्व निरीक्षक सुशांत कुमार पालिका टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने अस्पताल के गेट पर अतिक्रमण हटवाया। अस्पताल के गेट पर अब किसी ने दोबारा अतिक्रमण किया तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इस दौरान जेई पीयूष मिश्रा, सफाई निरीक्षक राजीव कुमार, प्रधान लिपिक मो. अयूब आदि मौजूद रहे।

## बाल विवाह मुक्त भारत के द्वितीय चरण के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर।** डीएम एवं सीडीओ के निर्देशन के क्रम में व जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद विद्यापीठ, श्री हनुमानजी बालाजी मंदिर में किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में जानकारी देते हुए हुए बताया कि बाल विवाह करने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पूर्णतया नहीं हो पता है,जिससे बालक एवं बालिकाओं का पूरा जीवन अंधकारमय बीतता है। बाल विवाह बच्चों का बचपन छीन लेता है और उनकी खुशहाली को खतरे में डाल देता है। 18 साल से कम उम्र में शादी करने वाली लड़कियों के घरेलू हिंसा का शिकार होने की संभावना ज्यादा होती है और उनके स्कूल में बने रहने की संभावना भी कम होती है। बाल विवाह करना एक कानून अपराध है यदि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह करता है तब उसको 1 लाख रुपए जुर्माने 2 वर्ष तक का कठोरतम कारावास या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा। परिवार, समाज, समुदाय एवं देश के प्रत्येक नागरिक को बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय सहभागिता के साथ बाल विवाह का अंत करना होगा तभी बाल विवाह मुक्त भारत संभव हो सकेगा । टीम द्वारा बताया गया कि विवाह करने की उम्र लड़की की 18 वर्ष से अधिक तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए । सभी ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के प्रतिज्ञा की। इसी क्रम में टीम द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर,बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, 181 महिला हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पति की मृत्यु पर निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि उक्त कार्यक्रम में स्वामी रामाधीशानंद महाराज बालाजी मन्दिर के महंत रामलखन गिरी महाराज, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अमितेश अमित द्विवेदी, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह, काउंसलर प्रतिभा मिश्रा, ज्ञान स्वरूप, दिवाकर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### रेलवे प्लेटफॉर्म पर बुलेट पर केक काटकर हुडदंग का वीडियो वायरल

**पूरनपुर, पीलीभीत।** पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर एक युवक ने बुलेट बाइक पर केक काटकर हुडदंग मचाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना रेलवे प्लेटफार्म पर हुई, जहां युवक ने बुलेट बाइक को तेजी से दौड़ाया और केक काटकर जश्न मनाया। इस घटना के बाद रेलवे प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कैसे एक युवक प्लेटफार्म पर बुलेट बाइक लेकर पहुंच गया और उसने हुडदंग मचाया। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी इस तरह की शिकायतें रेलवे प्रशासन से की गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।रेलवे प्रशासन ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। लेकिन सवाल यह है कि आखिर रेलवे प्रशासन अपनी जिम्मेदारी कब समझेगा और प्लेटफार्म पर इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाएगा।

### खाई में गिरी स्कार्पियो, दो युवकों की मौत, एक गंभीर

**पूरनपुर, पीलीभीत।** पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के पूरनपुर-खुटार नेशनल हाईवे पर कजरी निरंजनपुर के पास एक अनियंत्रित स्कार्पियों खाई में गिर गई, जिसमें दो युवकों की मौके पर मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।मृतकों की पहचान जयदीप उर्फ दीपू (32 वर्ष) और हरमीत सिंह (38 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक की पहचान लवजीत सिंह (26 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों युवक एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी उनकी स्कार्पियों अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जयदीप और हरमीत सिंह को मृत घोषित कर दिया।लवजीत सिंह का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है।

### घुंघचाई क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत



**पूरनपुर, पीलीभीत।** घुंघचाई थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई। मृतक की पहचान ग्राम पिपरिया माजरा निवासी प्रगट सिंह पुत्र अमरीक सिंह के रूप में हुई है। प्रगट सिंह रविवार को किसी काम से बाहर गए थे और देर शाम अपनी स्कूटी से घर लौट रहे थे। रमपुरा कोन गांव के समीप पहुंचते ही सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रगट सिंह स्कूटी समेत सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर चोटों के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों की सूचना पर घुंघचाई पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से प्रगट सिंह को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रगट सिंह अपने परिवार के मुख्य आधार थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं, जिनकी उम्र 15 और 9 वर्ष है। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है। घुंघचाई थाना अध्यक्ष जयशंकर सिंह ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर सोमवार सुबह पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और चश्मदीदों से पूछताछ कर रही है।

## शाहजहांपुर के भारोत्तोलकों ने प्रदेश स्तर पर बढ़ाया मान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड सिधौली के गांव महाऊ दुर्ग निवासी अजय पाल वर्मा, जो बेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के जिला महासचिव हैं, ने बताया कि उत्तर प्रदेश भारोत्तोलन संघ द्वारा 8 से 14 जनवरी 2026 तक मोदीनगर, गाजियाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जनपद शाहजहांपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी सुरेंद्र पाल बामनिया द्वारा सम्मानित किया गया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में पंजीकृत खिलाड़ी रोली वर्मा पुत्री अजय पाल वर्मा ने 48 किलोग्राम भार वर्ग के सब जूनियर वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। वहीं 53 किलोग्राम भार वर्ग के जूनियर वर्ग में प्रियांशी देवी पुत्री महिपाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग में विकासखंड भावलखेड़ा के ग्राम बरनई निवासी सुनील कुमार पुत्र सूबेदार ने 60 किलोग्राम भार वर्ग के जूनियर वर्ग में कांस्य पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ी प्रशिक्षक अजय पाल वर्मा के नेतृत्व में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सम्मान समारोह में खेल प्रशिक्षक पंकज सक्सेना, निशांत चौधरी, मुजाहिद अली, शकील अहमद, इरफान खान सहित शाहजहांपुर वेटलिफ्टिंग संघ के संरक्षक अनिल कुमार गुप्ता, अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजपूत एवं अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कार्डधारकों से मांगी जा रही आधार कार्ड की कॉपी



**जैतीपुर/ शाहजहांपुर।** कस्बे के अन्नपूर्णा केंद्र पर मंगलवार को अचानक राशन कार्ड धारकों से आधार कार्ड की फोटोकॉपी मांगी जानें लगी। पंचायत सचिव के मौखिक आदेश पर कोटेदार द्वारा यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ कार्ड धारक इस आदेश का विरोध भी कर रहे हैं। पिछले तीन-चार दिनों से राशन वितरण चल रहा है। आज अचानक सचिव द्वारा मौखिक आदेश जारी किया गया, जिसके बाद आधार कॉपी जमा करना अनिवार्य कर दिया गया। इस अचानक बदलाव से कार्ड धारकों को काफी असुविधा हुई और कुछ लोगों ने आधार कॉपी देने का विरोध भी किया। लोगों ने बताया सचिव ने यहां तक कह दिया जो आधार कार्ड की कॉपी न दे उसे राशन मत दो। इस संबंध में जब पंचायत सचिव शुभम कुमार से बात की गई,तो उन्होंने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। पहले उन्होंने समूह बनने का हवाला दिया, फिर कहा कि यह जिलाधिकारी का आदेश है। वहीं सहायक विकास अधिकारी पंचायत पवन कुमार ने बताया कि उन्होंने आज ही कार्यभार संभाला है। उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि राशन कार्ड धारकों से आधार कार्ड की कॉपी क्यों ली जा रही है।

## यूरिया वितरण कर रहे सचिव की मेज पर रखे 52 हजार रुपए लेकर भागा बाल अपचारी

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ **खेतों में काम कर रहे किसानों ने रुपयों से भरा थैला लेकर भाग रहे बाल अपचारी को पकड़कर सचिव को सौंपा, पुलिस कर रही पूछताछ**

मंगलवार दुपहर स्थानीय साधन सहकारी समिति गोदाम में यूरिया खाद का वितरण कर रहे सचिव वी के कनौजिया के ऑफिस में रखे 52 हजार रुपए एक शातिर बाल अपचारी चोरी करके खेतों की ओर भाग गया। सचिव और किसानों के पीछा करने पर बाल अपचारी खेतों में फसल सुरक्षा को लगी कांटेदार तार बाड़ को कूदते हुए भागते देखकर खेतों में काम कर रहे किसानों ने उसे पकड़कर सचिव को सौंप दिया। सचिव ने बाल अपचारी के झोले में रखे पूरे रुपए बरामद कर पकड़े गए बाल अपचारी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस बाल अपचारी से पूंछताछ कर रही है। सचिव वी के कनौजिया ने बताया कि थाने में पुलिस पूंछताछ में बाल अपचारी ने खुद को नगर पंचायत मीरानपुर कटरा का निवासी कंजड़ बताया है। उसने यह भी बताया कि उसके मां बाप नहीं हैं। उसके एक बहन है,वह गांव गांव फेरी लगाकर आर्टिफिशियल फूल बेचने का काम करता है। गोदाम के कार्यालय में सचिव की मेज पर थैले में रखे इतने सारे रुपए देखकर उसकी नियति खराब हो गई थी। पुलिस ने सचिव से रुपए चोरी करके भागने और पकड़े जाने पर रुपए बरामदगी की तहरीर देने को कहा है। पुलिस का यह भी कहना है कि बाल अपचारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने पर बरामद रुपए भी सील होकर न्यायालय जायेंगे। जिससे सचिव ने रुपए फंस जाने के भय में तहरीर देने से मना कर दिया है। पुलिस बाल अपचारी से पूंछताछ कर उसके मुखिया तक पहुंचने के प्रयास में है। फिलहाल बाल अपचारी पुलिस के संरक्षण में है। पुलिस भी दिन दहाड़े 52 हजारे रुपए छीनकर भागने वाले बाल अपचारी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अपराध बढ़ाने से बच रही है। जबकि इससे पहले भी क्षेत्र में इस तरह की वारदातें होना बताया जा रहा है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्र.सं. 1. निविदा संख्या : उपमु० इन्जी०-नि०-सीपीआर-01-2026 दिनांक 09.01.2026, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे में वाराणसी मंडल के बलिया-छपरा खंड के दोहरीकरण परियोजना के संबंध में घाघरा नदी पर महत्वपूर्ण पुल संख्या 16 (18*16मी+2*30.5मी) (मांझी पुल) के ए1 साइड (मांझी छोर) पर गाइड बंड का निर्माण, ए2 साइड (बकुल्हा छोर) पर मोल के प्रावधान के साथ मौजूदा गाइड बंड का विस्तार/सुधार और सुधार। अनुमानित निविदा मूल्यः 516676342.71, बयाना राशि (रू०) : 2733400.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०) : शून्य, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 18 (अट्ठारह) माह।

● बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - 19/01/2026, ● उपरोक्त निविदा सबमिसन की बन्द होने की तिथि - दिनांक 02/02/2026, 15.00 बजे तक ● उपरोक्त निविदा खुलने की तिथि - दिनांक 02/02/2026, 15.00 बजे के उपरांत। ● निविदा सूचना योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इन्जीनियर/नि०/I, वाराणसी

मुजाधि/डब्ल्यू - 409

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## जानलेवा सड़कें

देश में आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सरकार और समाज के स्तर पर चिंताएं तो व्यक्त की जाती हैं लेकिन इन्हें रोकने के लिये कारगर उपाय सिरे चढ़ते नजर नहीं आते। इस बारे में बार-बार वायदे किए जाते हैं, वहीं सुधार के लिये टुकड़ों-टुकड़ों में हस्तक्षेप किया जाता है। फलतः परिणाम वही ढाक के तीन पात रहता है। यह आंकड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में हर साल 1.6 लाख से अधिक मौतें सिर्फ सड़क दुर्घटनाओं में होती हैं। विडंबना देखिए कि किसी भी सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति के मुकाबले सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा लोगों की जान ले लेती हैं। हाल ही में सेव लाइफ फाउंडेशन द्वारा सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के लिये किए गए सर्वेक्षण में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। संस्था द्वारा वर्ष 2023 व 2024 में 100 जिलों में सड़क दुर्घटनाओं पर किए गए सर्वेक्षण की रिपोर्ट में कहा गया है कि शाम छह बजे से रात नौ बजे तक समय सड़क हादसों के लिये सबसे घातक होता है। इसके अलावा दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने के लिये 18 सड़क गलियारों की पहचान की गई है, जिनमें सर्वेक्षण अवधि में सबसे अधिक मौतें हुई थीं। इसके साथ ही दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील सौ जिलों में ध्यान केंद्रित करने पर बल दिया गया है। निश्चित रूप से यह स्वागत योग्य पहल है। यह जानते हुए कि दुर्घटना रोकने के लिये सामान्य सलाह और एक समान नीतियां लक्ष्य हासिल करने में विफल रही हैं। यकीनी तौर पर दुर्घटना उन्मुख क्षेत्रों में लक्षित हस्तक्षेप बदलाव लाने के लिये बेहतर दृष्टिकोण साबित हो सकता है। बहुत संभव है कि एक खराब ढंग से डिजाइन किया गया मोड़, सड़क पर पर्याप्त रोशनी का न होना, प्रवर्तन में शिथिलता तथा ड्राइविंग में लापरवाही की आदतें, किसी क्षेत्र या जिला विशेष में सड़क दुर्घटनाओं की वजह हो सकती है। निश्चित तौर पर उच्च मृत्यु दर वाले गलियारों का मानचित्रण अधिकारियों को, उन क्षेत्रों में इंजीनियरिंग सुधार, प्रवर्तन और आपातकालीन प्रतिक्रिया बल तैनात करने में सहायक हो सकता है। निस्संदेह, साक्ष्य और अतीत के अनुभव बताते हैं कि लक्षित प्रवर्तन बेहतर परिणाम दे सकता है। बंगलुरू का अनुभव बताता है कि लक्षित प्रयासों से वहां लगातार दूसरे वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के बावजूद मृत्यु दर में कमी आई है। जो इन प्रयासों की सार्थकता को दर्शाता है। निस्संदेह, अन्य शहरों को भी डेटा आधारित पुलसिंग, सीसीटीवी निगरानी और यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिये इस मॉडल को अपनाना होगा। इसमें दो राय नहीं कि केंद्र सरकार की योजना तभी सफल होगी, जब वह पहचान और प्रतीकात्मकता से आगे बढ़कर काम करे। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी पिछली कोशिशें केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और स्थानीय अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल न होने से विफल रही हैं। इन सुरक्षा उपायों के क्रियान्वयन में व्याप्त कमियों को दूर करने के लिये निरंतर वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने, कार्यान्वयन एजेंसियों की जवाबदेही तय करने के साथ ही परिणामों का नियमित ऑडिट करना आवश्यक है। इस बाबत सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्यों को कार्रवाई करने के लिये सशक्त बनाया जाना चाहिए। वैसे सिर्फ राजमार्गों पर ही ध्यान केंद्रित करने के भी कई खतरे हैं। यह जानते हुए कि देश में राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क नेटवर्क का मुश्किल से 2 से तीन प्रतिशत हिस्सा ही है। लेकिन ट्रैफिक की गति की तीव्रता के चलते इन पर होने वाली मौतों की संख्या कहीं ज्यादा है। साल 2025 की पहली छमाही ही में करीब छब्बीस हजार से अधिक मौतें हुई हैं। वास्तव में शहरी सड़कें, जहां पैदल यात्री,साइकिल चालक और दोपहिया वाहन चालकों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या का बड़ा हिस्सा है, वे अक्सर उपेक्षित रह जाती हैं। इन सड़कों को बेहतर बनाने के लिये निवेश बढ़ाए जाने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर सुरक्षित डिजाइन तैयार करने, वाहनों की गति का प्रबंधन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट बांधना सुनिश्चित करने तथा आपातकालीन देखभाल व्यवस्था को साथ-साथ लागू करने की भी आवश्यकता है।

# मकर संक्रांति : आहार का विज्ञान और समाज संगठन का सूत्र

*गिरीश जोशी*

आज के समय में हम लोग अपने भोजन को लेकर बड़े सजग हैं। खाने की हर चीज के बारे में उसकी कैलोरी को देखकर उसे खाने या ना खाने का फैसला लेते हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी हो जाता है कि संक्रांति के समय तिल-गुड़ और खिचड़ी क्यों खाना चाहिए, पतंग क्यों उड़ाते हैं। नई पीढ़ी के ढेर सारी सवालों का जवाब आज के विज्ञान की दृष्टि से देखने की कोशिश करते हैं तो ये दिखता है कि हमारे देश में सारे त्योहार प्राकृतिक घटनाओं से जुड़े हुए हैं। मुख्य रूप से ग्रह-नक्षत्रों की गति, अलग-अलग राशियों में भ्रमण के आधार पर उत्सव पर्व मनाए जाते हैं।

शास्त्रों में लिखा है- माघे मासे तु संप्राप्ते मकरं सूर्यगच्छति। तस्मात् संक्रान्तिरित्युक्ता पुण्यदा पुण्यवर्धिनी॥

अर्थात - माघ मास में जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, उसे मकर संक्रांति कहते हैं। यह पर्व पुण्य देने वाला और पुण्य को बढ़ाने वाला होता है। वास्तव में सूर्य तो अपने अक्ष पर होता है, पृथ्वी और अन्य ग्रह उसके चारों और चक्कर लगाते हैं लेकिन ऐसा कहा जाता है कि जब सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है यानी पृथ्वी से देखने पर सूर्य मकर राशि में दिखाई देने लगता है तब मकर संक्रांति का उत्सव मनाया जाता है।

मकर संक्रांति के बाद दिन बड़े होने लगते हैं और रात छोटी होने लगती है। यानी इस दिन से जीवन में प्रकाश का समय बढ़ने लगता है, अंधकार घटने लगता है। हमारी संस्कृति में प्रकाश को ज्ञान का प्रतीक भी माना जाता है अंधकार को अज्ञान कहा जाता है।

संक्रांति का अर्थ है सम्यक क्रांती अर्थात योग्य दिशा में व्यक्ति और समाज का परिवर्तन। समाज को आत्मविस्मृति के अंधकार से बाहर निकाल कर, चेतना के जागृति के, सत्य के प्रकाश की ओर ले जाना सनातन संस्कृति का उद्देश्य है। इस लक्ष्य की याद समाज को करवाने के लिए मकर संक्रांति का उत्सव मनाया जाता है।

मकर राशि में प्रवेश करने वाले सूर्य की महत्ता को बताने वाली एक सूक्ति है- नमः सूर्याय लोकाय लोकनाथाय भास्वते। सर्वरोगहरायैव मकरस्थाय ते नमः॥

अर्थात - लोकों को प्रकाशित करने वाले, लोकनाथ, तेजस्वी सूर्यदेव को नमस्कार है। मकर राशि में स्थित सभी रोगों को दूर करने वाले सूर्य को प्रणाम है।

मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ साथ में खाने की परंपरा है। शास्त्र कहते है - तिलगुडैः सह हर्षेण सूर्यपूजा विधीयताम्। मकरसंक्रान्तिकालेऽस्मिन् सर्वे सन्तु निरामयाः॥

अर्थात मकर संक्रांति के अवसर पर तिल और गुड़ के साथ हर्षपूर्वक सूर्य की पूजा की जाए। इस पावन समय में सभी लोग स्वस्थ और निरोग रहें।



**हमारे पूर्वज विज्ञान जानते थे। आज का विज्ञान कहता है तिल में उच्च मात्रा में कैलोरी, प्रोटीन और स्वस्थ वसा होती है, जो ठंडे मौसम में शरीर को ऊर्जा देती है। यह शरीर को गर्म रखने में मदद करता है। साथ ही तिल में कैल्शियम, मैग्नीशियम और जिंक जैसे मिनरल्स होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। सर्दी में हड्डियों में दर्द और समस्याएँ बढ़ सकती हैं, लेकिन तिल इन समस्याओं को कम करने में मदद करता है। उसी तरह गुड़ के बारे में आज का विज्ञान कहता है कि गुड़ में प्राकृतिक गर्मी होती है, जो सर्दियों में शरीर को अंदर से गर्म रखने में मदद करती है। सर्दियों में कई बार शरीर में पानी की कमी और पाचन संबंधी समस्याएँ बढ़ जाती हैं और गुड़ इन समस्याओं को हल करने में मदद करता है। सर्दियों में शरीर की इम्युनिटी कमजोर हो सकती है और गुड़ में आयरन और फोलिक एसिड की मौजूदगी से शरीर में खून की कमी पूरी होती है। गुड़ में एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। यह सर्दी, जुकाम और फ्लू जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव में मदद करता है। इन वैज्ञानिक गुणों के कारण सर्दी में गुड़ और तिल खाने की परंपरा हमारे पूर्वजों ने स्थापित की।**

हमारे पूर्वज विज्ञान जानते थे। आज का विज्ञान कहता है तिल में उच्च मात्रा में कैलोरी, प्रोटीन और स्वस्थ वसा होती है, जो ठंडे मौसम में शरीर को ऊर्जा देती है। यह शरीर को गर्म रखने में मदद करता है। साथ ही तिल में कैल्शियम, मैग्नीशियम और जिंक जैसे मिनरल्स होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। सर्दी में हड्डियों में दर्द और समस्याएँ बढ़ सकती हैं, लेकिन तिल इन समस्याओं को कम करने में मदद करता है।

उसी तरह गुड के बारे में आज का विज्ञान कहता है कि गुड़ में प्राकृतिक गर्मी होती है, जो सर्दियों में शरीर को अंदर से गर्म रखने में मदद करती है। सर्दियों में कई बार शरीर में पानी की कमी और पाचन संबंधी समस्याएँ बढ़ जाती हैं और गुड़ इन समस्याओं को हल करने में मदद करता है। सर्दियों में शरीर की इम्युनिटी कमजोर हो सकती है और गुड़ में आयरन और फोलिक एसिड की मौजूदगी से शरीर में खून की कमी पूरी होती है। गुड़ में एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। यह सर्दी, जुकाम और फ्लू जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव में मदद करता है। इन वैज्ञानिक गुणों के कारण सर्दी में गुड़ और तिल खाने की परंपरा हमारे पूर्वजों ने स्थापित की।

**खिचड़ी क्यों खाई जाती है:-** मकर संक्रांति के समय शीत ऋतु अपने चरम पर होती है। इस मौसम में पाचन शक्ति कमजोर हो सकती है। खिचड़ी हल्का, सुपाच्य और गर्म भोजन है, जो शरीर को ठंड से संरक्षण देता है और पाचन को संतुलित रखता है। आयुर्वेदिक दृष्टि सेखिचड़ी में चावल और दाल का संयोजन होता है, जिसे आयुर्वेद में ÷पूर्ण आहार÷ माना जाता है। दाल से प्रोटीन, चावल से ऊर्जा घी से बल और ओज मिलता है। शीत ऋतु में बढ़ने वाले वात और कफ के दोष को खिचड़ी संतुलित करती हैं। उत्तर भारत, विशेषकर प्रयागराज और पूर्वांचल क्षेत्रों में मकर संक्रांति को खिचड़ी पर्व भी कहा जाता है। इस दिन खिचड़ी का दान पुण्यकारी माना जाता है। साधु-संतों और जरूरतमंदों को खिचड़ी खिलाने की परंपरा भी है।

खिचड़ी सादा और सर्वसुलभ भोजन है। इसे सभी वर्गों के लोग एक समान रूप से ग्रहण कर सकते हैं, इसलिए यह समरसता और समानता का प्रतीक भी मानी जाती है। संक्रांति पर खिचड़ी खाना शरीर को स्वस्थ रखने, ऋतु के अनुकूल आहार लेने और धार्मिक पुण्य अर्जित करने, संगठन और समरसता का भाव बढ़ाने का प्रतीक है।

**दान का महत्व:-** मकरस्थे दिवाकरे दानस्नानतपःक्रियाः। कृताः कोटिगुणं पुण्यं ददाति नात्र संशयः॥

अर्थात - सूर्य के मकर राशि में स्थित होने पर किया गया दान, स्नान और तप करोड़ों गुना पुण्य प्रदान करता है, इसमें कोई संदेह नहीं। इसीलिए मकर संक्रांति के अवसर पर जरूरतमंदों को उनके लिए जरूरी चीजों का दान सक्षम और समर्थ लोगों को करने के लिए कहा गया है।

**पतंग की प्रासंगिकता:-** इस अवसर पर पतंग उड़ाने की परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है, ये भारतीय लोक संस्कृति का हिस्सा है। जो खुशी, उल्लास और उत्सव का प्रतीक है। पतंग उड़ाना एक हल्का व्यायाम है। खुले आकाश में रहने से मानसिक तनाव कम होता है। धूप में रहने से शरीर को विटामिन-ष्ठ मिलता है जिससे शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

**समाज संगठन की दृष्टि से संदेश:-** हमारी मान्यता है कि समाज में परिवर्तन, समन्वय और आत्मीयता पूर्ण व्यवहार से लाया जाना चाहिए। इसके लिए समाज के साथ संपर्क और समाज का संगठन जरूरी है। इस उत्सव में पहले लोग एक दूसरे के घरों पर संपर्क के लिए भेंट के लिए जाया करते थे वहां तिल और गुड़ का सेवन किया जाता था। महाराष्ट्र में आज भी कहा जाता है तिल गुड घ्या आणि गोड गोड बोला इसका अर्थ है आइए तिल गुड खाइए और एक दूसरे से मीठा बोलिए, मधुर व्यवहार कीजिए, यही संगठन का भी मूल सूत्र है।

*(लेखक- संस्कृति अध्येता एवं स्तंभकार हैं।)*

## विचार

# अमेरिका की निगाह ईरान पर

ईरान में दिसंबर 2025 के आखिरी दिनों में आर्थिक संकट से भड़का आंदोलन अब सत्ता के खिलाफ खुले विद्रोह में बदल चुका है। ईरान की सड़कों पर इस समय भयावह मंज़र है। एक तरफ सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ सड़कों पर उबाल जारी है, तो वहीं प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी करार देते हुए उन्हें कुचला जा रहा है। लेकिन यह केवल आंतरिक हिंसा नहीं है, बाहर से अमेरिका इस आग में घी डालने का काम लगातार कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप भले खुद को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सबसे योग्य मानें, असल में वे युद्ध अपराधों और मासूमों की जान लेने के दोषी ठहराए जाने चाहिए।

वेनेजुएला पर तो ट्रंप अपना दावा ठोंक ही चुके हैं, अभी उन्होंने एक तस्वीर भी जारी की है, जिसमें वो खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति दिखा रहे हैं। किसी देश की संप्रभुता और सम्मान के साथ ऐसा मजाक आधुनिक सभ्यता में नहीं किया जा सकता। लेकिन ट्रंप सभ्यता, कूटनीति और नैतिकता के तकाजों को मानते ही नहीं हैं। उन्हें केवल मुनाफे की परिभाषा समझ आती है। ट्रंप ने वेनेजुएला के बाद ग्रीनलैंड हड़पने की चेतावनी दी है। उत्तर अमेरिका और आर्कटिक के बीच बसा ग्रीनलैंड ट्रंप को अपने लिए सामरिक महत्व का लगता है, लेकिन केवल इस वजह से उस पर कब्जे की इजाज़त नहीं दी जा सकती। ग्रीनलैंड डेनमार्क का अर्द्धस्वायत्त वाला देश है, यहां के लोग खुद अपना शासन चलाते हैं लेकिन विदेश नीति और सेना डेनमार्क के पास है। डेनमार्क ने साफ चेतावनी दी है कि अगर ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर सैन्य कार्रवाई की, तो नाटो खत्म हो जाएगा। फ्रांस, इटली, जर्मनी जैसे बाकी देश भी अब ट्रंप से सावधान हो चुके हैं। जब अमेरिका की पूंजीवादी विस्तारवादी नीति एशिया या अफ्रीका के देशों को अपनी चपेट में लेती रही, तो ये यूरोपीय देश लोकतंत्र और उदारवाद के नाम पर अमेरिका का साथ देते आए। मगर अब खुद उन पर आंच आनी शुरु हुई तो उन्हें समझ आ रहा है कि-लगेगी आग तो आएंगे घर कई जद में, यहां पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है। -राहत इंदौरी।



बहरहाल, यूरोपीय देशों को जो खतरा अब दिख रहा है, ईरान से उसे पहले ही भांप लिया था। हालांकि इसमें ईरानी शासन की अपनी खामियां भी हैं, लेकिन उसे अपने स्तर पर सुधरने का मौका दिया जाना चाहिए, न कि इसमें बाहरी ताकतों का दखल होना चाहिए। इस समय ईरान में आर्थिक संकट से खड़े हुए आंदोलन के बाद तख्तापलट का खतरा बढ़ गया है। पिछले साल 28 दिसंबर को शुरू हुए जनआंदोलन में अब तक 5 सौ से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं और 10 हजार से ज्यादा लोग बंदी बनाए गए हैं। 1979 में हुई इस्लामिक क्रांति के बाद 47 साल में ऐसा आंदोलन कभी नहीं देखा गया। हालांकि इस बीच महसा अमीनी की मौत के बाद महिला अधिकारों को लेकर 2022 में आंदोलन हुआ था, लेकिन उसकी प्रकृति अलग थी।इन विरोध प्रदर्शनों पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि आतंकवादियों ने न केवल नागरिकों बल्कि सुरक्षा बलों को भी निशाना बनाया है, जिनका उद्देश्य देश को अस्थिर करना है। उनका यह भी कहना है कि सुरक्षाबलों ने जरूरत पड़ने लायक ही कार्रवाई की है। वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर प्रदर्शनकारियों को मारा जाता है, तो वह श्ज़ोरदार हमला करेंगेश्। ट्रंप ने कहा कि वह श्वहीं चोट देंगे, जहां सबसे ज्यादा दर्द होगाश्।श् यह सड़कछाप भाषा ईरान का तेल हथियाने और उसके परमाणु कार्यक्रम बंद कराने के लिए है। पिछले साल इजरायल के जरिए एक बार यह कोशिश अमेरिका कर चुका है। इस बार ईरान के लोगों का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्रंप ने साफ कहा है कि अमेरिका ईरानी शासन का विरोध करने वालों की मदद के लिए तैयार है। हालांकि ईरान ने इसके जवाब में कहा है कि अगर ऐसा होगा, तो वो क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों और उसके हितों पर हमला करेगा।इस बीच, ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने प्रदर्शनकारियों से सड़कों पर डटे रहने की अपील की है। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद रेजा पहलवी के पिता शाह पहलवी को सत्ता से हटा दिया गया था। अब द्रू पहलवी निर्वासन में रहकर आंदोलन को नेतृत्व करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बार पहलवी परिवार की वापसी की मांग वाले नारे भी सुने जा रहे हैं, इससे संकेत मिल रहे हैं कि कहीं ईरान में अपनी पिट्ठू सरकार बनाने की तैयारी तो अमेरिका की नहीं है।इधर ईरान में प्रदर्शन रोकने के लिए सरकार ने इंटरनेट ब्लैकआउट का सहारा लिया है, लेकिन यह कितना कारगर होगा, कहा नहीं जा सकता। अयातुल्लाह खामेनेई को सबसे पहले आर्थिक संकट दूर करने के उपाय तलाशने होंगे। ईरान की कमाई का सबसे बड़ा जरिया कच्चा तेल है। लेकिन अमेरिका और पश्चिमी देशों ने पहले से ही ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लगा रखे हैं। इससे ईरानी मुद्रा रियाल काफी गिरकर एक डॉलर के मुकाबले 14 लाख रियाल तक पहुंच चुकी है। प्रतिबंधों के कारण ईरान अन्य जरियों से अपना तेल सस्ते में बेचने पर मजबूर है। खरीदारों को आकर्षित करने के लिए अक्सर कार्गो पर छूट दी जाती है, फिर तेल को बिचौलियों और गुमनाम फर्मों के माध्यम से ले जाया जाता है। इन्हें अनाधिकृत टैंकरों में भरकर समुद्र के बीच में जहाज-से-जहाज ट्रांसफर जैसी जुगाड़ वाली तरकीबों से बेचा जाता है, इस वजह से काफी सस्ते में सौदा करना पड़ता है। ईरान ओपन डेटा के मुताबिक मार्च 2025 तक एक साल के दौरान ईरान ने तेल निर्यात से लगभग 23.2 बिलियन डॉलर कमाए। यही तेल अगर वैध तरीकों से बिकता तो 28 बिलियन डॉलर से अधिक की आय ईरान को हो सकती थी। अमेरिकी और पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण ईरान की जीडीपी में हर साल 0.6. प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं करीब 1 करोड़ ईरानी गरीबी का शिकार हैं। ये सारे आंकड़े 2020 तक के हैं, इसके बाद छह सालों में हालात और बिगड़ चुके हैं। आर्थिक संकट बर्दाश्त से बाहर हुआ तो लोग सड़कों पर उतर आए और अब अमेरिका को दखल का मौका मिल रहा है। उसे रोकने के लिए ईरान सरकार जल्द से जल्द आर्थिक सुधार लागू करे और साथ ही धार्मिक कट्टरता कम करके उदार और प्रगतिशील साथियों की मदद ले, उसी से पूंजीवादी गिद्धों को दूर रखा जा सकेगा।

साहित्य



### जिंदगी

**श्याम सिंह बिष्ट**

धूप-छांव भरी यह जिंदगी
रचती नित्य दिन यह खेल निराले
कोई बेबस खुद से ही
किन्ही के हाथों में रोज मधु भरे प्याले

चल रहे हैं जी रहे हैं
इंसान यहां खुद से ही लड़कर
कोई खुश अपनों की ही बातों से
कोई मोहताज यहां दो वक्त के निवालों
से

है बड़ी कशमकश -
ऐ जिंदगी तेरी इस बे-दौड़ की
कभी तू हमसे खफा
कभी उलझी ही रह जाती यह जिंदगी
तेरे इन अनगिनत सवालों से।।





## राशिफल

**मेषः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विश्वास कायम करें।

**कर्कः-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें।

**सिंहः-** नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा दें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुंचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# शरिया या उम्मा की निष्ठा भारतीय संविधान से पहले!

*कैलाश चन्द्र*

भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां संविधान की सर्वोच्चता और कुछ समूहों की विचारधारात्मक आक्रामकता के बीच संघर्ष अब स्पष्ट रूप में दिखने लगा है। यह समस्या किसी धर्म-विशेष के अनुयायियों की नहीं, एक तरह से देखें तो उन लोगों की है जो अपने धार्मिक या वैचारिक ग्रंथों को देश, समाज, राष्ट्र और संविधान से ऊपर रखने की घोषणा करते हैं। संविधान भारतीय नागरिकता का आधार है, और नागरिकता स्वयं तभी सार्थक होती है जब नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानता है। दुर्भाग्य यह है कि अब कुछ संगठित समूह खुले तौर पर घोषणा करने लगे हैं कि उनके लिए शरिया या उम्मा की निष्ठा भारतीय संविधान से पहले है। यह घोषणा सिर्फ धार्मिक भावना नहीं है, यह राष्ट्रीय ढांचे के विरुद्ध वैचारिक विद्रोह है।

इस प्रकार की विचारधारा धीरे-धीरे अपराधों को वैधता देने का खतरनाक माध्यम बन जाती है। जब किसी कट्टर नेटवर्क के भीतर अपराधी मानसिकता को कौमी कर्तव्य कहकर समर्थन दिया जाता है, तब वह अपराध सामान्य आपराधिक हरकत नहीं रह जाता; वह संगठित सामाजिक हिंसा बन जाता है। भीड़ हिंसा, दंगे, पत्थरबाजी, आतंकवादियों के लिए खुला समर्थन, और कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले आंदोलन इसी मानसिकता की उपज हैं। यदि यह वातावरण बढ़ता रहा तो अराजकता केवल सामाजिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और भौगोलिक स्तर पर भी देश को कमजोर कर देगी। इतिहास इस बात का प्रमाण है कि किसी भी राष्ट्र में जब कानून से ऊपर किसी वैचारिक पहचान को बढ़ावा मिलता है, तो राष्ट्र अंततः विघटन के मार्ग पर चल पड़ता है।

यहाँ पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसे नागरिकों के लिए समाधान क्या होना चाहिए? क्या देश से निष्कासन या फाँसी जैसे कठोर दंड की आवश्यकता है? या कोई ऐसा उपाय है जो राष्ट्र को भी सुरक्षित रखे और लोकतंत्र की मर्यादा भी बनाए रखे? यह समझना आवश्यक है कि भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में मृत्यु-दंड या नागरिकता-निष्कासन अंतिम औज़ार हैं। इन्हें केवल तभी उपयोग किया जा सकता है जब नागरिक ने स्वयं हिंसक राष्ट्र-विरोधी अपराध किया हो- जैसे आतंकवाद, राजद्रोह की सशस्त्र गतिविधि या बड़े पैमाने पर हिंसा का नेतृत्व। केवल विचारधारात्मक बयान के आधार पर इन दंडों का इस्तेमाल करना संविधान की दृष्टि से संभव नहीं है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि संवैधानिक व्यवस्था ऐसे घोषणाओं को सहन करने के लिए बाध्य है।

समाधान दंड की कठोरता में नहीं, बल्कि कानून के निर्णायक और निर्भीक प्रयोग में है। जिस नागरिक ने संविधान-विरोधी विचार को सार्वजनिक रूप से घोषित किया है, उसके लिए कानून पहले से मौजूद है- यूएपीए, राजद्रोह से संबंधित धाराएँ, 153ए और 295ए जैसी सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़ी धाराएँ तथा संगठित अपराधों पर राज्यस्तरीय कठोर कानून। समस्या यह है कि इन कानूनों का प्रयोग निरंतर, निष्पक्ष और त्वरित गति से नहीं होता। जब कानून लचीला हो जाता है, तब अपराधी समूहों को यह भ्रम हो जाता है कि वे अपनी कौमी एकता या धार्मिक पहचान की आड़ लेकर किसी भी अपराध को दबा या पलट सकते हैं। यही भ्रम भविष्य में अराजकता का मूल कारण बनता है।

इसलिए राष्ट्रहित में पहला और अनिवार्य कदम यह होना चाहिए कि संविधान को अस्वीकार करने की सार्वजनिक घोषणा को गंभीर अपराध माना जाए। वस्तुतः यह अपराध उतना ही गंभीर है जितना कि किसी सशस्त्र विद्रोह की घोषणा, क्योंकि दोनों ही राष्ट्र की संप्रभुता पर सीधा प्रहार करते हैं। ऐसे व्यक्तियों को तुरंत कानून की गिरफ्त में लाया जाना चाहिए, और न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। यदि उन्होंने हिंसा, दंगा, देश-विभाजन का उकसावा या आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन किया है तो उनके लिए कठोरतम दंड पहले से ही उपलब्ध हैं जोकि आवश्यक होने पर मृत्यु-दंड तक जा सकते हैं। लेकिन यह दंड प्रक्रिया कानून के अनुसार होनी चाहिए, किसी मजहबी (रिलीजियस) पहचान के आधार पर नहीं।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक पिछड़ेपन का लाभ उठाकर कई कट्टर समूह भीड़ को भड़काते हैं, गरीब महिलाओं को पैसे देकर आंदोलनों में बैठाते हैं, और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए पीड़ित अल्पसंख्यक का नैरेटिव तैयार करते हैं। ऐसे तंत्र को तोड़ना शिक्षित समाज, स्वतंत्र न्यायपालिका और कठोर शासन तीनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। जब तक यह तंत्र मजबूत रहेगा, अपराधियों को कौमी समर्थन मिलता रहेगा और वे राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को अपनी पहचान का हिस्सा मानकर आगे बढ़ेंगे।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राष्ट्र में नागरिक अनुशासन केवल कानून पालन का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और शक्ति का आधार है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह संविधान की मर्यादाओं का सम्मान करे, सार्वजनिक जीवन में सत्य, सहिष्णुता और जिम्मेदारी का पालन करे, तथा राष्ट्रहित को हर व्यक्तिगत या समूहगत पहचान से ऊपर रखे। देशभक्ति का अर्थ केवल भावनात्मक निष्ठा नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में ईमानदार आचरण, कानून का सम्मान, करों का सही भुगतान, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा और समाज में सद्भाव बनाए रखने की सक्रिय भागीदारी है। हमारा देश सर्वोपरि है और नागरिक का सर्वोच्च कर्तव्य है कि वह अपने आचरण से भारत को अधिक सुरक्षित, सशक्त और सम्मानित बनाए। भारत को अब यह स्पष्ट संदेश देना होगा कि धर्म व्यक्ति का निजी अधिकार है, लेकिन राष्ट्र और संविधान किसी भी नागरिक से ऊपर है। जो नागरिक संविधान की सर्वोच्चता को अस्वीकार करता है, वह स्वयं को उस सामाजिक अनुबंध से बाहर कर लेता है जो नागरिक होने की मूल शर्त है। कानून को ऐसे व्यक्तियों के साथ सख्ती से पेश आना चाहिए क्योंकि राष्ट्र को न तो अनियंत्रित भीड़तंत्र चाहिए और न ही वैचारिक अराजकता का वातावरण। अंत में निष?कर्ष रूप में कहें कि राष्ट्र तभी मजबूत रहेगा जब नागरिकता का आधार केवल एक होगा, परस्पर सुख-दुख की अनुभूति के साथ हममें अपने देश और भारतीय संविधान के प्रति अटूट सर्वोच्चता होगी।

*(लेखक, वरिष्ठ स्तम्भकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के तहत नियम उल्लंघन करने वालों पर चला कार्रवाई का चाबुक



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने हेतु 'नो हेलमेट–नो फ्यूल' अभियान के तहत यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह द्वारा यातायात पुलिस टीम एवं एआरटीओ महोबा दयाशंकर के साथ संयुक्त रूप से प्रवर्तन कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम द्वारा विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते हुए फ्यूल भरवाने आने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व, सड़क सुरक्षा नियमों के पालन एवं सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि हेलमेट का प्रयोग न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि यह सड़क दुर्घटनाओं में जीवन रक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन भी है। आमजन से अपील की गई कि वे स्वयं की एवं दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत इस प्रकार की संयुक्त कार्यवाहियां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके एवं जन–सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### नकदी-जेवरात लेकर युवती प्रेमी के साथ फरार

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे की एक महिला ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री घर से 3 लाख के जेवरात एवं 80 हजार नगद लेकर बाजार जाने की बात कहकर आशिक संग फरार हो गई। पुलिस ने युवक के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे की एक महिला ने बताया कि उसकी पुत्री को माती अकबरपुर निवासी नजीम बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुत्री साथ में नगदी एवं जेवरात साथ ले गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### मारपीट कर हाथ तोड़ा

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पत्यौरा में पड़ोसियों ने अकारण गाली गलौज करके लाठी डंडों से पीटकर हाथ तोड़ दिया।पत्यौरा निवासी उत्तम निषाद ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मुझे गांव निवासी गुड़िया, राम बेटी, दुर्गी ने मिलकर अकारण गाली गलौज करके लाठी डंडों से पीटकर हाथ तोड़ दिया है। मारपीट से सिर में भी गंभीर चोट लगी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जागरूकता शिविर 15 को

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के नगर पंचायत के टाउन हॉल में आगामी 15 जनवरी को भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले श्रमिक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह गौतम ने बताया कि 15 जनवरी को टाउन हॉल में श्रमिक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन करके नये श्रम कानून के बारे में श्रमिकों को अवगत कराकर जागरूक किया जाएगा। गोष्ठी में श्रम अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

### अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पति सहित आधा दर्जन नामजद

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** शादी के महज पांच माह बाद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने नवविवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। नवविवाहिता के पिता ने पति सहित आधा दर्जन ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के टेढा गांव निवासी सुखराम वर्मा ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी पुत्री रंजना देवी की शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ थाना क्षेत्र के कैथी गांव निवासी अभिजीत के साथ 1 मार्च 25 को की थी। शादी के बाद से ही पति, सास, ससुर, देवर आदि कम दहेज लाने का ताना देकर पुत्री को मानसिक रूप से प्रताडित करने लगे और अतिरिक्त दहेज में 2 लाख नगद तथा एक सोने की जंजीर की मांग करने लगे। पांच माह पूर्व पति अभिजीत, ससुर जुग्गीलाल, सास दुखिया, देवर अविनाश, अभिषेक, अभिनव ने एक राय होकर पुत्री को जमकर मारा पीटा और जेवर रुपए कपड़े आदि छीनकर घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर बीएनएस की धारा 85, 115(2) दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

### नपा द्वारा चिन्हित स्थानों पर नहीं डाली जाती अलाव की लकड़ी

**कुरारा ,हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के वार्ड एक में नगर पंचायत के द्वारा चिन्हित स्थान लगाए जाने वाले अलाव में प्रतिदिन लकड़ी नहीं डाली जा रही है। जिससे मोहल्ला के लोगो को अलाव की सुविधा नहीं मिल पा रही है।कस्बा कुरारा में सर्दी से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था की जा रही है। लेकिन वार्ड एक घेरापुरा लीलापुरा मोहल्ले में वार्ड निवासी रामबाबू के घर के पास लगने वाले अलाव के लिए प्रतिदिन लकड़ी की व्यवस्था नहीं दी जा रही है। जिससे लोगो को सर्दी से बचाव के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला निवासी संतोष, बाबू, चंद्रपाल, श्यामकिशोर आदि ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा मोहल्ले में अलाव के लिए स्थान चिन्हित है। लेकिन एक दिन लकड़ी मिलती है। इसके बाद दो दिन बाद कर्मचारी लकड़ी डालने आते है। जिससे लोगो को अलाव के व्यवस्था नहीं मिल पा रही है। मोहल्ले के लोगों ने नगरपंचायत प्रशासन से प्रतिदिन सर्दी को देखते हुए लकड़ी डालने की मांग की है।

### शिव मंदिर के प्रागंण में हुआ हिन्दू सम्मेलन

**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के शंकर पुर गांव स्थित प्राचीन शिवमन्दिर प्रांगण में गुरुवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्य परीक्षण एवं भंडारे का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम आयोजन समिति शेखुपुर मंडल , व पहाड़ी देव बाबा शिवधाम सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है तथा साधु संतों को कंबल वितरण किया जाएगा। भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी संपन्न होगा। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष गणेश तिवारी ने दी है।

### लोगों ने श्मसान घाट की जमीन पर किया कब्जा

**मौदहा हमीरपुर।** शमशान घाट की भूमि पर अराजक तत्वों द्वारा कब्जा कर लेने से ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा शमशान घाट की भूमि को सुरक्षित करने की मांग की है विकासखंड क्षेत्र के गांव टिकरी बुजुर्ग के निवासियों ने उप जिला अधिकारी करनवीर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए बताया है कि गांव में स्थित श्मशान घाट गाठा संख्या 559 व रकबा 0. 344 है अराजक लोगों ने शमशान घाट की भूमि पर जबरन कब्जा कर कर लिया है जिससे अंतिम संस्कार करने के लिए आने–जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे शमशान घाट की भूमि को जांच उपरांत नाप करा कर सुरक्षित करने का की मांग की है जिससे लोगों को दाह संस्कार करने के लिए आने–जाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े ज्ञापन देने वालों में प्रेम कुमार रफीक खान छोटे यादव, भइया तिवारी,सत्य प्रकाश, लालू यादव, राम भवन अनुरागी व कल्लू यादव सहित एक दर्जन से अधिक लोग उपस्थित रहे।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में कानपुर को 2-1 से हराकर जेपी क्लब सेमीफाइनल में पहुंचा

**मौदहा(हमीरपुर)।** चौधरी पहलवान सिंह इण्टर कालेज इचौली महोत्सव में आयोजित तीन दिवसीय चौधरी रणजीत सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अंतिम दिन पहले सेमीफाइनल मैच खेले गए। जिसमे पहला सेमीफाइनल कानपुर व जेपी क्लब प्रयागराज के बीच खेला गया, जहां जेपी क्लब प्रयागराज ने कानपुर को 2–1से हराकर फाइनल में पहुँचे। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में इचौली व देव अकेडमी प्रयागराज के बीच खेला गया, जिसमें देव अकेडमी संगम ने इचौली को 2–1से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच देव अकेडमी संगम व जेपी क्लब प्रयागराज के बीच खेला गया जिसमें जेपी क्लब प्रयागराज ने देव अकेडमी संगम को रोमांचक मुकाबले में 2–1 से हराकर ट्राफी अपने नाम किया। मैन आफ द सीरीज को दिया गया। आयोजक पूर्व विधायक युवराज सिंह ने खिलाड़ियों को सम्बोधित कहा कि डिजिटल जमाने में युवाओं को अपने कैरियर पर भी ध्यान देना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नही है जरूरत है उन्हें निखारने की गाँवों में छोटे छोटे आयोजित प्रतियोगी कार्यक्रमों से ही गाँवो की प्रतिभा निकल कर आती है जो आगे चलकर गाँव व देश का नाम रोशन करते हैं। मैच रेफरी अभिषेक, छोटेलाल यादव रहे तो वहीं कमेंटेटर सुभाष शुक्ला, बृजेश कुमार व स्कोरर शैलेन्द्र सिंह रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्य अरुण कुमार, हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद, अध्यक्ष रणवीर सिंह,बड़ोखर ब्लाकप्रमुख स्वर्ण सिंह, रविकरन सिंह ,ऋषिराज सिंह अखिलेश सिंह गौर, सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# सीओ ने शांति व्यवस्था के लिए तैनात किए गए रिक्रूट आरक्षियों को किया ब्रीफ

**अनुशासन में रहकर ड्यूटी करने के दिए निर्देश**

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देशन में मकर संक्रांति पर्व के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड द्वारा थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत शांति व्यवस्था ड्यूटी हेतु आवंटित रिक्रूट आरक्षियों को



विधिवत ब्रीफ किया गया। ब्रीफिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा ड्यूटी में तैनात रिक्रूट आरक्षियों को पर्व के अवसर पर विशेष सतर्कता बरतने, आमजन के साथ शालीन, संवेदनशील एवं मर्यादित व्यवहार बनाए रखने तथा अनुशासन का पूर्णतः पालन करने के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पुलिस का व्यवहार ही जनता में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को सुदृढ़ करता है, अतः प्रत्येक पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, संयम एवं जिम्मेदारी के साथ करें। इस अवसर पर पर्व के दौरान संभावित भीड़, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन द्वारा मकर संक्रांति पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। ब्रीफिंग के दौरान प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विकास तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**पनवाड़ी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक कमल सिंह मय हमराह कांस्टेबल इन्द्रपाल चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त ऋषभ राजपूत पुत्र रामसिंह राजपूत निवासी कस्बा पनवाड़ी संबंधित एसटी नं. 458/19 एनसीआर नं.




29/19 धारा 323/504/506 भादवि में न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# साइको थेरेपिस्ट ने मानसिक रोगियों का किया इलाज



**नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ**

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। शिविर में 160 मरीज का उपचार किया गया। इनमें 22 मानसिक रोगी पाए गए। मंगलवार को कस्बे के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत धीरेंद्र शिवहरे ने किया। शिविर में कुल 160 मरीजों का परीक्षण किया गया। इनमें 22 मानसिक रोगी पाए गए। जिनका उपचार साइको थेरेपिस्ट डॉ.नीता एवं डॉ मुकेश कुमार एवं नर्स प्रगति ने किया। शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. तरुण पाल, डॉ. परवेज कादरी, डॉ. शमा परवीन, डॉ. विदेश कुमार, डॉ. शशांक, सुषमा, श्याम यादव, राशिद खान,दिलीप कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने ली साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी

**पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर दिए निर्देश**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह द्वारा मुख्यालय स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गई। परेड उपरांत टोलीवार निरीक्षण कर अनुशासन की दृष्टि से जनपदीय पुलिस एवं रिक्रूट आरक्षियों से टोलीवार ड्रिल कराई तथा शारीरिक व मानसिक दृढ़ता को बनाए रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई। इसी क्रम में पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए पुलिस बल की गरिमा, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन,



एकरूपता, स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा परिसर की स्वच्छता बनाए रखने जैसे मूलभूत बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा जिसमें नवचयनित आरक्षियों के बैरक, क्लासरूम, मेस व भोजनालय का निरीक्षण कर स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड के बाद अर्दली रूम कार्यवाही के दौरान गार्द रजिस्टरों की जांच की गई तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को अनुशासन एवं कार्यकुशलता बनाए रखने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# तमंचा व कारतूस समेत वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**अजनर/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर सुभाषचन्द्र द्वारा गठित उपनिरीक्षक राजेश कुमार मय हमराह उपनिरीक्षक आकाश मौर्य व कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना अजनर पर पंजीकृत मुकदमा धारा 288/352/351(2)/115(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त राजपाल राजपूत पुत्र भगवत राजपूत उर्फ भइयन राजपूत उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम भगारी थाना अजनर को ग्राम भगारी के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर चालू हालत, दो कारतूस 315 बोर व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त के कब्जे से हुई अवैध शस्त्र की बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमा में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# स्वामी ब्रह्मानंद अन्तर्राजीय क्रिकेट टूर्नामेंट में राठ ने पंजाब को 45 रन से हराया



**हमीरपुर राठ।** 7 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में उद्घाटन एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर महोबा, हमीरपुर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हमीरपुर संतराम सिंह राजपूत, ने स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय से सुरेन्द्र डा उमाकांत लोधी जिला पंचायत सदस्य रिहुंटा राम संजीवन यादव मौजूद रहे। लक्ष्य परिवार ने सभी खिलाड़ियों को स्वामी ब्रह्मानंद जी का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के अध्यक्ष धर्म सिंह खजांची व सभी कमेटी सदस्य रहे।

### सांसद प्रतिनिधि ने हजारों जरूरतमंदों को वितरण किए कंबल

**मौदहा हमीरपुर।** नगर सहित क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखते हुए सांसद प्रतिनिधि शादाब हुसैन बिट्टू के नेतृत्व में कंबल वितरण कार्यक्रम रखा गया जिसमें एक हज़ार से अधिक गरीब, बेसहारा एवं वृद्धजनों को कंबल ओढ़ाकर उन्हें राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व जिला महासचिव कमरूद्दीन प्रधान ने की। कस्बे के मोहल्ला उपरौस इमाम चौक में मंगलवार को सपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि शादाब हुसैन उर्फ बिट्टू के द्वारा बड़े पैमाने पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे शादाब हुसैन बिट्टू ने अपनी टीम के साथ नगर से सभी 25 वार्डों में जाकर वहां रह रहे लगभग 11सौ ग़रीब, बेसहारा एवं वृद्धजनों को चिंहित उन्हें कंबल ओढ़ाकर राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया। कार्यक्रम आयोजक शादाब हुसैन बिट्टू ने अपने सम्बोधन में कहा वक्फ 81 कमेटी उपरौस इमाम चौक नगर के जरूरतमंदों को हर संभव मदद का लगातार प्रयास कर रही है और आगे भी जनहित में निरंतर प्रयास जारी रहेगी। वहीं आयोजक शादाब हुसैन बिट्टू ने कंबल वितरण कार्यक्रम के उपरांत नगर के समाजसेवी एवं संभ्रांत नागरिको का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस दौरान शुभान वकील, घनश्याम साहू, साहिल, छोटा जावेद, अखनूश, अख्तर मास्टर, सुनील यादव, शोएब, आरिफ़, सफिया कुरैशी, हिफजुर्रहमान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सपा नेता रणबहादुर सिंह ने किया।

### रिठारी गांव के निजी नलकूप से स्टार्ट केबिल चोरी

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के रिठारी गांव स्थित निजी नलकूप से स्टार्टर व केबिल चोरी जाने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कस्बा कुरारा के वार्ड नौ निवासी राजबहादुर सचान ने थाने में तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के रिठारी गांव में खेत में निजी नलकूप लगा हुआ है। सोमवार की रात आठ बजे नलकूप का ताला बंद करके अपने घर चले गए तो अज्ञात चोर नलकूप के मकान के ऊपर से चढ़कर अंदर लगा विद्युत स्टार्टर व इसमें लगी दस मीटर विद्युत केबिल काटकर चोरी करके ले गए है। सुबह जब सिंचाई करने के लिए खेत में गए तो घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने बताया कि इस चोरी से लगभग बीस हजार रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने अज्ञात के खिलाफ चोरी की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की मांग थाना पुलिस से की है।

# चौधरी पहलवान सिंह की स्मृति में दंगल का आयोजन

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

इंचौली महोत्सव मे मंगलवार को अंतिम दिन चौधरी पहलवान सिंह की स्मृति में विराट इनामी दंगल का आयोजन पूर्व सदर विधायक युवराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमे राजस्थान के पोखरण से आये मुख्य अतिथि शिव जी मेवाड़ ने अयोध्या के बजरंगी पहलवान व राजेश राजस्थान से आये पहलवानो को हाथ मिलवाकर दंगल शुभारम्भ कराया। दंगल में दूर दराज से आये पहलवानों ने अपने दांव पेंच दिखाए जो मौजूद हजारों लोगों ने कुश्ती का आनंद उठाया। दंगल मेंबजरंगी अयोध्या ने राजस्थान को पटकनी दी तो हरियाणा के आकाश ने नेपाल के राजेंद्र को, शीलू मथुरा ने पंजाब के



शेरा को, विवेक हरियाणा को मथुरा के राजेश, हमीरपुर के हुकुम सिंह मथुरा व माधव पहलवान कि कुश्ती बराबर रही, साई हरियाणा ने सन्नी रोहतक को इस प्रकार दस दर्जन से अधिक पहलवानो ने अपने दांव पेच दिखाए।इस दौरान भाजपा के युवा नेता ऋषि राज सिंह ने कहा की आज की युवा पीढ़ी नशा के घर जा रही हैं। हैं पहले सयुक्त परिवार होते थे तो प्रत्येक घर में एक पहलवान हुआ करते थे लेकिन अब एकाकी परिवारों में युवाओं में अपना भविष्य चुनने की क्षमता नहीं हैं स ऐसा नहीं हैं हमारे देश में आज भी प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं सिर्फ उन्हें रास्ता दिखने की जरूत हैं। पूर्व सदर विधायक युवराज सिंह ने कहा कि यहां दंगल कराने कि परम्परा हमारे बाबा स्व. चौधरी पहलवान सिंह ने प्रारम्भ कि थीं द्यउनको पहलवानी से बहुत ही लगाव था उनको गांव ही नहीं यदि अपने बुन्देखण्ड क्षेत्र में किसी युवा में पहलवानी के लक्षण दिखाई देते तो वह उसे अपने यहां बुला लेते थे और उसे पहलवानी के पूरे गुण सिखाते थे उन्ही की प्रेरणा से यह दंगल कार्यक्रम बरसों से आयोजित होता आया है साथ ही वलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन शुरू कराया जो आज निरंतर जारी हैं। इस मौके पर संघ प्रचारक धनन्जय सिंह, हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद, बीजेपी बांदा पूर्व जिलाध्यक्ष लवलेश सिंह, रामदेव सिंह विजय शंकर प्रधान सिसोलर, असरार प्रधान गुसियारी, धनन्जय सिंह प्रधान लेवा इंद्रजीत सिंह, रविकरन सिंह ,ऋषिराज सिंह हजारो कि संख्या में दर्शको ने पहलवानो के दावपेंच देखकर आनन्द लिया।

### बाधूर खुर्द में रामलीला का किया गया आयोजन

**खड़ेही लोधन(हमीरपुर)।** गांव बांधुर खुर्द में बीती रात आयोजित हुए रामलीला में सीता स्वयंबर,धनुष यज्ञ व परशुराम लक्षमन संबाद का जीवंत मार्मिक मंचन किया गया।जिसे सुन दर्शक भाव विभोर हो गए।वही धुनष के टूटते ही दर्शकों के द्वारा फूलों की बर्षा की गयी। मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव बांधुर खुर्द में चल रहे दो दिवसीय श्री रामलीला में दूसरे दिन सोमवार की बीती रात को आयोजित श्री रामलीला मंचन में रामलीला की शुरुआत जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने भगवान श्री राम की झांकी की आरती करते हुए झांकी का प्रथमलोकन किया।इसके बाद दूर दराज से आये सुप्रसिद्ध कलाकारो के द्वारा धनुष यज्ञ की लीला के मंचन में सीता स्वयंवर के समय दूर दूर से आए बड़े-बड़े सूरमा राजा जब शिव जी का विशाल धनुष नहीं तोड़ पाए तो राजा जनक क्रोध में आकर विलाप करने लगते है। यह सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हो जाते है। तभी भगवान श्रीराम ने विश्वामित्र की आज्ञा पाकर धनुष भंग कर देते है तो।राजा जनक के चेहरे में खुशी की लहर दौड़ जाती है।इसके बाद सीता ने श्रीराम के गले में वरमाला डाली तो मौजूद दर्शको ने भी पुष्प वर्षा की।वही दूसरी ओर शिव धनुष टूटने पर भगवान परशुराम ने सीता स्वयंवर सभा में आकर क्रोध प्रकट करते हुए धनुष तोड़ने वाले को पूछा तो श्रीराम ने जवाब दिया कि धनुष तोड़ने बाला आपका कोई दास ही होगा यह जवाब सुनकर परशुराम का क्रोध और अधिक भड़क जाते है इस आग में घी डालने का कार्य लक्ष्मण ने किया।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान 91 शिकायतें प्राप्त हुई, अधिकांश का मौके पर किया गया निस्तारण

**जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने आये हुए फरियादियों को वितरण किए कंबल**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सर्दी के दृष्टिगत



जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किए गए जनसुनवाई में लगभग 91 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में गिरावट पर डीएम नाराज

▸ मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा, सुधार के निर्देश

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन के साथ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत जनपद की विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं रैंकिंग की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कुल 37 बिंदुओं पर विभागवार स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों की रैंकिंग अपेक्षित स्तर से नीचे है, उनके विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत रुचि लेते हुए योजनाओं की प्रगति में शीघ्र सुधार सुनिश्चित करें। उन्होंने सी, डी एवं ई श्रेणी में शामिल विभागों के खराब प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक के दौरान पंचायतीराज विभाग एवं समाज कल्याण विभाग में अपेक्षित सुधार न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन, सड़क निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, फैमिली आईडी, मध्यान्ह भोजन, छात्र उपस्थिति, पर्यटन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री ग्रामीण योजना, ग्रामीण अभियंत्रण, सेतु निर्माण, किसान सम्मान निधि, मनरेगा, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, युवा स्वरोजगार, महिला एवं बाल विकास तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण सहित अन्य योजनाओं में प्रगति तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौ-सेवा की मिसाल बने महेंद्र पांडेय, बांटे कंबल

सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



भीषण ठंड के मौसम में बेसहारा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रह रही गायों की सेवा के लिए रायबरेली के गेंगासो के रहने वाले समाजसेवी महेंद्र पाण्डेय ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने क्षेत्र में घर-घर जाकर गायों के लिए कंबल वितरण का अभियान चलाया, जिससे ठंड से जूझ रही गौमाताओं को राहत मिल सके। महेंद्र पांडेय द्वारा न केवल कंबल वितरित किए जा रहे हैं, बल्कि बीमार एवं घायल गायों के इलाज की भी समुचित व्यवस्था कराई जा रही है। पशु चिकित्सकों की मदद से गायों की जांच, दवाइयों और आवश्यक उपचार की व्यवस्था की जा रही है। इस गौ-सेवा अभियान में स्थानीय लोगों का भी सहयोग देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों एवं नगरवासियों ने इस पहल की जमकर सराहना की और इसे मानवता व सनातन संस्कृति से जुड़ा कार्य बताया। महेंद्र पांडेय ने कहा कि गाय हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। ठंड, भूख और बीमारी से बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को कहा कि उनको तो गौशालाओं से दुर्गंध आती है उनके सरकार में तो गौवंशो को काटा जाता था। अब भाजपा की सरकार है यदि किसी दम हो काट के दिखाए योगी बाबा उसको उल्टा लटका देंगे।उनकी इस पहल से क्षेत्र में गौ-संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है और अन्य लोग भी सेवा के लिए आगे आने लगे हैं।

## हड़ियाकोल आश्रम में समाजसेवियों ने आयोजित किया समरसता भोज

बाराबंकी। सेवा सहायता के महाकुंभ श्री राम वन कुटीर हड़ियाकोल आश्रम में विगत वर्षों की भांति समाजसेवियों ने तहरी भोज का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जहां आश्रम में स्वास्थ्य लाभ ले रहे बड़ी संख्या में मरीज एवं उनके तीमारदारों ने तहड़ी भोज में शामिल हुए वहीं जिले के तमाम समाजसेवियों और पत्रकारों ने भी पहुंचकर तहड़ी प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान कुलदीप रावत द्वारा आयोजित तहरी भोज का शुभारंभ आश्रम के महंत विष्णुदास जी एवं महंत तुलसीदास ने प्रसाद वितरण करके किया। इस समरसता भोज में वरिष्ठ पत्रकार दैनिक जागरण के ब्यूरो प्रमुख नरेंद्र मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार प्रेम अवस्थी, समाजसेवी रत्नेश कुमार हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल कुमार श्रीवास्तव लल्लू गीतकार साहब नारायण शर्मा, शिक्षक हरिनाम सिंह, सनत कुमार, आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा सहित तमाम स्थानीय महिलाएं एवं बच्चों ने समरसता भोज (तहरी भोज) में भाग लिया।

# जमोलिया प्रधान ने पांच सौ जरूरतमंदों को बांटी रजाई

▸ विशाल खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



जमोलिया ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान अंजनी गुप्ता द्वारा विशाल खिचड़ी भोज एवं रजाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 500 जरूरतमंदों को रजाइया दी गई तो वहीं वरिष्ठ नागरिकों ग्राम पंचायत के सदस्यों तथा आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह रहे सत्येंद्र सिंह ने कहा इस तरह के आयोजनों से आपसी सौहार्द और प्रेम बढ़ता है आज खिचड़ी भोज और रजाई वितरण का कार्यक्रम रखकर ग्राम प्रधान द्वारा समरसता का संदेश दिया गया है। ग्राम प्रधान अंजनी गुप्ता ने बताया कि 500 जरूरतमंदों को रजाइयां दी गई हैं तथा सम्मानित लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया है और विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन आज जमुलिया ग्राम पंचायत के राजापुर गांव में किया गया है ग्राम प्रधान ने कहा हमारा उद्देश्य है कि इस ठंड में कोई गरीब ठंड की वजह से परेशान न हो इसके लिए सारे इंतजाम किए जा रहे हैं ।उन्होंने बताया कि राजापुर के नाथ बाबा आश्रम पर यह कार्यक्रम हुआ है और ग्रामीणों की नाथ बाबा पर अपार श्रद्धा भी है। इस मौके पर विजय सिंह सोनू पंडित सहित हजारों लोग मौजूद रहे।



## जरूरतमंदों को कंबल, वरिष्ठ नागरिकों को अंग वस्त्र एवं विशाल तहरी भोज का किया आयोजन

**महराजगंज, रायबरेली।** विकासखंड क्षेत्र के ताजुद्दीनपुर ग्राम पंचायत के अन्दूपुर गांव में पूर्व खंड विकास अधिकारी एवं कांग्रेसी नेता रामकुमार सिंह के द्वारा विशाल तहरी भोज एवं कंबल वितरण व वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां हजारों लोगों ने तहरी भोज का आनंद लिया तो रामकुमार सिंह के द्वारा लगभग 200 से अधिक जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किया गया रामकुमार सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत में लगातार कंबल बांटने का कार्य जारी है पहले भी कंबल बांटे जा चुके हैं और आज लगभग 200 लोगों को कंबल प्रदान किए गए हैं हजारों लोगों ने तहरी भोज में पहुंचकर भोज का आनंद लिया तथा सैकड़ो वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर लालमोहन सिंह पूर्व प्रधान राकेश सिंह पूर्व प्रधान देवेंद्र सिंह करन सिंह रमेश सिंह नरेंद्र सिंह छोटेलाल सिंह अंजनी सिंह अशोक सिंह उदय नारायन सिंह करन सिंह प्रधान खेरवा डॉक्टर करन सिंह बबलू सिंह कुलदीप सिंह दीपक सिंह कपिल सिंह अमित सिंह जय भद्रा सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चोरी की घटनाओं में चार गिरफ्तार, ट्राली-इंजन बरामद

बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार चोरो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का एक हाइस्पीड इंजन मय ट्राली बरामद किया है।गिरफ्तार चोरो को पुलिस ने न्यायालय मे पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।पुलिस के मुताबिक जिले में होने वाली चोरी की घटनाओ का शीघ्र अनावरण करने व अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।इसी क्रम में मंगलवार को थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना से सम्बन्धित चार चोरों सौरभ उर्फ कृष्णा पुत्र सोनेलाल,अनुज कुमार पुत्र राजेश कुमार,कुलदीप उर्फ धनपाल पुत्र ईश्वरदीन,रोहित उर्फ छोटू विश्वकर्मा पुत्र राकेश कुमार निवासीगण ग्राम शेखूपुर थाना मोहम्मदपुर खाला को क्षेत्र के आल्हेमऊ जंगल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो की निशादेही पर चोरी का एक हाइस्पीड इंजन मय ट्राली बरामद किया गया तथा घटना मे प्रयुक्त बाइक को भी सीज किया गया।पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि बरामद इंजन बीते 3 जनवरी को ग्राम शेखूपुर से जबकि दूसरा इंजन दादनपुर खेत चोरी किया गया था।शेष अभियुक्त अशोक रावत पुत्र रामप्रकाश रावत निवासी शेखूपुर थाना मोहम्मदपुर खाला की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा,उप निरीक्षक अवधेश कुमार सेंगर, अरवेश वर्मा,कांस्टेबल अनिल कुमार यादव,मोहित कुमार, गोपाल सिंह,अनुराग श्रीवास्तव,आशीष कुमार प्रजापति शामिल है।

## रजबहा कटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न



**जैदपुर बाराबंकी।** मौथरी गांव के निकट स्थित रजबहा के कटने हजारो बीघा फसले जलमग्न हो गई।जिससे सैकड़ों किसानों का भारी नुकसान हो गया है।पूर्व प्रधान पर आरोप, थाने में की गई शिकायत।जानकारी के मुताबिक हरख ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मौथरी व गुलरिहा के मध्य स्थित रजबहा बीती सोमवार व मंगलवार की मध्यरात्रि को कटने की वजह से हजारो बीघा आलू,सरसों,गेहूं,टमाटर सहित अन्य फसले जलमग्न हो गई।मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे खेत पहुंचे किसानो ने अपनी फसलो को जलमग्न देखा तो सभी के होश उड़ गए।ग्रामीणो ने इसकी सूचना नहर विभाग को दिया। सूचना के बाद नहर विभाग द्वारा नगर को बंद कराने के उपरांत बांध बनने का कार्य शुरू किया गया।स्थानीय किसानो ने बताया कि पूर्व प्रधान रामसागर द्वारा केले के अवशेष को नहर की पटरी पर ही छोड़ दिया गया था।जिससे नगर की पटरी जर्जर हो गई और कटने से हजारों बीघा फसले जलमग्न हो गई।वही इस संबंध में नगर विभाग के जेई हरीश वर्मा ने बताया कि नहर के कटने की सूचना मिली है।बांध बनने के लिए भेज दिया गया है उन्होने कहाकि नहर के ओवरफ्लो होने की जानकारी सोमवार की शाम को मिली थी जिससे शाम करीब 6 बजे नहर को बंद करा दिया गया था।जिसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पुनः नहर मे पानी के प्रवाह को खोल दिया गया।जिससे अधिक पानी के ओवरफ्लो होने के कारण यह घटना हुई है।

# न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।




न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, लालगंज में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों—आत्मविश्वास, अनुशासन, राष्ट्रसेवा एवं चरित्र निर्माण—को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनके सकारात्मक प्रयास ही राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा भाषण, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा प्रेरक विचार प्रस्तुति का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षकों ने भी युवाओं को लक्ष्य निर्धारण, मेहनत और नैतिक मूल्यों का महत्व समझाया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर संकल्प के साथ किया गया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्तकार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख ने दो हजार जरुरतमंदों को बांटे कंबल



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख व पूर्व प्रधान मौजूदा प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता के द्वारा लगातार ग्राम पंचायत मऊ में कंबल बांटने का कार्य चल रहा है अब तक लगभग 2000 से अधिक जरूरतमंदों को सत्येंद्र सिंह के द्वारा कंबल प्रदान किए गए हैं पिछले कई वर्षों से उनके द्वारा गरीब असहाय एवं मजबूर लोगों के लिए ठंड के मौसम में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन होता रहा इस वर्ष भी लगभग 2000 लोगों को पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह के द्वारा कंबल प्रदान किया गए हैं। ग्राम पंचायत मऊ के जियापुर शिवगढ़ महबूबगंज रानी का पुरवा दुबे की बजार कूटी बरी बरा मोतीगंज भादीहा देवी भक्त का पुरवा दसवतपुर सहित ग्राम पंचायत के विभिन्न गांव में जाकर न्यू वर्तमान ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह के द्वारा कंबल विट्ठल कार्यक्रम किया जा रहा अब तक 2000 से अधिक कंबल सत्येंद्र सिंह ने जरूरतमंदों को बांटे।

## कारागार ले जाते समय वाहन दुर्घटनाग्रस्त, हिरासत से भागा आरोपी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला कारागार ले जाते समय पुलिस हिरासत से एक आरोपी फरार हो गया। बताया जाता है त्रिलोकपुर के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार जामो थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर निवासी एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसे सुल्तानपुर जिला कारागार ले जाया जा रहा था। मुंशीगंज थाना क्षेत्र में त्रिलोकपुर स्थित एक गौशाला के पास रोड पर अपाचे गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

दुर्घटना में आरक्षी जबर सिंह और होमगार्ड हौसला मिश्रा घायल हो गए। उन्हें गौरीगंज जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें एम्स रायबरेली रेफर कर दिया गया है।

## सिरमौर बुद्ध विहार गंगौली की मासिक बैठक सम्पन्न

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को सिरमौर बुद्ध विहार सेवा संस्थान गंगौली सोइया की एक विशेष बैठक बुद्ध विहार परिसर में सम्पन्न हुई। ज्ञातव्य है कि यह बैठक नये वर्ष की व संस्थान की नवीनीकृत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक थी। बैठक में सर्वप्रथम नये पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की सूची पढ़कर सुनाई गयी। बैठक की अध्यक्षता श्यामलाल आर्य और संचालन रामफल फौजी सचिव ने किया। अध्यक्ष ने कई कारणों वश लिखित त्यागपत्र दिया जिसे सभी प्रबंधकारिणी समिति ने अस्वीकृत कर दिया और उनसे अपने पद पर बने रहने का अनुरोध किया। काफी मानमनौवल पर वे अपने पद पर बने रहने को तैयार हुए। बैठक में प्रबंधक सुखदेव बौद्ध समेत कई लोगों पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के कुछ लोगों के बयानों की कटु निन्दा की गयी।

# कृषि सम्बंधी सलाह की जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आधुनिक कृषि में कृषि संबंधी सलाह की भूमिका पर एक दिवसीय सेमिनार जागरूकता कार्यक्रम युगांतर विद्या मंदिर झरसवा बड्डूपुर ब्लॉक निंदूरा बाराबंकी में गुलज़ार फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो की तादाद में किसान भाई सम्मिलित हुए संस्था के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत रहे । अध्यक्षता कालेज के प्रबंधक सूर्यांश सिंह नें की कृषिकों को नई टेक्नोलॉजी से कृषि करने के फायदे बताए गए भारत सरकार की इस योजना के अंतर्गत कार्यक्रम बहुत सफल रहा कार्यक्रम में सम्मिलित विशिष्ट अतिथि प्रदीप सारंग डॉक्टर सत्या सिंह। मंच का संचालन रजत बहादुर वर्मा ने किया रमेश चंद्र रावत का भी कृषि के ऊपर उद्बोधन रहा कात्यानी पांडे शिक्षकों को खेती के बारे में विस्तार से बताया बाराबंकी चिल्ड्रन हॉस्पिटल से डॉक्टर सुहेल ने अपने उद्बोधन में बताया कि किस तरह से हम फसल को और अच्छी कर सकते हैं खेती के ऊपर बच्चों से डिबेट करवाई गई ऑब्जेक्टिव प्रश्नोत्तरी कराई गई सभी बच्चों को सर्टिफिकेट मोमेंटो दिया गया जितने भी किसान भाई आए थे सभी को अंग वस्त्र सर्टिफिकेट माल्यार्पण शाल्याअर्पण किया गया कॉलेज के प्रबंधक को सम्मानित किया गया। कवि पुष्पेंद्र ने खेती पर बहुत ही अच्छी कविता पढ़ी कविता को सुनकर सभी का मन प्रफुल्लित हो गया अंत में गुलज़ार फाउंडेशन की सचिव गुलज़ार बानों ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा इस तरह के कार्यक्रम जो भारत सरकार संस्थाओं को देती है करने के लिए यह जागरूकता कार्यक्रम बहुत ही सफल रहते हैं और स्कूल के प्रबंधक तथा सभी शिक्षक गण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधिकारियो को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## कृषि विभाग की सघन छापेमारी, सात कीटनाशक के लिए नमूने

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रबी फसलों की वर्तमान अवस्था को देखते हुए किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि रक्षा रसायन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने सघन निरीक्षण अभियान चलाया। शासन के निर्देश एवं जिलाधिकारी संजय चौहान के आदेश के क्रम में जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार द्वारा मंगलवार को तहसील गौरीगंज एवं मुसाफिरखाना क्षेत्र में कीटनाशक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। अभियान के दौरान जनपद के कुल 17 कीटनाशक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें गुणवत्ता परीक्षण के लिए 7 पेस्टीसाइड नमूने संग्रहित किए गए।

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में ग्राम पंचायतों में संचालित विकास एवं स्वच्छता से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में किए जा रहे विकास कार्यों, ग्राम सभाओं की बैठकों के आयोजन, वार्षिक कार्य योजनाओं, पंचायत भवनों के निर्माण की प्रगति, अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, डिजिटल पुस्तकालयों की प्रगति, परिवार रजिस्टर के डिजिटाइजेशन, पंचायत कल्याण कोष की स्थिति सहित ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरा एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किए जाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इन योजनाओं को और अधिक प्रभावी, टिकाऊ एवं जन उपयोगी बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुंचे, इसके लिए समन्वय, निगरानी एवं जन सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, बीएससी संजय तिवारी सहित समस्त खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत हरिहरपुर जमखा वि.ख. बिसवां, सीतापुर

पत्रांक-मेमो/निविदा/2025-26/ दिनांक 14.01.2026

### अल्पकालिक निविदा सूचना

मनरेगा योजना 2025-26 के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्नलिखित कार्यों हेतु रजिस्टर्ड फर्मों एवं विक्रेताओं से उच्चकोटि की गुणवत्ता युक्त सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 18.01.2026 को 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जमा की जायेगी। उसी दिन 3:30 बजे अपरान्ह निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि के संभवा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री धनराशि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एम.डी.एम. रोड का निर्माण कार्य | 545510.00 | 10910.00 | 500 |

**नियम व शर्ते**-1. निविदा फार्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 500 रूपये निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद-विवाद की दिशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/ स्वीकृत/ निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

कन्हैयालाल
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. हरिहरपुर जमखा

आलोक सिंह
ग्रा.वि.अधि./ग्रा.पं.अधि.
ग्रा.पं. हरिहरपुर जमखा

## कार्यालय ग्राम पंचायत हरिहरपुर जमखा वि.ख. बिसवां, सीतापुर

पत्रांक-मेमो/निविदा/2025-26/ दिनांक 14.01.2026

### अल्पकालिक निविदा सूचना

मनरेगा योजना/2025-26 के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्नलिखित कार्यों हेतु रजिस्टर्ड फर्मों एवं विक्रेताओं से उच्चकोटि की गुणवत्ता युक्त सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 18.01.2026 को 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जमा की जायेगी। उसी दिन 3:30 बजे अपरान्ह निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि के संभवा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री धनराशि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य | 769605.00 | 15392.00 | 500 |

**नियम व शर्ते**-1. निविदा फार्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 500 रूपये निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद-विवाद की दिशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/ स्वीकृत/ निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

कन्हैयालाल
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. हरिहरपुर जमखा

आलोक सिंह
ग्रा.वि.अधि./ग्रा.पं.अधि.
ग्रा.पं. हरिहरपुर जमखा


# सीडीओ ने विकास खंड बिसवां का किया निरीक्षण

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या द्वारा जनपद सीतापुर के विकास खंड बिसवां का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड कार्यालय में संधारित विभिन्न अभिलेखों, पंजिकाओं एवं फाइलों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के समय अभिलेखों के संधारण, अद्यतन स्थिति तथा रिकॉर्ड प्रबंधन में कुछ कमियां पाई गईं। निरीक्षण के उपरांत संबंधित कमियों को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेखों का समयबद्ध रूप से अद्यतनकरण कराया जाए तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं संधारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, योजनाओं से संबंधित प्रगति रिपोर्ट एवं लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन को योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त हो सके। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विकास खंड स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अभिलेखीय कार्यों में सुधार लाना तथा विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा।

# दो वर्ष से चकमार्क खाली करने की हो रही शिकायत, मिलेगा न्याय?

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी राजा गणपति आर के द्वारा लगातार आदेश किया जा रहा है कि किसानों की समस्या को लेकर चकमार्ग को कब्जा किए हुए दबंग के द्वारा तहसील प्रशासन व प्रशासन के द्वारा लगा खाली करवाया जाएगा परंतु प्रार्थी पिछले 2 साल से तहसील मिश्रिख और पूर्व जिलाधिकारी के चक्कर लगाता रहा, मगर तहसील मिश्रिख के अधिकारियों की लापरवाही के चलते पिछले दो वर्षों से पीड़ित को नहीं न्याय मिला। पीड़ित के द्वारा जब सीतापुर के नए जिलाधिकारी राजा गणपति आर की बात आई तो उनके द्वारा जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र देकर चकमार्ग खाली कराए जाने की मांग की। प्रार्थी रामकुमार तिवारी ने बताया है कि गाटा सं. 195/1.073 हे. कृषि योग्य भूमि ग्राम पुरैनी, परगना मछरहेटा तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर में स्थिति है, जिसका प्रार्थी संक्रमणीय भूमिधर है। प्रार्थी के खेत में गन्ने की फसल लगी हुई है। मेरे खेत के दक्षिणी मेड़ की तरफ चकमार्ग स्थिति है। कृष्ण पाल पुत्र बाबूराम, शिवपाल पुत्र राम भरोसे निवासी पुरैनी परगना मछरहेटा तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर के खेत से चकमार्ग प्रारम्भ होता है, उनके द्वारा अवैध रूप से चकमार्ग पर कब्जा किया गया है तथा चकमार्ग पर पेड़ लगा दिये गये हैं।

# विकास कार्यों में प्रदेश में कन्नौज को 11वां स्थान

- डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड व विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, जनपद की रैंकिंग तथा सुधारात्मक कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद ने विकास कार्यों में प्रदेश में 11वां स्थान, राजस्व के क्षेत्र में 32वां स्थान तथा समग्र रैंकिंग में 18वां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि कुछ बिंदुओं पर अपेक्षित प्रदर्शन न होने के बावजूद कुल मिलाकर जनपद की रैंक संतोषजनक है। निरंतर निगरानी, नियमित समीक्षा एवं विभागीय समन्वय से आगामी रैंकिंग में और बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि छात्रवृत्ति योजना, ओडीओपी योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पंचायती राज 15वां वित्त आयोग एवं आजीविका मिशन जैसी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने से जनपद की रैंकिंग प्रभावित हुई है। यदि इन योजनाओं में बेहतर प्रदर्शन होता तो जनपद की स्थिति और मजबूत हो सकती थी। समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उद्योग विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की योजनाओं में पिछड़ी रैंकिंग पर उन्होंने विशेष चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गोवंश किसी भी स्थिति में सड़कों पर दिखाई नहीं देना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए, ताकि आगामी समीक्षा में जनपद और बेहतर रैंक प्राप्त कर सके।

# धर्मांतरण के आरोप में तीन गिरफ्तार, भेजा जेल

- कब्जे से ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार से संबंधित सामग्री जब्त

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बहला-फुसलाकर एवं प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने के आरोप में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते 08 दिसंबर 2025 को तिर्वा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाना ठठिया पर प्रार्थना पत्र दिया गया। इसमें आरोप लगाया गया कि ग्राम करसाह में अभियुक्तगण द्वारा बिना अनुमति चर्च का निर्माण कर महिला, पुरुष एवं बच्चों को बहला- फुसलाकर तथा प्रलोभन देकर हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर थाना ठठिया पर मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक देवेश पाल, हेड कांस्टेबल विवेक कुमार, कांस्टेबल आदित्य तिवारी, सौरभ सहित पुलिस टीम ने नहर पुल खैरनगर से पन्नालाल (60), विद्यासागर (45), उमाशंकर दोहरे (48) पुत्र रामस्वरूप दोहरे निवासीगण करसाह थाना ठठिया को गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से ईसाई धर्म के प्रचार- प्रसार से संबंधित भारी मात्रा में सामग्री भी बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। मामले का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि धर्मांतरण कराने बाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## पीएम श्री विद्यालयों में लगेगी स्वच्छ पेयजल यूनिट, डीएम ने दी मंजूरी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिले में पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और अहम पहल की गई है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने पीएम श्री योजना के तहत चयनित चार परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत विद्यालयों में ड्रिंकिंग वाटर यूनिट स्थापित की जाएंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जूनियर हाईस्कूल काकरकुई, जूनियर हाईस्कूल नरमऊ, उच्च प्राथमिक विद्यालय कनौली तथा जूनियर हाईस्कूल गुगरापुर में स्वच्छ पेयजल यूनिट लगाई जाएंगी।

# नगर पंचायत समधन अध्यक्ष के पति अखलाक हुसैन का निधन

- वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष के पति को शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे सभी पार्टियों के नेतागण
- जनाजे में हजारों लोग हुए शामिल

**समधन, समृद्धि न्यूज।**




अध्यक्ष के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करते कांग्रेसी

नगर पंचायत की अध्यक्ष के पति का बीमारी के चलते उपचार के दौरान निधन हो गया सभी दलों के नेताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की गई।

समधन नगर पंचायत की अध्यक्ष आसमा बेगम के करीब 55 वर्षीय पति अखलाक हुसैन सिद्दीकी का बीमारी के चलते मंगलवार सुबह कानपुर एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया कानपुर से शव नगर में उनके आवास पर पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, जीतू तिवारी, छिबरामऊ नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, सिकंदरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष हरिहर सिंह, तालग्राम नगर पंचायत अध्यक्ष जानू ,कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश पॉलीवाल, पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष ऊषा दुबे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष तारिक बसीर, पूर्व जिला प्रवक्ता शमशाद खां, डाक्टर जहीर अहमद, पूर्व नगर अध्यक्ष गुरसहायगंज संजीव दुबे मुन्ना, महिला जिलाध्यक्ष रीना सिंह वर्मा, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, बसपा के वरिष्ठ नेता सैय्यद अहमद उसैव वटटू , मुस्ताक अहमद भुट्टो,रफी अनवर सिद्दीकी, इरफान नेता, फैसल हुसैन कोटेदार, सपा नेता पिंटू यादव,पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि नकीम खान आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन




**छिबरामऊ, कन्नौज।** महोत्सव समिति के तत्वावधान में चल रहे युवा चेतना सप्ताह के अंतर्गत दूसरे दिन स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एक सैकड़ा से अधिक प्रतियोगियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों के प्रति जागरूकता दिखाते हुए आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावनाओ को अपने शब्दों के माध्यम से प्रदर्शित किया। महोत्सव संस्थापक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया किप्रतिभागियों ने अपने लेखन में स्वामी विवेकानंद के शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए ऐतिहासिक भाषण के दौरान उनके आत्मविश्वास से परिपूर्ण कर्मयोग, युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण के विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल ने विषयवस्तु, भाषा शैली और मौलिकता के आधार पर निबंधों का मूल्यांकन करते हुए परिणाम को सुरक्षित रख लिया है जिसकी घोषणा 18 जनवरी को पुरस्कार वितरण के समय होगी। इस दौरान रिंकू, सचिन, सुबोध, राजीव, सुधीर ने पर्यवेक्षकों की भूमिका निभाई।

# व्यापारियों को बताए जीएसटी में पंजीकरण के लाभ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



वाणिज्य कर अधिकारी ने जीएसटी जागरूकता को लेकर पुरानी गल्ला मंडी स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू के प्रतिष्ठान पर व्यापारियों के साथ बैठक कर जीएसटी पंजीकरण के लाभ बताए। जीएसटी के एसटीओ अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि राज्य में पंजीकृत व्यापारियों के लिए 10 लाख की मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के लिए कोई प्रीमियम देय नहीं है। प्रधान मंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना के अन्तर्गत पंजीकृत व्यापारियों को पेंशन की व्यवस्था है। जीएसटी से सम्बन्धित किसी भी कार्य हेतु सरकारी कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। पंजीयन हेतु कोई शुल्क देय नहीं है। व्यापारी स्वयं ऑनलाइन पंजीयन प्राप्त कर सकते हैं। जीएसटी कर प्रणाली में समस्त कार्य घर बैठे ऑनलाइन कर सकते हैं। 1.5 करोड़ वार्षिक कारोबार सीमा तक के छोटे एवं मझोले व्यापारियों के लिए समाधान योजना है। 0 से 5 करोड़ तक की वार्षिक कारोबार सीमा तक के व्यापारियों के लिए तिमाही रिटर्न है। शून्य खरीद बिक्री से सम्बन्धित रिटर्न एसएमएस के माध्यम से दाखिल करने की सुविधा है। छोटे एवं मझोले व्यापारियों के लिए अत्यन्त सरल रिटर्न फार्म सहज एवं सुगम है। उन्होंने जीएसटी पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेजों में पैन नंबर, मोबाइल नंबर, ई-मेल, आधार अथवा डिजिटल सिग्नेचर, पहचान प्रमाण पत्र आवश्यक प्रपत्र आवास एवं व्यापार स्थल के पते का प्रमाण बताए। इस दौरान उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, अजयभान पिंटू गुप्ता, प्रभाकर गुप्ता, रामू गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, नीरज गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, मो. इमरान व ताशु गुप्ता सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# कार-बाइक की भीषण टक्कर से तीन लोग घायल



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के सदारी नगला गांव के सामने नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। कानपुर से मेरठ जा रही कार (चालक- मेरठ निवासी अनुज) और फर्रूखाबाद निवासी विनय शाक्य की बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि विनय शाक्य अपनी बाइक करमुल्लापुर की ओर मोड़ रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार विनय गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कार में सवार अनुज और उनकी मां भी बुरी तरह चोटिल हो गईं। स्थानीय लोगों और पुलिस की त्वरित मदद से तीनों घायलों को छिबरामऊ के सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां उनका इलाज चल रहा है।

# आचार्य हरिओम दास ने श्रोताओं को किया भावुक

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




शनि मंदिर अस्पताल रोड के पास चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ने भक्तों के हृदयों को स्पर्श कर दिया। आचार्य पंडित हरिओम दास ने कृष्ण जन्म, सीता स्वयंवर और राम बनवास की भावपूर्ण कथाओं के माध्यम से सभी को भावविभोर कर दिया। कथा स्थल पर सैकड़ों श्रोता एकत्र होकर दिव्य अनुभूति का आनंद लेते नजर आए।

आचार्य श्री ने संतों की महिमा का बखान करते हुए कहा संत ही समाज का उद्धार कर सकते हैं। वे अंधकारमय जीवन में प्रकाश की किरण बनकर भटके हुए जीवों को सत्य का मार्ग दिखाते हैं। संतों की संगति से ही मनुष्य मोह-माया के बंधनों से मुक्त होकर परमात्मा की प्राप्ति कर सकता है। उनके ये शब्द श्रोताओं के मन में गहरी छाप छोड़ गए। श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए आचार्य जी ने कहा भगवान विष्णु के अवतार के रूप में कृष्ण का जन्म द्वापर युग की रक्षा के लिए हुआ। माता देवकी और पिता वासुदेव की कठिनाइयों के बीच यह जन्म भक्ति और विश्वास का प्रतीक है। कृष्ण का आगमन हमें सिखाता है कि अधर्म के विरुद्ध धर्म की विजय निश्चित है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन ने माहौल को और भक्तिमय बना दिया। सीता स्वयंवर एवं राम बनवास के प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा राम का स्वयंवर में धनुष भंग और सीता से विवाह धर्म की स्थापना का प्रतीक है, जबकि बनवास कर्तव्य पालन का आदर्श। राम का त्याग हमें सिखाता है कि राजा हो या प्रजा, सबको मर्यादा का पालन करना चाहिए। कथा में परीक्षित का दायित्व एडवोकेट डॉ. मयंक सक्सेना एवं उनकी पत्नी गीता सक्सेना ने निभाया। समापन पर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने आचार्य जी को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, डॉ. मयंक सक्सेना एवं बैकुंठनाथ सक्सेना एडवोकेट ने पालिकाध्यक्ष दुबे को इसी तरह सम्मान प्रदान किया।




## समाजवादी पार्टी ने लगाया मतदाता पंजीकरण कैंप

**छिबरामऊ कन्नौज।** नगर के मोहल्ला कस्साबान स्थित मन्ने के हाता में समाजवादी पार्टी की ओर से चार बूथों का एक विशेष कैंप आयोजित किया गया। इसमें नए मतदाताओं के फॉर्म नंबर 6 भरवाए गए ताकि पात्र युवा मतदाता सूची में शामिल हो सकें। सपा के नगर जोन प्रभारी राशिद फारूकी ने बताया कि पार्टी का लक्ष्य अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल कराना है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और सभी पात्र नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग करने का अवसर मिलना चाहिए। ऐसे कैंप नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को फॉर्म भरने में सहयोग किया। इस अवसर पर बीएलओ अतुल वर्मा, रमेश सिंह, प्रभाती यादव, सत्यपाल सिंह के अलावा संतोष गुप्ता, फैसल कुरैशी, मोहम्मद कुरैशी, वसीम मंसूरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज आज



**छिबरामऊ, कन्नौज।** शक्तिपीठ रामा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा कि अपने देश में खिचड़ी महापर्व का बहुत ही बड़ा महत्व है। जहां देश में खिचड़ी महापर्व पर विभिन्न प्रकार का दान पुण्य होगा वही नगर के शक्तिपीठ गमा देवी में भी 15 जनवरी बृहस्पतिवार को खिचड़ी महापर्व का कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा भक्ति से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब प्रदोष के बाद रात में संक्रांति लगती है तो पुन्य काल दूसरे दिन लगता है इसलिए मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी बृहस्पतिवार को ही मनाया जाएगा। सर्वत्र गंगा, अन्य नदियों, एवं कुआ सरोवरों में स्नान किया जाएगा। ब्राह्मण साधु संत को वस्त्र शाल कंबल पादुका धार्मिक पुस्तक विशेष कर पंचांग आदि अन्य सामग्री सहित दान किया जाता है। उन्होंने कहा कि खिचड़ी भोज का शुभारंभ दोपहर 12:30 बजे से होगा। नगर के सभी सनातन धर्मी खिचड़ी का प्रसाद पाने के लिए सादर आमंत्रित हैं।

# मकर संक्रांति पर श्रद्धालु लगायेंगे आस्था की डुबकी



**जगम्मनपुर,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर 14 एवं 15 जनवरी को पंचनद संगम पर होने वाले स्नान को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचनद संगम पर इन दोनों दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अंबुज यादव के नेतृत्व में रामपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह, उप निरीक्षक पंकज कुमार मिश्रा (चौकी प्रभारी जगम्मनपुर) तथा पर्याप्त पुलिस बल के साथ पंचनद संगम तट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्नान घाटों की स्थिति, जल स्तर, आने-जाने वाले मार्गों तथा भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, भीड़ को नियंत्रित रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। साथ ही, स्थानीय नाविकों से भी बातचीत कर उन्हें स्नान के समय विशेष रूप से मुस्तैद रहने, गहरे पानी में जाने से श्रद्धालुओं को रोकने तथा जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। प्रशासन द्वारा स्नान स्थल पर लगातार निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने की भी योजना बनाई गई है। अधिकारियों ने बताया कि मकर संक्रांति स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे स्नान के दौरान सावधानी बरतें, घाटों पर लगाए गए संकेतों का पालन करें।

## स्कूल पढ़ने गयी छात्रा लापता, युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जालौन (उरई)।** स्कूल पढ़ने गई इंटरमीडिएट की छात्रा सोमवार से लापता है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किशोरी को बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी नगर के एक विद्यालय में इंटरमीडिएट की छात्रा है। सोमवार 12 जनवरी की सुबह वह घर से इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए निकली थी। छुट्टी के बाद जब वह निश्चित समय पर घर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। बाद में नाते रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर पूछताछ करने पर पता चला कि उनकी बेटी को कालपी थाना क्षेत्र के ग्राम सरसेला निवासी संजय अपने साथ बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया है।

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोंच कोतवाली क्षेत्र में किशोरी को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए मंगलवार दोपहर 3 बजे जानकारी दी है। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल कराते हुए उसे जेल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक, कोंच कोतवाली क्षेत्र के कोंच नगर में किशोरी को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने फ़िलहाल गिरफ्तार कर लिया है, वहीं आरोपी का चिकित्सीय परीक्षण करने के बाद उसे जेल भेज दिया है, बताया गया कि आरोपी पास के ही गांव का रहने वाला है और 6 माह पूर्व से ब्लैकमेल करके किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे रहा था, वहीं मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे आरोपी के चेहरे को देखने के लिए तमाम लोगों की भीड़ जुट गई, दरअसल एक होटल में किशोरी के साथ दुष्कर्म करते हुए आरोपी का वीडियो वायरल हुआ था, इसके बाद फ़िलहाल पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम में गठित कर दी थी, फ़िलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। जिसको न्याय के समक्ष पेश किया जायेगा।

## खाद गड्ढे पर दबंग ने जमाया कब्जा

**जालौन ,उरई।** गांव के खाद के गड्ढे पर गांव के ही एक व्यक्ति ने जबरन कब्जा कर लिया है। कब्जा होने से ग्रामीणों को कूड़ा डालने में परेशानी हो रही है। ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। विकास खंड के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी विनोद कुमार ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्रामीणों को कूड़ा डालने की सुविधा के लिए सरकारी खाद के गड्ढे आवंटित किए गए थे। खाद के गड्ढों पर गांव के ही एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है, जिससे ग्रामीणों को कूड़ा डालने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों को सड़क किनारे कूड़ा डालना पड़ रहा हैं, जिससे गंदगी बनी रहती। ग्रामीण ने खाद के गड्ढे को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD USMAN S/O RAMZAN ALI था जो दिनांक 10/12/2025 को मैने अपना नाम बदलकर USMAN ALI S/O RAMZAN ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता मोहल्ला बड़ीहाट थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच, यूपी।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र सौरभ व पुत्रवधू चित्रा का आचरण अच्छा न होने के कारण दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कार्य या लेन देन की मेरे सहित मेरी पत्नी मोहिनी व पुत्र सुमित की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**रामकिशुन दुबे पुत्र घासीराम दुबे निवासी भटपुरी रोड, सौरिख (कन्नौज)।**

## सूचना

मैंने अपने पुत्र विनय कुमार व पुत्रवधू सरिता देवी का आचरण अच्छा न होने के कारण दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कार्य या लेन देन की मेरे सहित मेरी पत्नी कौशल्या देवी, पुत्र प्रदीप, कुलदीप व पुत्री राधा की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**संतराम पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम-बलरामपुर पोस्ट असालताबाद, थाना विशुनगढ़ (कन्नौज)।**

# दीन मुहम्मद बने गोपी, विहिप ने करायी घर वापसी

- लोनिवि के मंदिर परिसर में संपन्न कराई घर वापसी की प्रक्रिया

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**




डेढ़ दशक पूर्व उरई के मोहल्ला बघौरा निवासी गोपी अहिरवार से दीन मोहम्मद बने व्यक्ति को आज विश्व हिंदू परिषद ने कार्यकर्ताओं ने गंगाजल छिड़क कर उसे फ़िर से सनातन धर्म में आने वाले अनुसूचित जाति का टैग लगा दिया अब वह दीन मोहम्मद से फ़िर से गोपी अहिरवार बन गया। सूत्रों के अनुसार हिन्दू धर्म में घर वापसी करने वाले गोपी अहिरवार ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी जिसमें धर्म परिवर्तन कराने वाली महिला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो गया और आरोपी महिला को पकड़ने के लिये पुलिस टीम भी रवाना हो गयी।

विश्व हिंदू परिषद के नेता बलवीर सिंह यादव ने बताया कि 15 साल पहले गोपी अहिरवार पुत्र गोकुल अहिरवार निवासी बनोरा कालपी हाल मुकाम बघौरा बाईपास उरई जो की रेशमा पत्नी एहसान अली निवासी करमचंद पूर्व तहसील कालपी हाल निवास बघौरा उरई ने उसे दिल्ली ले जाकर हिंदू से मुस्लिम बना दिया था गोपी ने अपना खेत बेंचा था जिसका पैसा भी रेशमा ने हड़प लिया था अब बाद में रेशमा ने उसे घर से निकाल दिया और वह दर-दर की ठोकरें खा रहा था जब वह मेरे पास आया तब उसने सारी कहानी बताई जिससे उसका फ़िर से धर्मांतरण आज कराया गया लोक निर्माण विभाग के मंदिर में संपन्न हुई धर्मांतरण प्रक्रिया में उसके ऊपर सबसे पहले गंगाजल छिड़क कर उसकी दाढ़ी काटी गई बाद में भगवा वस्त्र पहनकर मंदिर में पूजा अर्चना करवाई गई मामले को रंग देने के लिए विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने वकायदा मीडिया कर्मियों को भी बुला लिया था जहां दीन मोहम्मद ने बताया कि उसका खतना कर जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया था उसका सारा पैसा रेशमा खा गई और उसे भगा दिया उसे और उसकी मां के साथ मारपीट की और वह भटकता हुआ यहां आ पहुंचा। इस दौरान मीडिया कर्मियों को जिलाधिकारी को संबोधित गोपी अहिरवार के प्रार्थना पत्र का भी वितरण किया गया।

# लाखों की हुई चोरी, लेकिन चोरों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

लगभग एक माह पूर्व सूने घर का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 35 लाख रुपये के जेवर चोरी होने के मामले में पुलिस अभी तक चोरों तक नहीं पहुंच पाई है। हालांकि चोरी के खुलासे के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई हैं। फ़िर भी चोर पुलिस की पकड़ से दूर बने हुए हैं।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया भवानीराम निवासी संजीव कुमार 11 दिसंबर को अपने साले के शादी समारोह में शामिल होने के लिए कोंच थाना क्षेत्र के ग्राम अंडा गए थे। घर पर उनके ससुराल पक्ष के लोग सास, ससुर, साला, सलहज, दादी सास भी आए थे। सभी लोग कुछ जेवर पहनकर और बाकी जेवर घर में ही अलमारी में सुरक्षित रखकर शादी में शामिल होने के लिए गए थे। उसी रात किसी समय चोरों ने सूने घर के सामने के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर घर में दाखिल हो गए। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने के करीब 246 ग्राम के लगभग दो किग्रा चांदी के जेवर समेत 40 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए थे। चोरी से पूर्व चोरों ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की केबल व वाई फ़ाई की वायर भी काट दी थी। इसके अलावा पिछले माह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलकपुरा निवासी कीटनाशक विक्रेंता बृजनंदन पटेल उर्फ नीतू हाल निवासी मोहल्ला बालमभट्ट 11 नवंबर को परिवार के साथ अपने पैतृक गांव गए थे। 18 नवंबर को जब वह मकान पर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे और कमरे का ताला टूटा था। चोरों ने घर में रखे 30 हजार रुपये नकद और एक सोने की जंजीर व तीन अंगूठी चोरी कर ली थीं। बीती तीन नवंबर को कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नयाखंडेराव निवासी हर्षवर्धन गुप्ता अपने परिवार सहित छिरिया सलेमपुर गए थे। रात में चोरों ने उनके घर और दुकान को निशाना बनाकर 20 हजार रुपये नकद और सोने की दो अंगूठी, जंजीर, पेंडल, चांदी की पायल समेत 100 ग्राम चांदी चोरी कर ली थी। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी। जिसमें चोर का चेहरा भी दिख रहा था। इसको लेकर सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि इन मामलों के खुलासे के लिए पुलिस टीम के साथ सर्विलांस टीम और एसओजी टीम लगातार चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।





# मेला श्रीरामनगरिया में हवन के दौरान राउटी में लगी आग, बड़ा हादसा टला

- अग्नि सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्रीरामनगरिया में सीढ़ी नंबर-6 के पास कल्पवास कर रहे राजेश पंडा की राउटी में उस समय अचानक आग लग गई, जब वे हवन-पूजन कर रहे थे।

आग ने कुछ ही पलों में विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी राउटी जलकर राख हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर तुरंत काबू पा लिया। जिससे आसपास की राउटियों और आश्रमों को बड़ी क्षति से बचा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इस आग की घटना ने मेले में अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। बताया जा रहा है कि इस वर्ष मेला श्रीरामनगरिया में न तो फायर सिलेंडर लगाए गए हैं और न ही फायरवॉल जैसी कोई व्यवस्था की गई है, जबकि बीते वर्ष 2024 में मेला श्रीरामनगरिया में भीषण आग लगने से सैकड़ों झोपड़ियां जलकर राख हो गई थीं और उस हादसे में कई लोगों की जान भी चली गई थी। इसके बावजूद मेला प्रशासन ने इस वर्ष सुरक्षा को लेकर कोई ठोस इंतजाम नहीं किए।



मेला श्रीरामनगरिया में जली झोपड़ी

स्थानीय लोगों और कल्पवासियों का आरोप है कि आला अधिकारी केवल औपचारिक निरीक्षण कर लौट जाते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह रामभरोसे है। बताया गया कि पिछले वर्ष कुछ दलालों द्वारा फायर सिलेंडर बेचे गए थे। जो अब एक्सपायर हो चुके हैं और इस बार उनकी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में आग की घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। मेले में स्थित किसी भी आश्रम, राउटी या सैकड़ों दुकानदारों के पास फायर सेफ्टी के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। न फायर सेफ्टी बॉल न अग्निशमन उपकरण, सब कुछ केवल फायर ब्रिगेड के भरोसे छोड़ दिया गया है। कल्पवासियों का कहना है कि यदि किसी बड़े क्षेत्र में एक साथ आग लग गई, तो स्थिति भयावह हो सकती है। इस ताजा घटना के बाद श्रद्धालुओं और कल्पवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। फयर सिलेंडर, फायरवॉल और अन्य उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी अनहोनी से पहले प्रशासन जाग सके।

# हर्ष फायरिंग के आरोपी को दस वर्ष का कारावास

- 55 हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

बारात की तैयारी के समय हर्ष फायरिंग के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने रमन जाटव पुत्र गेंदालाल निवासी खन्नी नगला नारायणपुर को दोषी करार देते हुए दस वर्ष का कारावास व 55 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते 17 वर्षो पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद के ग्राम नारायणपुर निवासी सरला पत्नी स्व0 नरेश चंद्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 2 जनवरी 2009 को मेरे जेठ स्व0 प्रेमचंद्र जाटव के पुत्र पिंटू की बारात जाने की निकरौसी हो रही थी। पूर्व प्रधान खेमकरन के घर के पास कुआं के फेरे के दौरान रमन पुत्र गेंदालाल ने मेरे पुत्र मिथुन की तमंचा से फायर कर हत्या कर दी थी।

इस घटना में गांव के सरवीर के भी गोली लगी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने रमन जाटव को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व 55 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# गैंगेस्टर के मामले में दो सगे भाइयों पर दोष सिद्ध

- सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तिथि नियत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने नागेंद्र सिंह, जसवीर सिंह पुत्रगण बहादुर सिंह निवासीगण रोहिला मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तिथि नियत है। बीते 29 वर्षों पूर्व कोतवाली मोहम्मबाद के तत्कालीन प्रभारी महेश चंद्र चतुर्वेदी ने समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 गैंगेस्टर एक्ट के तहत नागेंद्र, जसवीर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने नागेंद्र, जसवीर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत मेंलेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तिथि नियत है।

# प्रेम रावत ने मेला श्रीरामनगरिया में प्रभातफेरी निकाल दिया शांति का संदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय शांति वक्ता प्रेम रावत के शांति, सद्भाव और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से श्रीरामनगरिया मेले में मंगलवार प्रातः एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।




मेला श्रीरामनगरिया में प्रभातफेरी निकालते लोग

प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने शांति, प्रेम, सह अस्तित्व और मानवीय मूल्यों से संबंधित नारों एवं संदेशों के माध्यम से समाज में सकारात्मक चेतना जागृत करने का प्रयास किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रेम रावत द्वारा दिया गया शांति का संदेश किसी एक वर्ग या समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सम्पूर्ण मानवता के लिए है। आज के तनावपूर्ण वातावरण में शांति, आत्मचिंतन और आपसी समझ की अत्यंत आवश्यकता है। जिसे ऐसे आयोजनों के माध्यम से प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सकता है। प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गो से शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से निकाली गई। आयोजन में स्थानीय प्रशासन एवं जनसहयोग की सराहनीय भूमिका रही। आयोजकों ने बताया कि शांति मेला एवं उससे जुड़े कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों को आंतरिक शांति की ओर प्रेरित करना है। प्रभात फेरी समापन पर मेला श्रीरामनगरिया के प्रशासनिक अधिकारियों व कुछ सम्मानित व्यक्तियों को प्रेम रावत द्वारा लिखित स्वांस पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सम्पन्न कराने में कैलाश चंद्र शाक्य, सत्यवान, डॉ0 राकेश गंगवार, अरुण कुमार राजपूत, उदयवीर राजपूत, सर्वेश राजपूत की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति ने सभी सहभागियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संरक्षक कैलाश चंद्र शाक्य, सत्यवान शाक्य, डॉ0 राकेश गंगवार,अरुण राजपूत, संदीप सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार शाम एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। कोला अचरा के पास तेज रफ्तार बाइक ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। जिससे विक्रम सिंह नामक व्यक्ति सड़क पर गिरकर चोटिल हो गया। जानकारी के अनुसार विक्रम सिंह अपनी पत्नी ब्रजरानी को अचरा में दवा दिलाने आए थे। दवा लेकर वे अपने गांव ब्रह्मपुरी पिलखना थाना मेरापुर लौट रहे थे। इसी दौरान कोला अचरा के पास यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद विक्रम सिंह सड़क पर गिर गए और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास के लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस चालक दल सिंह और ईएमटी सौरभ कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल विक्रम को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां फार्मासिस्ट राजीव कुमार ने उनका प्राथमिक उपचार किया।



घायल का उपचार करते फार्मासिस्ट

# मकर संक्रांति में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

- गंगा में 6 नाव, पुलिस बल के साथ 12 गोताखोर तैनात
- पर्व को लेकर नाव से किया जवानों ने निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मकर संक्रांति पर्व के मद्देनजर मेला श्रीरामनगरिया क्षेत्र के गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए गंगा नदी में 6 नावों के साथ 12 गोताखोरों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया गया है। मेला क्षेत्र में 50 लाउड हेलरों के साथ पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी और खुफिया विभाग के कर्मी तैनात रहेंगे। यह सभी इंतजाम बुधवार को मनाए जाने वाले मकर संक्रांति पर्व के लिए किए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मेला कोतवाली प्रभारी भोलेंद्र चतुर्वेदी के साथ पांचाल घाट पर गंगा नदी में नाव से भ्रमण कर घाटों का निरीक्षण किया।



गंगा में रिहर्सल करते एनडीआरएफ टीम के जवान

उन्होंने पर्व के अवसर पर सुरक्षा के मद्देनजर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। 14 और 15 जनवरी को मनाए जाने वाले मकर संक्रांति पर्व पर पांचाल घाट गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात प्रबंधन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। इटावा-बरेली हाईवे पर मैनपुरी की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में मदनपुर बॉर्डर पर रोका जाएगा। इसी प्रकार बरेली और शाहजहांपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को राजेपुर थाना क्षेत्र में हुल्लापुर चौराहा और डबरी मोड़ पर रोका जाएगा। बदायूं की तरफसे आने वाले वाहनों को अमृतपुर क्षेत्र में जनपद के बॉर्डर सहित सभी जिला बॉर्डरों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

# किसान नेताओं ने चावल लदा ट्रक पकड़ा

- 5.12 लाख का ई-चालान बकाया, ट्रक सीज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बकाया वसूली को लेकर मंगलवार को मंडी समिति परिसर में हंगामा हो गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने एक आढ़ती के साथ मिलकर बदायूं के एक व्यापारी का चावल लदा ट्रक पकड़ लिया। पुलिस जांच में ट्रक पर 5.12 लाख रुपए का ई-चालान बकाया मिला। जिसके बाद पुलिस ने उसे सीज कर दिया।



पकड़ा गया ट्रक व मौके पर मौजूद आढ़ती

जानकारी के अनुसार मंगलवार को गल्ला आढ़ती अरविंद्र पाल जो भाकियू नेता भी हैं, को सूचना मिली कि एक व्यापारी का चावल लदा ट्रक शिवाला रोड से मंडी समिति में गेट पास के लिए आया है। इसके बाद आढ़ती अरविंद्र पाल ने भाकियू जिलाध्यक्ष अजय कटियार और 50 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ मंडी समिति पहुंचकर मोर्चा खोल दिया। उन्होंने मंडी चौकी पुलिस को तहरीर देकर ट्रक को कब्जे में लेने की गुहार लगाई। पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को रोका। चालक की पहचान बरेली निवासी राशिद अली के रूप में हुई। मंडी चौकी इंचार्ज बलबीर सिंह ने बताया कि ट्रक की अगली नंबर प्लेट पर ग्रीस पोती गई थी और पिछली प्लेट टूटी थी, ताकि नंबर पढ़ा न जा सके। पुलिस ने चेचिस नंबर से ऑनलाइन रिकॉर्ड खंगाला, तो पता चला कि ट्रक पर 5 लाख 12 हजार 850 रुपए का ई-चालान बकाया है। ट्रक मालिक के नाम को लेकर भी चालक के बयान और ऑनलाइन रिकॉर्ड में भिन्नता पाई गई। चालक मौके पर ट्रक के वैध दस्तावेज भी नहीं दिखा सका। इन अनियमितताओं के कारण पुलिस ने ट्रक को सीज कर मंडी में खड़ा करा दिया है। मंडी चौकी इंचार्ज ने बताया कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी और व्यापारी की तहरीर पर दोनों पक्षों को बुलाकर पूछताछ की जाएगी। ट्रक बदायूं के उसावां निवासी गल्ला व्यवसाई दिनेश गुप्ता का है। उनके 10 लाख 25 हजार रुपए बकाया हैं। यह भुगतान 16 महीने से नहीं हुआ था।

# सोशल मीडिया की लत से युवाओं का पतंगबाजी से हो रहा मोहभंग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपरा काशी में बसंत पंचमी के दिन पतंगबाजी देखने लायक होती थी। वह एक समय था जब हम विद्यालय से घर आते ही सीधे छत पर व पतंग बाजी प्रारम्भ कर देते थे और खाना पीना छत से उतरने के बाद होता था। बसंत पंचमी के हफ्ते भर पहले कोड़ी के हिसाब से पतंग खरीद ली जाती थीं। पतंगबाजी के समय ये काटा वो काटा का शोर दिन भर कानों में गूंजता था। चली चली रे पतंग मेरी चली रे चली बादलों के पार हो के डोर पे सवार सारी दुनिया ये देख देख जली रे, न कोई उमंग है न कोई तरंग है मेरी जिंदगी क्या इक कटी पतंग है, यह फिल्मी गीत भी पतंगबाजी को एक अलग की स्थान देते हैं। सभी धर्म मिलकर छोटे, बड़े व बूड़े बसंत पर लगातार तीन दिन पतंग बाजी कर पूरा लुत्फउठाते। बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विशेष रूप से पूजा की जाती है, लेकिन पतंगबाजी का खेल अब धीरे-धीरे लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया हैं। आधुनिक संचार क्रांति के युग में मोबाइल, फेसबुक व वाट्सएप और व्यस्त दिनचर्या ने पतंगबाजी के खेल से युवाओं का मोहभंग कर दिया है। दूसरी ओर चाइनीज बाजार ने पतंगबाजी के खेल पर भी कब्जा कर लिया। वहीं चायनीज मांझे से हुए हादसों के बाद बच्चों का इससे किनारा हो गया, हालांकि चायनीज मांझे पर रोक है, लेकिन बावजूद इसके यह चोरी छिपे बिक रहा है। पूर्व समय में लोग बड़े खुले मैदान व छतों से पतंग उड़ाकर जमकर लुप्त उठाते थे। बसंत पंचमी के मौके पर जनपद में खूब पतंग उड़ाई जाती थी, लेकिन अब दिन प्रतिदिन युवाओं के इस शौक को मोबाइल व सोशल मीडिया में दिलचस्पी ने पेंच फांस दिया है। पतंग उड़ाने को काफी युवा व बड़े खुले मैदान व छतों से पतंग उड़ाकर जमकर लुत्फ उठाते थे। हवा के झोकों के बीच पतंगबाजी का खेल बेहद शौक से हुआ करता था।



बसंत पंचमी की तैयारी में जुटा पतंगसाज

एक दूसरे की पतंग काटकर युवा खुश हुआ करते थे। सालों पहले छोटे बच्चे प्लास्टिक की हल्की पन्नियों की खुद ब खुद पतंग बना लेते थे। देशी कारीगर कागज व प्लास्टिक की पतंग तैयार करते थे, जबकि कच्ची सूत को नीला थोथा, मोम आदि से पक्का कर मांझा तैयार कर लेते थे। अधिक तेज मांझा तैयार करने के लिए कांच का इस्तेमाल भी कर लिया जाता था, लेकिन इसे बड़े ही प्रयोग करते थे। आधुनिक दौर में धीरे-धीरे बढ़ी व्यस्तता और संचार क्रांति के युग में फेसबुक व वाट्सएप ने पतंगबाजी के खेल से युवाओं का मोहभंग कर दिया है। इंटरनेट मीडिया पर युवा पूरे दिन व्यस्त होने के कारण अब पतंग को भूलते जा रहें हैं। बसंत पंचमी को लेकर बाजार में तैयारी बंसत पंचमी को लेकर शहर के पतंगसाजो नें तैयारी की है। दुकानों पर पतंगों व चरखी का भंडारण किया है। फर्रुखाबाद से कागज की पतंग की मांग जयपुर व अहमदाबाद में बड़ी मात्रा में है। अधिकतर मांझा बरेली से आयात किया जाता है। शहर के पतंगसाज शिवकुमार ने बताया की मोबाइल के चक्कर में युवा पतंग को भूल रहे हैं। बाजार में 10 रूपये से लेकर लगभग 700 रूपये तक कीमत की चरखी है। 900 से 5500 मीटर का सफेद धागा बाजार में उपलब्ध है। कार्टून वाली पतंग बच्चे पसंद कर रहे हैं। दुकानों पर छोटा भीम, मोटू पतलू, डोरेमोन, स्पाइडरमैन आदि कार्टून वाली पतंगे पसंद बनी हैं।

# गैर इरादातन हत्या के मामले में आरोपी को सात वर्ष का कारावास

- पैंतीस हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित
- विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र किया दाखिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रुपए के लेनेदेन को लेकर युवक को छत से फेंकने के मामले में जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार ने सुधीर निवासी ग्राम भरखा राजेपुर को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व पैंतीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते आठ वर्षो पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम भरखा निवासी नेत्रपाल पुत्र विजय बहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 30 मई 2018 को समय करीब रात बजे रात्रि को मेरा भाई रामवीर अपने घर की छत लेटा था, तभी गांव के रजत ने मेरे भाई से रुपए के लेन-देन को लेकर छत से नीचे फेंक दिया। जिससे उसके शरीर की हड्डियां टूट गईं थीं। इलाज के लिए डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा-304/452 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह, पंकज कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश नीरज कुमार ने रजत को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व पैंतीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# राशन दुकान के निर्माण को लेकर आधा सैकड़ा महिलाओं ने जेई की गाड़ी का किया घेराव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम कक्योली में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन दुकान) के निर्माण स्थल को लेकर विवाद गहरा गया है। आज जेई बृजमोहन की गाड़ी का लगभग आधा सैकड़ा महिलाओं ने घेराव किया और दुकान बनाने की मांग की। ग्राम निवासी कोटेदार सोनी पत्नी राम तिवारी ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम प्रधान पर निजी स्वार्थ के चलते सुरक्षित स्थल को निरस्त कराने का गंभीर आरोप लगाया था। कोटेदार सोनी के बताया पूर्व में राशन दुकान के लिए गाटा संख्या 544 का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन यह स्थान गांव से काफी दूर और सुनसान एरिया होने के कारण आपराधिक दृष्टि से असुरक्षित माना गया। जनसामान्य विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्थानीय लेखपाल ने गाटा संख्या 286 को सबसे उपयुक्त पाया था। इसके बाद सर्वसम्मति से इस स्थान का चयन कर निर्माण के आदेश भी जारी कर दिए गए। आरोप लगाया गया है कि वर्तमान ग्राम प्रधान की नजर इस बेशकीमती जमीन पर है। आरोप है कि प्रधान ने अधिशासी अभियंता के साथ मिलीभगत कर गाटा संख्या 286 को दलदली घोषित करवा दिया, ताकि वहां निर्माण रुक सके। कोटेदार ने कहा कि यदि वह भूमि दलदली है, तो उसके आसपास बने अन्य पक्के निर्माण आज तक सुरक्षित कैसे हैं। इसे प्रधान की भूमि हथियाने की एक सोची समझी साजिश बताया गया है। ग्रामीण व महिलाओं का कहना है कि गाटा संख्या 286 पूरी तरह सुरक्षित और पहुंच के भीतर है। यदि जानबूझकर किसी असुरक्षित या सुनसान इलाके में राशन दुकान बनाई जाती है, तो भविष्य में वहां लूट, चोरी और महिलाओं के साथ अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहेगी।



जेई की गाड़ी का घेराव करतीं महिलायें

# अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से दो बच्चों की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात वाहन की टक्कर लगने दो चचेरे भाईयों की दर्दनाक मौत हो गयी। हृदय विदारक घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना भोगांव क्षेत्र के गाँव वरहट निवासी अभिषेक राजपूत उम्र 18 वर्षीय पुत्र विवेकानन्द अपने चचेरे भाई राजन राजपूत उम्र 14 वर्षीय पुत्र सच्चिदानन्द बाइक द्वारा अपनी ननिहाल दत्तू नगला थाना कायमगंज में राम औतार के यहाँ आ रहे थे। जैसे ही वह ग्राम अलाहदादपुर के निकट पहुँचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अभिषेक की मौत हो गई, जबकि चचेरा भाई राजन गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग 108 एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 विपिन कुमार ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। घायल चचेरे भाई राजन को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में पहुँचते ही राजन की भी मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही कस्बा चौकी इंचार्ज सोमवीर सिंह, कांस्टेबिल धर्मेंद्र तिवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुँचकर जांच पड़ताल की। मौत की सूचना पाते ही अभिषेक की माँ मन्जू देवी, भाई शनी, रोहन सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक अभिषेक व राजन के फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतकों के परिजन

# युवा महोत्सव में प्रमुख सामाजिक, शैक्षिक हस्तियां हुई सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

युवा महोत्सव के सम्मान समारोह में मंगलवार को प्रमुख सामाजिक, शैक्षिक हस्तियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप गंगवार एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूपेश गुप्ता ने प्रमुख हस्तियों को सम्मान पत्र, सम्मान पट्टिका, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी पं0 काली चरन जीवन उपलब्धि सम्मान शशिभूषण दीक्षित एडवोकेट, शिवष्यारी देवी राष्ट्रीय साहित्य रत्न सम्मान डॉ. रश्मि प्रियदर्शी प्राचार्या, शिवष्यारी देवी शिक्षा रत्न सम्मान गिरिजा शंकर प्रधानाचार्य, शिवष्यारी देवी राष्ट्रीय समाज सेवा सम्मान डॉ. रजनी सरीन, विद्यादेवी गुप्ता साहित्य रत्न सम्मान डॉ. रामकृष्ण राजपूत, प्रो0 एन.के.एस. राठौर समाज सेवा सम्मान जितेन्द्र तिवारी, श्रीचन्द्र मिश्रा उ0प्र0 शिक्षा रत्न सम्मान रामसेवक मिश्रा पूर्व प्रधानाचार्य, विशन स्वरूप अग्रवाल खेल रत्न सम्मान अन्जू यादव आर्म रेसलिंग-कायमगंज, उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा रत्न सम्मान विश्वनाथ प्रताप सिंह बीएसए, फर्रुखाबाद आदर्श नागरिक सम्मान मृत्युन्जय शर्मा, यूथ आफ द इयर हर्ष दुबे, करन अरोरा, मनीष कुमार, फर्रुखाबाद रत्न सम्मान डॉ0 के.एम. द्विवेदी, आदेश तिवारी, विनय रस्तोगी, हेमन्त रस्तोगी, धीरज पाण्डेय, ब्रजेश दुबे, राजेश पाठक, मुनीश मिश्रा, मुकेश बाथम, आशुतोष कुमार, सुशील भारती, गुणदेवी, तुलसीराम, राष्ट्रीय आदर्श किसान सम्मान नन्दकिशोर वर्मा, नारी सशक्तीकरण सम्मान श्वेता दुबे, राष्ट्रीय कवि सम्मान प्रीति तिवारी, डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता युवा वीरता सम्मान गुन्जन दीक्षित, राष्ट्रीय पुलिस वीरता एवं समाज सेवा सम्मान अजय वर्मा सी.ओ. व अरुण सिंह एएसपी, प्रशासनिक एवं जन सेवा सम्मान रजनीकान्त पाण्डेय एसडीएम, युवा साहित्यकार सम्मान प्रियांशु पाण्डेय, उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान विजय यादव, स्टार आफ फर्रुखाबाद डॉ. प्रभात गुप्ता, डॉ. जितेन्द्र कटियार, मनोज मिश्रा व्यापार मण्डल अध्यक्ष, डॉ.पूजा कश्यप, आदित्य दीक्षित, डॉ.शिवानी शुक्ला, स्टार आफ इण्डियन यूथ आर्मी सुरभि गोस्वामी, आदर्श बेटा सम्मान हर्ष दुबे, अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ राष्ट्रीय आदर्श व्यापारी सम्मान मोहन अग्रवाल, डॉ. संदीप शर्मा नोबल टीचर्स अवार्ड डॉ. बी.के. अग्रवाल, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई राष्ट्रीय समाज सेवा सम्मान चन्द्रपाल यादव, धरती रत्न मुलायम सिंह यादव राष्ट्रीय समाज सेवा सम्मान, फतेहचन्द्र वर्मा समिति द्वारा चयनित रहे।



सम्मानित होती शहर की विभिन्न हस्तियां

अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। समिति की ओर से अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने सभी अतिथियों को अभिनन्दन पत्र, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सच्चिदानन्द मिश्रा, हर्ष दुबे, कुशाग्र सक्सेना ने व्यवस्था में सहयोग किया। संचालन प्रिया मिश्रा, डॉ.कृष्णकान्त अक्षर ने किया।

## सहारा अलीगढ़ ने आरआरसी बरेली को किया पराजित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के रेलवे रोड स्थित एसएनएम इंटर कालेज ग्राउंड पर चल रहे ज्ञान क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा लीग मैच आरआरसी बरेली और सहारा अलीगढ़ के बीच खेला गया। अलीगढ़ के कप्तान अनुभव सिंह ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। अलीगढ़ के सलामी बल्लेबाज अंकुर चौधरी ने 10 चौकों और 9 छक्कों की मदद से 116 रन की शतकीय पारी से अलीगढ़ की टीम ने 221 रन का विशाल लक्ष्य बरेली को दिया।



टूर्नामेंट खेलतीं टीमें

लंच के बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरेली की टीम का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। उसके सात खिलाड़ी दहाई का अंक भी पार न कर सके। बरेली के कप्तान माजिद हसन ने संघर्ष करते हुए 58, शिव राठी ने 32 और विजय संत के 37 रन की बदौलत पूरी टीम 166 के स्कोर पर सिमट गई। अलीगढ़ ने 55 रन की आसान जीत हासिल की। आज के मैच में मैन ऑफद मैच अंकुर चौधरी और फाइटर ऑफ द मैच माजिद हसन को तम्बाकू व्यवसाई वीरेंद्र राठौर ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैच में अंपायरिंग सौरभ जायसवाल, हिमांशू यादव, रेफरी मनोज तिवारी, कॉमेंट्री गोविंद कौशल, परवेज खां, अनिल वर्मा और स्कोरिंग राजेश सिंह ने की। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में प्रमुख रूप से डा0 महेंद्र सिंह चौहान, दीपक अग्निहोत्री, आमोद शर्मा, अशोक वर्मा, पप्पू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सत्यसांई सेवा संगठन द्वारा निकाली गई नगर में पदयात्रा



पद यात्रा में भाग लेते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री सत्यसांई सेवा संगठन द्वारा आंध्र प्रदेश से आई हुई श्री सत्य सांई प्रेम वाहिनी रथ को बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस से सेवा रसोईघर आवास विकास ले जाया गया। वहां पर नारायण सेवा के अंतर्गत लगभग 400 लोगों को भोजन कराया गया। इस पावन कार्य में डॉ. रजनी सरीन का विषेश सहयोग रहा। कार्यक्रम में मोहन अग्रवाल, डॉ. नवनीत गुप्ता, डॉ. ज्योती, मोहन मिश्रा, मुकेश गुप्ता, धीरेन्द्र वर्मा, अजय प्रताप एवं संस्था के सभी सदस्यों ने सहयोग किया। जगह जगह सामाजिक संगठनों ने एवं नागरिकों ने श्री सत्यसाई बाबा के चरण पादुका एवं चित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था अध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता ने बताया कि संगठन द्वारा कई अस्पतालों का निःशुल्क संचालन किया जा रहा। इन अस्पतालों मे कैश काउंटर ही नहीं बनाये गये। कई जन कल्याणकारी योजनायें निःशुल्क चलाई जा रही है, जिनमें शिक्षा, अन्न दान, पेयजल प्रमुख है। सत्यसांई बाबा द्वारा दिये गये मूल मंत्र मानव सेवा ही माधव सेवा है एवं सबसे प्रेम सबकी सेवा के आधार पर सभी अनुयाई कार्य कर रहे है। विगत कई वर्षो से जनपद ईकाई द्वारा डॉ. नवनीत गुप्ता एवं डॉ. ज्योती के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य एवम नेत्र परीक्षण शिविर लाल गेट पर आयोजित किया जा रहा है। नारायण सेवा के अंतर्गत नेत्रहीन विद्यालय बघार में विशेष सेवा की जाती है। हृदय रोग संबंधित मरीज के उपचार हेतु संगठन द्वारा 15 सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पूरे भारत मे निःशुल्क संचालित हैं। जरूरत पड़ने पर कोई भी व्यक्ति वहां जा सकता है।



लोहड़ी पर्व मनाती छात्रायें

## लोहड़ी पर छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य की बिखेरी छटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में लोहड़ी पर्व पूरे हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय निदेशक विनोद कुमार अग्रवाल, प्रबंधक प्रमोद कुमार अग्रवाल, निदेशक राजीव मोहन पांडे, प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने लोहड़ी की अग्नि को प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, एकता और आपसी भाईचारे की भावना को विकसित करना था। कक्षा एकादश से महाकशा बानो, अपूर्वा, कनिष्क कुशवाहा, पायल आदि छात्राओं ने लोहड़ी आई रे....पंजाबी लोक लोकगीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया। लोहड़ी का यह आयोजन सभी के लिए आनंददायक, शिक्षाप्रद या एवं यादगार रहा।

# 23 जनवरी को जनपद में होगी ब्लैकआउट मॉक ड्रिल

▸ हवाई हमले की आपात स्थिति में बजेगा सायरन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते डीएम

उत्तर प्रदेश दिवस पर 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस पर नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित किए जाने के संबंध में तैयारी कर बैठक जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में नगर में स्टेट में अवगत कराया की आपात स्थिति में साधन भेजने पर हमें समझ लेना चाहिए की स्थिति आपात की है, उसके बाद पूरा सायरन 2 मिनट लगातार बजने पर लगातार हमें समझ लेना चाहिए की आपात स्थिति समाप्त हो गई है। आपात स्थिति में हमें सुरक्षित स्थान पर जाना चाहिए, कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन अथवा खुला स्थान सुरक्षित स्थान हो सकते हैं, पुलिस लाइन में बुधवार मॉक ड्रिल अपरानह 3 बजे होगी। हवाई हमले की आपात स्थिति में सायरन बजेगा। समस्त रोशनी बुझा दी जाएगी। महत्वपूर्ण स्थानों पर ब्लैकआउट जरूरी है, आग बुझाने के लिए रेत, फोम, पानी, कंबल, कार्बन डाइऑक्साइड गैस का प्रयोग किया जा सकता है। आपात स्थिति में फंसे हुए घायल व्यक्ति को निकाल कर उपचार हेतु एंबुलेंस से भेजने के लिए पूर्व अभ्यास हेतु मॉक ड्रिल होगी। घायल व्यक्ति को सीपीआर देने का पूर्व अभ्यास होगा। एनसीसी कैडेट्स इसमें माहिर होते हैं, टार्च की भी आवश्यकता पड़ती है। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" यात्रा की तैयारी पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संस्कार भारती साधारण सभा बैठक में एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा की तैयारी पर चर्चा हुई। कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की साधारण सभा की बैठक शहर के चीजी क्रेजी सभागार जोगराज में सम्पन्न हुई।



जानकारी देती भारती मिश्रा

अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर एवं संस्कार भारती ध्येय गीत गाकर बैठक का शुभारंभ किया गया। प्रांतीय पदाधिकारी अरविन्द दीक्षित ने संस्कार भारती के इतिहास डाला, संस्कार भारती के संस्थापक बाबा योगेन्द्र जीवन पर प्रकाश डाला। प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि संस्कार भारती की स्थापना 11 जनवरी 1981 को लखनऊ में हुई थी। यह संस्था कला एवं साहित्य के द्वारा निरंतर सामाजिक जागरूकता का काम कर रही है। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा को भव्य बनाने पर चर्चा हुई। अमन अवस्थी ने कहा कि अधिक से अधिक सहभागिता के लिए सम्पर्क अभियान तेज करना होगा। भारती मिश्रा ने कहा कि हमें एनसीसी, स्काउट तथा जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी सम्पर्क करें। हमें यात्रा में प्लास्टिक एवं कूड़ा करकट का भी ध्यान रखना चाहिए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश पाल उपकारी ने कहा कि प्रत्येक झांकी के साथ दो-दो सदस्यों का रहना अनिवार्य है। नवीन मिश्र ने कहा यात्रा में सिर्फ देशभक्ति गीतों ही बजाएं जाएं। संयोजक दीपक मिश्रा ने कहा कि सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्व पूर्ण हो हम सभी प्रयासरत है। सुबोध शुक्ला ने कहा कि यात्रा में समुचित पानी आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि 26 जनवरी को मेला राम नगरिया में नाटक संघ के तीन भागीरथ का मंचन किया जाएगा।

संचालन गौरव मिश्रा बंटी ने किया। अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने सभी सदस्यों को यात्रा को भव्य और दिव्य बनाने के लिए अपील की। बैठक के सुनीता सक्सेना, रजनी लौगवानी, पारुल सैनी, पीयूष त्रिपाठी, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, शशिकांत पाण्डेय, कुलभूषण श्रीवास्तव, अजय चौहान, मटर लाल दुबे, समरेंद्र शुक्ल, रामजी बाजपेई, अभिषेक श्रीवास्तव, अखिलेश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# सचिव सहित तीन की जमानत खारिज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जानलेवा हमला व लूट के मामले में विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) अपर सत्र न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने पूर्व बैंक कैशियर, तत्काली ग्राम प्रधान पति व ग्राम सचिव की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

वादी होरीलाल निवासी नीम करोली मोहम्मदाबाद ने वर्ष 2013 में दायर किये गये परिवाद में दर्शाया था कि तत्कालीन प्रधान विजय लक्ष्मी के पति राकेश कुमार जाटव निवासी नीम करोली, ग्राम विकास अधिकारी रंजीत सिंह पुत्र जनवेद सिंह निवासी नगला मलू मोहम्मदाबाद, तत्कालीन आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के हेड कैशियर संजय मिश्रा ने सरकारी कॉलोनी आवंटित किए जाने में 10000 जबरियां वसूलने का आरोप लगाकर दर्ज कराया था। इसी मामले तीनों व्यक्तियों को न्यायालय ने तालाब किया था।

13 मई 2022 में आरोपियों ने परिवादी के अधिवक्ता से सांठगांठ कर परिवादी को बिना कोई जानकारी दिए दोष मुक्त करा लिया था। जब इसकी जानकारी हुई तो उसने न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पारित के आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय इलाहाबाद में अपील दायर की। इसी के चलते अभियुक्त रंजिश मानने लगे और और मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। 9 अक्टूबर 2022 को उपरोक्त आरोपियों ने बहादुर नगला के निकट रेलवे क्रॉसिंग के पास वादी का रास्ता रोककर गाली-गलौज का मारपीट की थी। इस संबंध में पीड़ित ने न्यायालय को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया, लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। 16 नवंबर 2022 को शाम 4:30 पर वादी अपनी कबाड़े की दुकान बंद कर घर वापस जा रहा था।

कबाड़ा बिक्री का लगभग 5600 रुपये कुर्ते की जेब में रखे थे। राकेश जाटव, रंजीत सिंह, संजय मिश्रा ने एकराय होकर रास्ता रोक लिया और राकेश जाटव के हाथ में तमंचा था। तमंचा दिखाकर हमला बोल दिया और मारपीट कर रुपए लूट लिए थे। इसी मामले में अभियुक्तों की ओर से अधिवक्ता ने जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) अपर सत्र न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने पूर्व बैंक कैशियर, तत्काली ग्राम प्रधान पति व ग्राम सचिव की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

## भाविप सहयोग शाखा का खिचड़ी भोज कल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद सहयोग शाखा के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज व वितरण का आयोजन 15 जनवरी को सुबह 10 बजे लोहिया अस्पताल के इमरजेंसी गेट के सामने संजय कटियार के आवास के पास होगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष रीता दुबे, सचिव मंजूश्री, कोषाध्यक्ष आशा देवी वर्मा, संगठन सचिव राजेश चंद्र शुक्ला, महिला सहभागिता रचना वर्मा, कार्यक्रम आयोजक डॉ0 संतोष पाठक, राजेश चंद शुक्ला, अजय शंकर तिवारी, संजय कटियार, संजय दुबे, आशीष शुक्ला रहेंगे। विशेष सहयोग वीरेंद्र कुमार मिश्रा, डॉ0 आरके गुप्ता, डॉ0 विनोद तिवारी, केके पाठक, आरके वर्मा, अवधेश चंद दुबे, राकेश कुमार गंगवार, देवेश कुमार सक्सेना, रामजी वाजपेई, ईश्वर दयाल अग्निहोत्री, संजीव वर्मा, अमित सक्सेना, अनुराग कटियार, अनूप पांडे जितेन्द्र सिंह रहेंगे।

# अपर जिला जज ने लीगल एड क्लीनिक का किया निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान मौजूद अपर जिला जज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/अपर जिला जज द्वारा मेला श्री रामनगरिया पांचाल घाट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में संचालित लीगल एड क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। जिसमें पराविधिक वॉलिंटियर्स को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसे विधि राय की आवश्यकता हो उसे समुचित विधिक राय देते हुए उसकी सहायता की जाए और साथ ही श्री रामनगरिया मेला जारी रहने तक प्रतिदिन परा लीगल वॉलिंटियर्स अपनी ड्यूटी नियमित रूप से करेंगे। निरीक्षण के दौरान मेला प्रभारी व लिपिक से भी लीगल एड क्लीनिक में आवश्यक सहयोग करने का सुझाव दिया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी के लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुरेंद्र कुमार राणा, संजय मिश्रा, पैरा लीगल वॉलिंटियर्स धनदेवी, रजनीश राणा, विकास गौतम, हेमंत कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेस-वे का चिन्हांकन आगे बढ़ाने की मांग



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देती महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा एक्सप्रेस-वे व लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे के लिए प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेस-वे के सम्बन्ध में अधिग्रहित भूमि आगे बढ़ाने को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी को सम्बोधित दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए पहले मदनपुर व मरहाला के बीच से होकर भूमि का चिन्हांकन किया गया था, परन्तु अब इस लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए धीरपुर चौराहे के उत्तर तरफ भूमि का चिन्हांकन किया जा रहा है, जिसमे हम प्रार्थीगण के रिहायसी मकान/रिहायसी प्लॉट और कृषि भूमि जा रही है। लिंक एक्सप्रेस-वे को प्रभावशाली व्यक्तियों के दबाव में घुमाया जा रहा है। प्रार्थीगण के मकान व रिहायसी आवासीय भूमि ग्राम खिमसेपुर परगना शमसाबाद पूर्व स्थित गाटा संख्या 1116 में बने हैं, यदि वर्तमान चिन्हांकित स्थान से लिंक एक्सप्रेस-वे निकाला जाता है तो प्रार्थीगण के मकान व प्लॉट इसमें चले जायेंगे और प्रार्थीगण बेघर हो जायेंगे। यदि इस लिंक एक्सप्रेस-वे का कट/उतार करीब 125 मीटर उत्तर तरफ बढ़ाकर घुमा दिया जाए तो प्रार्थीगण के मकान व रिहायसी प्लॉट बच जायेंगे और लिंक एक्सप्रेस-वे को भी कोई बाधा नहीं पहुंचेगी। लिंक एक्सप्रेस-वे का उतार/कट को वर्तमान चिन्हांकित स्थान से करीब 125 मीटर उत्तर तरफ खिसकाकर बनाये जाने की मांग की। इस मौके पर उमाशंकर, गीता देवी, हरिओम दीक्षित, कुसुमलता, आशा, रेनू कुमारी, कंचन यादव, माला यादव, अखिलेश कुमारी, सुमन देवी, निशित सिकंदर, हेम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## संत रविदास का जन्मोत्सव कार्यक्रम 1 फरवरी को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सतगुरु रविदास कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में नारायनपुर बगीचा में 1 फरवरी रविवार को उनका 85 वां जन्मोत्सव मनाया जायेगा। सतगुरु प्रेमी हर वर्ष की भांति रविदास महाराज के जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लें। 25 जनवरी को समता शस्त्र पाठ होगा। 31 जनवरी को शोभायात्रा व झांकी निकाली जायेगी। 1 फरवरी को यज्ञ के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रम होगा। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष रामविलास भास्कर ने दी है।

## फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र लगाकर होमगार्ड की नौकरी कर रहा जितेंद्र



शिकायकर्ता विश्राम सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होमगार्ड विभाग में फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र लगाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी से शिकायत की गयी है। दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में पीड़ित विश्राम सिंह एच.जी.355 नगर फतेहगढ़ में होमगार्ड के पद पर कार्यरत था। अब रिटायर हो चुका है, जबकि जितेन्द्र पुत्र बदन सिंह फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र लगाकर दिनांक.11.07.1984 को होमगार्ड विभाग में भर्ती हुआ था। जिसका नम्बर.पी.सी.2696010303 है, जबकि जितेन्द्र सिंह का छोटा भाई शैलेन्द्र सिंह एच.जी.2689010112 दिनांक 31.12.2025 को सेवानिवृत्त हो गया, जबकि जितेन्द्र सिंह की जन्मतिथि.01.01.1971 है जो शैलेन्द्र सिंह से बड़े है, जबकि शैलेन्द्र सिंह की जन्मतिथि 01.01.1966 है, जबकि जितेन्द्र सिंह अभी तक होमगार्ड विभाग में फर्जी कागजात से नौकरी कर रहे हैं, जबकि जितेन्द्र सिंह होमगार्ड विभाग में बी.ओ. के पद पर तैनात अजय कुशवाहा से मिलकर पी.सी. होमगार्ड जवानों से अवैध वसूली करता। रूपया न देने पर ड्यूटी से वंचित करवा देता है। यह बी.ओ. 2016 से जिले में तैनात है, इसलिए उक्त प्रकरण की सक्षम अधिकारी से जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही होना अति आवश्यक है।

# जनपद की बेटी 26 जनवरी को दिल्ली में होगी सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की एक संयुक्त पहल प्रोजेक्ट बीर गाथा 5.0 का शासन द्वारा प्रारंभ किया गया है। विभिन्न विधाओं में जिले, राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन के बाद 100 प्रविष्टियों का चयन किया गया। जिसमें माध्यमिक चरण में मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा कुमारी जेशिका सक्सेना जो कि कक्षा 11 में अध्यनरत है, का चयन बीरांगना रानी लक्ष्मीबाई विषय पर पेंटिंग के आधार पर हुआ है। छात्रा को नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से 26 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। कु0 जेशिका सक्सेना को 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2026 देखने का अवसर मिलेगा। छात्रा का चयन कॉलेज, जिले तथा राज्य के लिये सम्मान का विषय है, कॉलेज की प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी और प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल और जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने छात्रों को इस उपलब्धि के लिये शुभकामनायें व बधाई दी है। छात्रा के पिता राजीव सक्सेना ने बताया कि छात्रा को बचपन से ही चित्रकला में रुचि है। जिसका परिणाम उन्हें देखने को मिला ये बहुत गर्व महसूस कराते हैं। शिक्षिका पूनम शुक्ला ने बताया कि छात्रा विद्यालय व जनपद स्तर पर कई बार विजेता रह चुकी है। जेसिका ने न केवल परिवार बल्कि विद्यालय, जनपद व उत्तर प्रदेश राज्य को भी गौरवान्वित किया है। विद्यालय में सभी में उसके उज्ज्वल भविष्य के लिये ढेर सारी शुभकामनायें दी।



छात्रा को सम्मानित करते डीआईओएस

## यज्ञ केवल आध्यात्मिक क्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक धर्म का मूल है: चन्द्रदेव



यज्ञ में आहूति डालते कल्पवासी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में सभी कल्पवासियों ने भक्तिपूर्वक देव यज्ञ कर प्रभु से सुख समृद्धि की कामना की। शिविर के संचालक आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि वैदिक वांग्मय में धर्म को मानव जीवन की आधारशिला माना गया है। धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ या संप्रदाय नहीं, बल्कि वह जीवन-व्यवस्था है जो व्यक्ति, समाज और सृष्टि को संतुलित रखती है। वैदिक मनीषियों ने इस धर्म का मूल यज्ञ को बताया है। यज्ञ केवल आध्यात्मिक क्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक धर्म का मूल है। प्रत्येक गृहस्थ को परिवार और समाज की उन्नति के लिए यज्ञ करना चाहिए व राजा को राष्ट्र की समृद्धि के लिए यज्ञ करना चाहिए। ब्राह्मण आचार्य को सम्पूर्ण विश्व के कल्याण के लिए यज्ञ करना चाहिए। इस प्रकार यज्ञ व्यक्ति को स्वार्थ से ऊपर उठाकर समाज और मानवता के प्रति उत्तरदायी बनाता है। यही धर्म का वास्तविक स्वरूप है। फरीदाबाद से आये आचार्य प्रदीप शास्त्री ने मधुर भजनों के माध्यम से वेदोपदेश किया। इस अवसर पर डा0 हरिनंदन आर्य, शिवनारायण आर्य, हरिओम शास्त्री, अजीत आर्य, अनिल आय, शिशुपाल आर्य, देवनानाद महाराज, उदयराज आर्य, उत्कर्ष आर्य, उपासना आर्या आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### विवेकानंद जयंती पर 'स्वामी विवेकानंद-एक कालजयी व्यक्तित्व' विषय पर चर्चा-परिचर्चा आयोजित



**लखीमपुर खीरी।** भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी में विवेकानंद जयंती के अवसर पर संस्कृत विभाग द्वारा 'स्वामी विवेकानंद–एक कालजयी व्यक्तित्व' विषय पर चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर गीता शुक्ला ने की, जबकि संयोजन एवं सशक्त संचालन संस्कृत विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरचना त्रिवेदी द्वारा किया गया। डॉ. सुरचना त्रिवेदी ने विषय–प्रस्तावना रखते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण संस्मरणों का उल्लेख किया और उन्हें युगनायक बताते हुए युवाओं के लिए कालजयी प्रेरणास्रोत के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने स्वामी जी के विचारों की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या प्रो. गीता शुक्ला ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के विविध महत्वपूर्ण पक्षों को रेखांकित किया। उन्होंने परिष्कार के लिए आलोचना को सुनने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन संघर्षों से जूझने और सकारात्मक चिंतन को अपनाने की प्रेरणा देता है। एक शैक्षणिक दार्शनिक चिंतक के रूप में स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए सदैव आदर्श रहेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ईश वंदना से हुआ। बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा दीपमाला ने 'इतनी शक्ति हमें देना दाता' ईश वंदना प्रस्तुत की। वहीं बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा शिवांगी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डाला। दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रेखा पांडे ने स्वामी विवेकानंद के अद्वितीय दार्शनिक चिंतक एवं जागरूक समाजसेवी बताते हुए कहा कि उन्होंने सेवा को साधना से जोड़ा। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति सिंह ने स्वामी जी के स्वयं को जानो के संदेश पर बल देते हुए धर्म को मानवता के निर्माण का मार्ग बताया। अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राखी चौहान ने शिकागो धर्म संसद में दिए गए स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए उनकी भारतीय चिंतन-दृष्टि पर व्यापक प्रकाश डाला। शिक्षिका शुभ्रा मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से वर्तमान युवाओं को सहिष्णुता की शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत, गन्ने की फसल भी जली



**मैगलगंज खीरी।** कस्बा औरंगाबाद के खूंटी खुर्द मार्ग पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में गन्ना छील रहे युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कस्बा औरंगाबाद निवासी नीरज पुत्र मैकू के रूप में हुई है। नीरज अपने भाइयों में सबसे छोटा था और मजदूरी कर परिवार के भरण–पोषण में सहयोग करता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नीरज अपने अन्य साथियों के साथ खेत में गन्ना छीलने का कार्य कर रहा था। सभी मजदूर काम में व्यस्त थे, तभी अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन एकाएक टूटकर नीचे गिर गई। टूटे हुए तार की चपेट में आने से नीरज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद खेत में अफरा–तफरी मच गई और आसपास खड़ी एक एकड़ गन्ने की फसल में आग लग गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने अपने प्रयासों से आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां नीरज की मौत से परिवार का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक के साथ–साथ आक्रोश का माहौल भी देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि जिस हाईटेंशन लाइन से यह हादसा हुआ, वह काफी समय से जर्जर हालत में थी। तार ढीले और पुराने हो चुके थे तथा कई बार बिजली विभाग से इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन विभाग द्वारा समय रहते न तो तार बदले गए और न ही कोई मरम्मत कराई गई। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि बिजली विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण और आवश्यक सुधार किए जाते, तो यह हादसा टल सकता था। लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे का कारण बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

### हत्या और आतंक का अंजाम: गैंगस्टर एक्ट में दो शातिर माफिया दोषी, भेजे गए जेल

**बांदा।** उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 (गैंगस्टर एक्ट) के अंतर्गत कुख्यात अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर कोर्ट ने दो शातिर माफियाओं को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को 07–07 वर्ष के कठोर कारावास तथा रु.5000–रु.5000 के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में दोनों को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा सुनाए जाने के बाद दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध सजायबी वारंट जारी कर उन्हें कारागार भेज दिया गया। विशेष लोक अभियोजक (गैंगस्टर एक्ट) सौरभ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना कोतवाली नगर, जनपद बांदा के प्रभारी निरीक्षक विवेकानंद तिवारी द्वारा दिनांक 10 अक्टूबर 2011 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अभियुक्त जावेद उर्फ बुद्धू पुत्र जाकिर अली, निवासी लोहार तलैया तथा असलम पुत्र बाबू हनीफ, निवासी खाई पार, थाना कोतवाली नगर, बांदा के विरुद्ध धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियोजन के अनुसार अभियुक्तों का एक संगठित आपराधिक गिरोह है, जिसका सरगना जावेद उर्फ बुद्धू है जबकि असलम उसका सक्रिय सदस्य है। यह गिरोह अवैध असलहों के बल पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, चोरी एवं राहजनी जैसे संगीन अपराधों को अंजाम देकर अवैध धन अर्जित करता रहा है। जावेद उर्फ बुद्धू के विरुद्ध 05 से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे, जबकि असलम के विरुद्ध 04 संगीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं। गैंगस्टर एक्ट के इस मुकदमे की विवेचना निरीक्षक हवलदार सिंह द्वारा की गई। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 04 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रभावी पैरवी, साक्ष्यों के गहन अवलोकन एवं ठोस अभियोजन के आधार पर अपर सत्र विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर कोर्ट) एडीजे प्रदीप कुमार मिश्रा ने दोनों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक सौरभ सिंह ने बताया कि वर्ष 2011 में इस गिरोह ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या की थी, जिसका मुकदमा अभी न्यायालय में विचाराधीन है। इन अपराधियों के आतंक के कारण आसपास के जनपदों में दहशत का माहौल था और भयवश कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने या गवाही देने का साहस नहीं कर पाता था।

### ज्वाला कप: टूर्नामेंट में इलेवन स्टार बबेरू ने बनारस को 104 रनों से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश



**बबेरू/बांदा।** बबेरू कस्बे के जेपी शर्मा इंटर कॉलेज ग्राउंड में मंगलवार की दोपहर ज्वाला कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम लीग मैच में इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब बबेरू की टीम ने बनारस की टीम को 104 रनों से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बता दे की बबेरू कस्बे के जेपी शर्मा इंटर कॉलेज ग्राउंड में ज्वाला का क्रिकेट टूर्नामेंट के मंगलवार की दोपहर अंतिम लीग मैच इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब बबेरू बनाम बनारस की टीम के बीच खेला गया। जिसमें इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब बबेरू के कप्तान धनंजय करवरिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जिसमें 20 ओवर के मैच में इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब बबेरू ने 19 ओवर में 152 रन बनाकर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। जिसमें विक्रांत 61रन, निशांत 28 रन, शांतनु 17 रन बनाया। वही बनारस टीम के गेंदबाज तन्मय मालवी, तीन विकेट, सागर यादव ,शिवम दो–दो विकेट ,आकाश, अनुराग एक–एक विकेट हासिल किया। वहीं बनारस की टीम के बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा करने उतरे सिर्फ 13 ओवर में 48 रन बनाकर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। जिसमें तन्मय मालवी 16 रन आकाश 13 रन ही बना सके, वही बनारस टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक पार नहीं कर पाया। जिसमें इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब बबेरू के गेंदबाज मनीष 4, विकेट धनंजय करवरिया 3 विकेट, अजीत विशाल एक–एक विकेट हासिल किया। वहीं इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब बबेरू ने बनारस की टीम को 104 रनों के अंतराल से मैच हराकर दूसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। वहीं 11 स्टार क्रिकेट क्लब बबेरू के खिलाड़ी मनीष को मैन ऑफ द मैच चुना गया देश में बबेरू के पूर्व विधायक चंद्रपाल कुशवाहा के पुत्र सुधीर कुशवाहा के द्वारा मैन ऑफ द मैच की ट्राफी वह 2100 देकर पुरस्कार किया गया। जिसमें बुधवार को हरियाणा बनाम इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब बबेरू के बीच सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। वही आज के अंपायर अजय सिंह जगदीश सिंह रहे, वही स्कोरर का कार्यभार अर्पित कबीर, नरेंद्र गुप्ता, विपुल जायसवाल के द्वारा किया गया है। कंट्री का कार्यभार सुरेंद्र साहिल, शिव शंकर, हैप्पी सिंह, व इंग्लिश से कामेंट्री मुफीद खान के द्वारा किया गया। आयोजन में महेंद्र गुप्ता, पंकज द्विवेदी, राजेंद्र प्रसाद पप्पू, विजय विक्रम सिंह, विजयपाल सिंह, सुधीर कुशवाहा, शिवप्रकाश मलिक, दुर्गेश गौतम, संदीप सिंह, राम प्रकाश साहू, आनंद सिंह सहित हजारों की संख्या में अंतिम लीग मैच का दर्शकों ने आनंद लिया है।

# 18 वर्षीय छात्र का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से मचा हड़कंप

▸ परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**मैगलगंज, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली मैगलगंज क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर में सोमवार की शाम उस समय सनसनी फैल गई जब 18 वर्षीय इंटरमीडिएट छात्र अनिकेत पुत्र रिंकू का शव उसके घर से लगभग 50 मीटर की दूरी पर संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। शव मिलने की खबर मिलते ही पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए। जानकारी के अनुसार अनिकेत अविवाहित था और मैगलगंज स्थित एक इंटर कॉलेज में अध्ययनरत था। वह रोज की तरह घर से बाहर निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा तलाश किए जाने के दौरान उसका शव घर के पास ही पड़ा मिला। शव की स्थिति संदिग्ध होने के कारण परिजनों में रोष व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान द्वारा तत्काल पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही कोतवाली मैगलगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस ने मौके का बारीकी से निरीक्षण किया तथा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस मामले में कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह चौहान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल घटनास्थल से हत्या के कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। दूसरी ओर मृतक के परिजनों ने इस घटना को हत्या बताते हुए पुलिस को नामजद तहरीर सौंपी है। परिजनों का आरोप है कि गांव का ही युवक विपिन उर्फ गुंडा अनिकेत से रंजिश रखता था। उनका कहना है कि घटना से कुछ समय पहले विपिन उर्फ गुंडा हाथ में बांका लेकर उनके घर के बाहर घूम रहा था और अनिकेत को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा था। परिजनों का दावा है कि इसी रंजिश के चलते अनिकेत की हत्या की गई है। परिजनों ने यह भी बताया कि अनिकेत शांत स्वभाव का छात्र था और उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। अचानक इस तरह उसका शव मिलना कई सवाल खड़े करता है। घटना के बाद से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की तैयारी की जा रही है और आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गरीब मजदूर की झोपड़ी जलकर खाक, परिवार पर टूटा दोहरा कहर



**बिजुआ खीरी।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के ग्राम पड़रिया तुला में मंगलवार को अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग में एक गरीब मजदूर की झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग की चपेट में आने से घर में रखा राशन, कपड़े, नकदी, दो मोबाइल फोन, रजाई-गद्दे, चारपाई सहित दैनिक उपयोग का सारा सामान नष्ट हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, पड़रिया तुला निवासी बराती लाल मजदूरी पेशा व्यक्ति हैं और नाले के किनारे झोपड़ी बनाकर रहते थे। बताते हैं बराती लाल मजदूरी करने बाहर गए हुए है, जबकि झोपड़ी में उनकी बहू और छोटे-छोटे बच्चे मौजूद थे, जिन्होंने किसी तरह बाहर निकलकर जान बचाई। बताया गया कि बराती लाल के बड़े पुत्र की कुछ समय पहले ही मौत हो चुकी है, जिससे परिवार अभी उबर भी नहीं पाया था कि आग की इस घटना ने उन पर दूसरा बड़ा कहर ढा दिया। झोपड़ी के जल जाने से परिवार के सामने रहने और खाने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। परिजनों ने बताया कि आग में परिवार का पूरा घरेलू सामान जलकर राख हो गया है। ठंड के मौसम में अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि पीड़ित परिवार कहां रहेगा, क्या खाएगा और कैसे भरण-पोषण करेगा। परिवार में इस समय केवल छोटे-छोटे बच्चे और एक बेसहारा बहू ही है बराती लाल बाहर कही काम कर रहे हैं फिलहाल बराती लाल को सूचना दे दी गई है। परिजनों ने प्रशासन व समाजसेवी लोगों से मदद की अपील की है, ताकि पीड़ित परिवार को राहत सामग्री, अस्थायी आवास और आर्थिक सहायता मिल सके और उन्हें खुले आसमान के नीचे रात न बितानी पड़े तथा भूखे पेट न सोना पड़े।

## तहसील अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न, कृष्ण मोहन अध्यक्ष व विवेक श्रीवास्तव मंत्री निर्वाचित

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



धौरहरा तहसील अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष उपाध्यक्ष व मंत्री पद पर दिन भर चलें मतदान में 129 मतों के सापेक्ष 121 मतदाताओं ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें शाम चार बजे के बाद मतगणना शुरू हुई।मतगणना में अध्यक्ष पद पर कृष्ण मोहन तिवारी ने राकेश शुक्ला को दो मतों से हराकर विजई रहे। उपाध्यक्ष पद पर कौशल श्रीवास्तव ने अमरीक सिंह यादव को 14 मतों से हराकर विजई रहे तो मंत्री पद पर विवेक श्रीवास्तव ने शरद अवस्थी को 52 मतों से हराकर विजई घोषित किए गए। कोषाध्यक्ष के लिए निर्विरोध संत कुमार संयुक्त मंत्री पद पर दीपक तिवारी व गुड गवर्नेंस के लिए सुरेश भार्गव पहले चुनें जा चुके थे।शान्ति पूर्ण चुनाव के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामकुमार पाण्डेय,चुनाव अधिकारी अनिल अवस्थी व चुनाव अधिकारी जितेंद्र सिंह ने सभी जीते प्रत्याशियों को प्रणाम पत्र देकर नवीन कार्यकारिणी की शुभकामनाएं दी।

## गोला में हर वर्ष होगा 'शिव महोत्सव', 22 फरवरी को यादगार बनाने की विधायक अमन गिरि की पहल

▸ मतदाता सूची शुद्धिकरण पर जोर, नगर के प्रबुद्धजनों के साथ विधायक की अहम बैठक

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



विधायक अमन गिरि ने अपने आवास पर नगर के प्रमुख एवं प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक कर विकास और सामाजिक सहभागिता से जुड़े अहम विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में नगर के भविष्य को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए। बैठक के दौरान विधायक अमन गिरि ने कहा कि 22 फरवरी गोला विधानसभा के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। इसी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों से बाबा शिव मंदिर कॉरिडोर का शिलान्यास हुआ था, जिससे गोला नगर को एक नई पहचान मिली। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि इस गौरवपूर्ण दिन को यादगार बनाने के लिए हर वर्ष गोला शिव महोत्सव का आयोजन किया जाए, ताकि नगर को सजाया-संवारा जा सके और उसकी धार्मिक व सांस्कृतिक पहचान और मजबूत हो। नगर के वरिष्ठजनों और प्रतिष्ठित लोगों ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए इसे जनसहभागिता से भव्य रूप देने पर जोर दिया। सभी ने एकमत होकर इस महोत्सव को गोला की स्थायी पहचान बनाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही विधायक अमन गिरि ने एसआईआर फॉर्म के माध्यम से मतदाता पात्रता बढ़ाने और मतदाता सूची के शुद्धिकरण पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो, इसके लिए सतर्कता आवश्यक है। साथ ही स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं की सूचियों का गहन परीक्षण कर आवश्यक सुधार कराने के निर्देश दिए। विधायक ने कार्यकर्ताओं और नगर के वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे मतदाता सूची की जांच में सक्रिय भूमिका निभाएं और लोकतंत्र को मजबूत करने में सहयोग करें। बैठक में बड़ी संख्या में नगर के वरिष्ठ, प्रतिष्ठित नागरिक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बाइक सवार दो लोग अनियंत्रित होकर गिरे, गंभीर रूप से घायल

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आहार गांव के पास मंगलवार की दोपहर बाइक सवार दो लोग अनियंत्रित होकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुरवल गांव निवासी संपूर्णन पुत्र बदुवा उम्र 22 वर्ष, व तिंदवारी थाना क्षेत्र के परसौडा गांव निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र प्रेमचंद उम्र 28 वर्ष, यह दोनों एक ही बाइक में सवार होकर आज मंगलवार की दोपहर मुरवल गांव जा रहे थे, तभी आहार गांव के पास तेज रफ्तार बाइक होने की वजह से अनियंत्रित होकर फिसल कर गिर गई, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे समाजसेवी पीसी पटेल ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हाथ फैक्चर होने की वजह से जिला अस्पताल दोनों को रिफर कर दिया है।

## टीजीटी परीक्षा: कलेक्ट्रेट में डीएम-एसपी ने परीक्षा तैयारियों की कड़ी समीक्षा, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज की सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष/महिला) प्रारंभिक परीक्षा-2025 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। 17 जनवरी को प्रस्तावित परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी संकल्प शर्मा के साथ परीक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त और स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी एक अत्यंत संवेदनशील कार्य है, जिसमें किसी भी स्तर पर की गई छोटी से छोटी चूक भी अक्षम्य मानी जाएगी। डीएम ने स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों, सह केंद्रव्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा से पहले सभी व्यवस्थाओं की भलीभांति जांच कर लें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरा, अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, तथा सीटिंग प्लान के अनुरूप बैठाने जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

**दो पालियों में परीक्षा, हर अभ्यर्थी पर रहेगी नजर:** टीजीटी प्रारंभिक परीक्षा 17 जनवरी को दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 से 11 बजे और दूसरी पाली दोपहर 3 से 5 बजे तक चलेगी। जिले में कुल 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पहली पाली में 14 और दूसरी पाली में 11 केंद्रों पर परीक्षा होगी। पहली पाली में 5472 और दूसरी पाली में 4608 अभ्यर्थी शामिल होंगे। कुल 10,080 अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी, जिन पर प्रशासन की चौकस निगाह रहेगी।

**अधिकारियों को पढ़ाया 'परीक्षा का पाठ':** बैठक की शुरुआत में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और अनिल कुमार रस्तोगी ने परीक्षा की रूपरेखा, समय–सारणी और आयोग के निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने अफसरों को परीक्षा में उनके उत्तरदायित्व बताते हुए आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा। वहीं आयोग द्वारा नामित समन्वयी पर्यवेक्षक अजित कटियार ने परीक्षा से जुड़ी तकनीकी बारीकियां और प्रक्रिया संबंधी दिशा–निर्देश समझाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों के प्रश्नों का सटीक और सारगर्भित उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। बैठक में डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, सभी सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों से मार्ग निर्माण की मिली स्वीकृति



**नरैनी/बांदा।** क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के जरूरी मार्गों को बनवाने की वित्तीय स्वीकृति मिली । ग्रामीण क्षेत्र में रंज नदी पर बने दो महत्वपूर्ण पुलों के मरम्मत कार्य के लिए भी धन आवंटित हुआ है। विधायक ओम मणि वर्मा के सतत प्रयास से प्रदेश सरकार ने पांच संपर्क मार्ग और रेहुचि संपर्क मार्ग में स्थित रंज नदी में बने दीर्घ सेतु के मरम्मत का कार्य 77 लाख रुपए की लागत से होगा।इसी प्रकार शहबाजपुर पुकारी संपर्क मार्ग में रंज नदी पर बने पुल की मरम्मत 1 करोड़23लाख रुपये से कराया जाएगा।इसी अलावा महुई से दूधुवाँ पुरवा संपर्क मार्ग ग्राम पंचायत मोतियारी के मजरा राजपुर हेतु संपर्क मार्ग,गुढ़ा कला गांव के मजरा जजना बाबा पुरवा(जय नंद बाबा स्थान संपर्क मार्ग),गुढ़ा कला के मजरा लिलहा पुरवा संपर्क मार्ग और बांदा बिसंडा ओरण में भौंरी संपर्क मार्ग पर सकरी पुलिया के स्थान पर लघु सेतु के निर्माण की वित्तीय स्वीकृति मिली है।इस क्षेत्रों के लोगो जल्द ही आवागमन में होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

## शत्रुघ्न पहलवान बछेउरा ने छोटू पहलवान आगरा को चारों खाने किया चित

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



पैलानी तहसील अंतर्गत बंबिया के मजरा भड़ौली गांव में आयोजित एकदिवसीय विशाल दंगल में पहुंचे सब इंस्पेक्टर चिल्ला केशव सिंह व प्रेस ट्रस्ट के विस्तारक महेश द्विवेदी व सब इंस्पेक्टर चिल्ला मनोज शर्मा ने बजरंगबली हनुमान की पूजा अर्चना कर फीता काट कर दंगल का शुभारंभ कराया। दंगल में पहुंचे महंत कुरसेजा धाम परमेश्वर दास जी महाराज,सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के बेटे अनंत यश दुवेदी, थाना प्रभारी चिल्ला अनूप दुबे,जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह,भा ज पा नेता मंदीप तिवारी, प्रबंधक संजय सिंह पटेल,कमल भाई, अंकुश दीक्षित, प्रधान अरुण सिंह पटेल सैमरी, पूर्व प्रधान बंबिया बुद्धविलाश यादव, सिंघौली प्रधान अरुण शुक्ला का माल्यार्पण कर स्वागत किया। महंत परमेश्वर दास महाराज ने युवाओं से कहा कि नशा मुक्त होकर समाज का नव निर्माण करें आगे कहा कि बुंदेलखंड की धरा बांदा कुश्ती कला की खांन है, इसे जीवंत रखने की सतत् आवश्यकता है। अयोध्या के हनुमान गढी के पहलवान लक्ष्मणदास ने ग्वालियर मध्यप्रदेश के टाइगर पहलवान को चारों खाने चित कर दिया।महिला कुश्ती में अन्नू कानपुर ने नैना लखनऊ को कला जंग दांव लगाकर चारों खाने चित कर दिया।पिंटू मथुरा ने सुरेश फिरोजाबाद को निकाल दांव लगाकर चारों खाने चित कर दिया। शत्रुघ्न पहलवान बछेउरा ने छोटू पहलवान आगरा को चित किया। हरिद्वार के पहलवान स्टील बांडी ने कुलदीप हरियाणा को चित किया। अभिलाश पलरा ने भगवती सिंघौली को चारों खाने चित कर दिया। जनसेवक सोम शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से विशाल दंगल का शुभारंभ किया जा सका है, अतिथियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। रैफरी ननकाई पहलवान, कमेंटेटर रामू दीक्षित व शिवविलास पलरा रहे।

## दबंगों ने महिला के साथ की छेड़छाड़ पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली पीड़िता काजल ने अतर्रा थाना सहित उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि वह थाना क्षेत्र की एक मोहल्ले की रहने वाली है शाम को 6:30 बजे घर में अकेली थी तभी पड़ोसी सुमित पुत्र श्यामलाल राणा पीड़िता के घर आकर कहां की काजल तुम मुझे बहुत अच्छी लगती हो और तुम मेरा ख्याल नहीं रखती हो और पीड़िता को अश्लील कमेंट करने लगा पीड़िता ने मना किया तो सुमित और उसका भाई शनि भी आ गया और दोनों पीड़िता को मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारने दौड़े कई बार सुमित गलत कमेंट व बुरी नियत से पकड़ने का भी प्रयास किया है उक्त सुमित कई बार नंगा होकर दरवाजे पर प्रदर्शन भी करता है।जिसका वीडियो भी है। पीड़िता बहुत परेशान करता है उक्त लोग दबंग किस्म के व्यक्ति हैं कभी भी पीड़िता के साथ कोई भी बड़ी घटना जबरदस्ती कर सकते हैं। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर भी कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है बताया कि थाने में कई बार शिकायती पत्र दिया लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की पीड़िता की मांग है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई हो जिससे न्याय मिले। जब वही पूरे मामले की जानकारी थाना प्रभारी निरीक्षक अतर्रा से की गई तो उनके द्वारा बताया गया की गाली गलौज की घटना सामने आई है और जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### जी राम जी बिल से मजदूरों को त्वरित मिलेगी मजदूरी



**बांदा।** बुंदेलखंड एवं मध्य प्रदेश के भारतीय किसान यूनियन के महाशक्ति गुट के राष्ट्रीय महामंत्री बबलू सिंह तोमर ने केंद्र सरकार द्वारा जी राम जी बिल मजदूरों के हित में लागू करने से खुशी जाहिर करते हुए कहा कि केंद्र का 60: रुपया और राज्य सरकार का 40: रुपया आने से विकास में धार मिलेगी तथा जैसे ही मजदूरों के खातों मे 7 दिन के भीतर रुपए आने से मजदूरों मजदूरी का बिल भुगतान करने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी कांग्रेस की सरकार द्वारा मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों को 6–6 महीने बाद भुगतान मजदूरी का किया जाता था लेकिन इस बिल के आ जाने से अब मजदूर की मजदूरी उनके खातों पर तत्काल पहुंचेगी वहीं इस बिल को लेकर जब किसान यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस बिल से बुंदेलखंड के साथ–साथ पूरे हिंदुस्तान का समग्र विकास होगा जिससे गरीब मजदूरों की आय में वृद्धि होने के साथ–साथ परिवार को समुचित लाभ मिलेगा वहीं इस दौरान बृजेश सिंह प्रधान बेंदा , मर्का प्रधान मुलायम सिंह यादव , ग्राम प्रधान अमलोर भूपेंद्र सिंह उर्फ गोरे सिंह, ग्राम प्रधान अलोना, सुमित सविता, तिंदवारी प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, जिला प्रधान संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने जी राम जी बिल को लेकर केंद्र सरकार द्वारा मजदूरों के हित में किए गए सार्थक प्रयास को लेकर खुशी जाहिर किया है।

### ट्रक चालक के साथ मारपीट पर आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नरैनी/बांदा।** ट्रक चालक के साथ मारपीट और दबंगई दिखा दंगा करने पर छह लोगों के विरुद्ध थाने में अभियोग पंजीकृत किया गया। जनपद महोबा के खन्ना थाना निवासी ट्रक चालक शिवम् कुशवाहा पुत्र राजेंद्र ने गिरवा थाने में तहरीर दे बताया कि वह जरर गांव स्थित स्टोन क्रेशर में गिट्टी लोड करने के लिए ट्रक लेकर जा रहा था। पैगंबर पुर मोड के पास बिना किसी कारण लामबंद होकर आधा दर्जन लोग आ गए बाइक पर टक्कर होने की बात कह अचानक हमलावर हो गए। बताया कि जबकि बाइक में कोई टक्कर तक नहीं लगी। सभी आरोपी अकारण हल्ला मचाने लगे । चालक को ट्रक से खींचकर बाहर ले आए। इस दौरान मारपीट और गाली गलौच करने लगे। जिससे मारपीट में चालक को गंभीर चोटें आई। पीड़ित चालक शिवम् कुशवाहा गिरवा थाने पहुंच जहा पैगम्बर पुर निवासी दिनेश , नीरज, संगम राजपूत, बुद्धिविलास, शिवकुमार को नामजद कर तकरीबन 8 से 10लोग अज्ञात के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करवाया।

## चार अभियुक्त चोरी के समान के साथ गिरफ्तार

▸ पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



बांदा पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा वंचित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा कार्यवाही के क्रम में कमासिन थाना पुलिस के द्वारा घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 4 अभियुक्तों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है। बता दे कि कमासिन थाना क्षेत्र के महेड गांव में राधेश्याम पुत्र ननकू के घर में अज्ञात चोरों ने पिछले 24 व 25 दिसंबर की मध्य रात्रि ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके संबंध में तहरीर के आधार पर कमासिन थाने में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में कमासिन थाना पुलिस के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभिलेखों को पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर चार अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार पुत्र जवाहरलाल, सत्येंद्र कुमार पुत्र छेदीलाल,आशीष पुत्र मोहन, व आशीष पुत्र हरछठिया निवासी चारों गौरा लखनपुर थाना कमासिन को कमासिन राजापुर मार्ग से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अभियुक्त के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए गए करीब 4 लाख रुपए के कीमत के सोने चांदी के जेवरात व 14000 रुपए नगद बरामद किए गए हैं। जिसमें कार्यवाही करते हुए चारों अभियुक्तों के खिलाफ कमासिन थाने पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए चारों को सोमवार की देर शाम जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा, उप निरीक्षक राम आधार सिंह,उप निरीक्षक दीपक कुमार, सैनी, अनुराग सिंह हेड कांस्टेबल रामायण प्रसाद, कांस्टेबल अंकित यादव मौजूद रहे।